# हरिभूमि

छत्तीसगढ़, मध्यप्रदेश, हरियाणा व दिल्ली से एक साथ प्रकाशित

समाचार ही नहीं, विचार भी

haribhoomi.com | रायपुर, बुधवार 15 मई 2024


## फैक्ट फाइल

### ये है मामला

*छत्तीसगढ़ हाईकोर्ट बिलासपुर में एक रिट पिटीशन छत्तीसगढ़ दिव्यांगजन सेवा संघ एवं 14 अन्य लोगों ने दायर की है। इस पिटीशन में कहा गया है कि 18 शासकीय सेवक ऐसे हैं, जिनके विरुद्ध आरोप है कि वे गलत, फर्जी दिव्यांग प्रमाणपत्र के आधार पर शासकीय सेवा में कार्यरत हैं। संबंधितों के विभाग द्वारा दिव्यांगता की पुष्टि के लिए पुन: मेडिकल बोर्ड से जांच कराई जाए। इस संबंध में राज्य सरकार के सामान्य प्रशासन विभाग ने प्रदेश के सभी* ▶▶| शेष पेज 4 पर

# दिव्यांग बनकर नौकरी, सच जानने जांच का आदेश, पर कार्रवाई नहीं हुई, अब अफसर पर शिकंजा

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

खास खबर

छत्तीसगढ़ में दिव्यांगों के लिए आरक्षित पदों पर फर्जी प्रमाणपत्रों के जरिए नौकरी करने वालों पर तो सरकार की गाज गिरना तय है, लेकिन इससे पहले एक ऐसे अधिकारी के खिलाफ कार्रवाई का शिकंजा कसा गया है, जिसने फर्जी दिव्यांग प्रमाणपत्र पर नौकरी करने वालों की ही जांच नहीं करवाई। इस मामले में संचालक उद्यानिकी एवं प्रक्षेत्र वानिकी ने उप एवं सहायक संचालक उद्यान को नोटिस जारी किया है। फर्जी दिव्यांग प्रमाणपत्रों पर नौकरी के मामले की सबसे पहली खबर हरिभूमि ने पिछले साल 30 मई को प्रकाशित की थी। संचालक उद्यानिकी ने उप- सहायक संचालक उद्यान को एक नोटिस भेजकर कहा है कि विभाग में ग्रामीण उद्यान विस्तार अधिकारी के रूप में अलग-अलग जिलों में काम कर रहे नौ अधिकारियों के दिव्यांगता प्रमाणपत्र की जांच राज्य मेडिकल बोर्ड से करवाकर उनका प्रमाण पत्र भेजे। लेकिन संबंधित अधिकारी ने इस निर्देश का पालन नहीं किया है। इस मामले में संबंधित अधिकारी को 2 अप्रैल 2024 को पत्र भेजा गया था, लेकिन अब तक प्रमाण पत्र न मिलने पर नाराजगी जताते हुए अनुशासनात्मक कार्रवाई की चेतावनी दी गई है।

## हरिभूमि ने सबसे पहले दी थी ये खबर, उद्यानिकी विभाग का मामला

### हरिभूमि ने किया था खुलासा

हरिभूमि ने पिछले साल 30 मई को प्रकाशित खबर में बताया था कि छत्तीसगढ़ में अब तक सरकारी नौकरी पाने के लिए फर्जीवाड़ा करने वाले एससी, एसटी वगैरह के फर्जी प्रमाणपत्रों के आधार पर नौकरी पा लिया करते थे। ऐसे सैकड़ों मामले सरकार के मंत्रालय महानदी भवन की फाइलों में चल रहे हैं, लेकिन शायद ये पहली बार होगा, जब सरकारी नौकरी के लिए 18 लोग दिव्यांग बन बैठे हैं। इन लोगों के खिलाफ छत्तीसगढ़ दिव्यांगजन सेवा संघ तथा 14 अन्य ने बिलासपुर हाईकोर्ट में पिटीशन दायर किया है। अब सरकार इन सभी लोगों की मेडिकल बोर्ड से जांच करवाएगी।


नौकरी के लिए दिव्यांग बन गए लोग, डेढ़ दर्जन की जांच करेगा नया मेडिकल बोर्ड

### 2019 के बाद नियुक्त दिव्यांगों की जांच

खास बात ये है कि इस फर्जी दिव्यांग नौकरी घोटाले में ऐसे कर्मचारी संदेह के दायरे में आ रहे हैं, सामान्य प्रशासन विभाग ने कहा है कि 1 जनवरी 2019 के बाद नियुक्त हुए सभी शासकीय सेवक जो दिव्यांग प्रमाणपत्र के आधार पर शासकीय सेवा में कार्यरत हैं, के शारीरिक परीक्षण के बाद ▶▶| शेष पेज 4 पर

### जांच मेडिकल बोर्ड से कराने का था निर्देश

जिन ग्रामीण उद्यान विस्तार अधिकारियों की राज्य मेडिकल बोर्ड से जांच कराने का निर्देश दिया गया था, उनमें ये लोग शामिल हैं। राहुल पाटले गरियाबंद, श्रवण कुमार बिलासपुर, दिनेश कुमार चंद्रा सक्ती, चंद्रशेखर साहू सक्ती, अमन राठौर, बलौदाबाजार, जितेंद्र कुमार कोशल जगदलपुर, गौतम कुमार कश्यप गरियाबंद, पूजा पहारे मुंगेली, सतीश कुमार नवरंग मुंगेली।






### INDIAN PREMIER LEAGUE 2024 स्कोर बोर्ड

दिल्ली 208/6 Vs लखनऊ 189/9

19 रन से जीता दिल्ली

इशांत शर्मा प्लेयर ऑफ द मैच

आज का मैच

पंजाब Vs राजस्थान

समय : शाम 7.30 बजे से

## खबर संक्षेप

### लिट्टे पर प्रतिबंध की अवधि पांच साल बढ़ाई




**नई दिल्ली।** केंद्र सरकार ने लिबरेशन टाइगर्स ऑफ तमिल ईलम (लिट्टे) पर लगे प्रतिबंध को मंगलवार को पांच साल के लिए और बढ़ा दिया। यह संगठन लगातार लोगों के बीच अलगाववाद की प्रवृत्ति को बढ़ावा दे रहा है। केंद्रीय गृह मंत्रालय ने विधिविरुद्ध क्रियाकलाप अधिनियम, 1967 की धारा 3 की उपधाराओं (1) और (3) को लागू करते हुए प्रतिबंध लगाया था। गृह मंत्रालय ने एक अधिसूचना में कहा कि केंद्र सरकार की राय है कि लिट्टे अब भी ऐसी गतिविधियों में लिप्त है जो देश की सुरक्षा के लिए नुकसानदेह हैं।

### इंजीनियर से 3.7 करोड़ रुपए की ठगी




**ठाणे।** महाराष्ट्र के ठाणे में पुलिस ने छह लोगों के खिलाफ शेयर बाजार में बड़ा मुनाफा कमाने का झांसा देकर इंजीनियर से 3.7 करोड़ रुपये की ठगी करने के आरोप में मामला दर्ज किया है। एक निजी कम्पनी में कार्यरत, वाशी के रहने वाले 43 वर्षीय इंजीनियर ने 17 फरवरी 2024 को अपने सोशल मीडिया हैंडल पर शेयर में निवेश करने संबंधी लिंक देखा था।

### अनियंत्रित कार ने तीन युवकों को कुचला




**गोंडा।** उत्तर प्रदेश के गोंडा जिले में एक सड़क हादसे में दो सगे भाइयों समेत तीन युवकों की मौत हो गई। खानपुर निवासी दो भाई अभय सिंह (21) और आदर्श सिंह (19) सोमवार की रात किसी जरूरी काम से नवाबगंज गए हुए थे। रात में मोटरसाइकिल से घर लौटते समय वे अयोध्या-गोंडा राजमार्ग पर गांव परसापुर के पास अपने रिश्तेदार सूरज सिंह (22) निवासी तुलसीपुर माझा से मिलकर बात करने लगे।

## काशी नगरी से तीसरी बार लोकसभा चुनाव लड़ रहे प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी

# काल भैरव से आशीर्वाद के बाद नामांकन मोदी बोले- काशी से मेरा अनूठा रिश्ता

*प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने लोकसभा चुनाव के लिए वाराणसी से नामांकन भरा। पीएम मोदी ने गंगा नदी के किनारे दशाश्वमेध घाट पर मां गंगा की पूजा-अर्चना की फिर काशी के कोतवाल काल भैरव बाबा की आरती की। पीएम मोदी ने भाजपा शासित राज्यों के करीब आधा दर्जन मुख्यमंत्रियों, भाजपा अध्यक्ष, केंद्रीय मंत्रियों और एनडीए के प्रमुख नेताओं की मौजूदगी में अपना नामांकन पत्र दाखिल किया।*

एजेंसी ▶▶| वाराणसी

गंगा सप्तमी के मौके पर मां गंगा को नमन करने के उपरांत प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी काशी के कोतवाल काल भैरव के दर पर पहुंचे। वहां उनसे अनुमति-आशीर्वाद लेकर वह विभिन्न राजनीतिक दिग्गजों के साथ शक्ति प्रदर्शन करते हुए जिला अधिकारी कार्यालय पहुंचे, जहां उन्होंने अपना नामांकन पत्र दाखिल किया। प्रधानमंत्री ने सोमवार को काशी विश्वनाथ से एवं मंगलवार को काल भैरव से लोकसभा चुनाव में भाजपा की प्रचंड जीत के लिए आशीर्वाद भी मांगा। वाराणसी संसदीय सीट पर मोदी ने 2014 में पहली बार और 2019 में दूसरी बार जीत हासिल की थी।

सफेद कुर्ता-पायजामा और नीली सदरी पहने मोदी अपना नामांकन पत्र दाखिल करने के लिए वाराणसी जिलाधिकारी के कार्यालय (कलेक्ट्रेट) पहुंचे। जब मोदी ने पर्चा दाखिल किया तो उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ और प्रधानमंत्री के ▶▶| शेष पेज 4 पर

### मोदी ने 2014 में पहली बार, 2019 में दूसरी बार जीत दर्ज की






### दशाश्वमेध घाट पर पूजा-अर्चना

प्रधानमंत्री मोदी ने वाराणसी लोकसभा क्षेत्र से अपना नामांकन दाखिल करने से पहले यहां गंगा नदी के किनारे दशाश्वमेध घाट पर पूजा-अर्चना की। उन्होंने वैदिक मंत्रोच्चार के बीच गंगा घाट पर आरती भी की। गंगा सप्तमी के पावन अवसर पर प्रधानमंत्री ने सुबह सबसे पहले दशाश्वमेध घाट पर गंगा पूजन किया। काशी विश्वनाथ मंदिर न्यास के सदस्य के वेंकट रमन घनपाठी तथा तमिलनाडु, आंध्रप्रदेश एवं महाराष्ट्र के तीन पुजारियों ने गंगा पूजन कराया।

### काल भैरव मंदिर की फोटो साझा की

प्रधानमंत्री स्वामी विवेकानंद क्रूज पर सवार होकर दशाश्वमेध घाट से गंगा विहार करते हुए आदिकेशव घाट तक गए, फिर नमो घाट पर उतरे। नमो घाट से प्रधानमंत्री सीधे काशी के कोतवाल काल भैरव बाबा के दर्शन-पूजन व आरती करने पहुंचे। पीएम मोदी ने 'एक्स' पर काल भैरव मंदिर की एक फोटो भी साझा की। मोदी ने 'एक्स' पर काशी का एक खूबसूरत वीडियो भी साझा किया।

### भीड़ का किया अभिवादन

मोदी ने नामांकन पत्र दाखिल करने से पहले उनका स्वागत करने के लिए एकत्र भीड़ की ओर हाथ हिला कर अभिवादन किया। उन्होंने सोशल मीडिया मंच 'एक्स' पर एक पोस्ट में लिखा काशी के साथ मेरा रिश्ता अनूठा, अभिन्न और अतुलनीय है। मैं कह सकता हूं कि इसे शब्दों में व्यक्त नहीं किया जा सकता।"

### पीएम मोदी के प्रस्तावक

- **पंडित गणेश्वर शास्त्री** – इन्होंने ही अयोध्या में राम मंदिर के प्राण प्रतिष्ठा का शुभ मुहूर्त निकाला था।
- **बैजनाथ पटेल** – ये ओबीसी समाज से आते हैं और संघ के पुराने और समर्पित कार्यकर्ता रहे हैं
- **लालचंद कुशवाहा** – ये भी ओबीसी बिरादरी से हैं
- **संजय सोनकर** – ये दलित समाज से हैं

## आए थे चार नकाबपोश हमलावर

# चलती बुलेट से खींचकर गिराया फिर दागे बुलेट!




हरिभूमि न्यूज ▶▶| नारायणपुर

हरिभूमि फॉलोअप

नारायणपुर के इतिहास में पहली बार शार्प शूटरों का इस्तेमाल कर हत्या की वारदात को अंजाम दिया गया है। कांग्रेसी नेता एवं नारायणपुर परिवहन संघ के सचिव विक्रम बैस की हत्या करने के लिए एक बाइक में सवार होकर चार हमलावर आए थे। नकाबपोश हमलावरों द्वारा काफी एक्सरसाइज करने के बाद घटना को अंजाम देने की बात पुलिस के अधिकारियों के द्वारा कही ▶▶| शेष पेज 4 पर

### ट्रांसपोर्टर के साथ बढ़ गया था विवाद

माल ढुलाई को लेकर ट्रांसपोर्टर और परिवहन संघ के साथ पिछले कई दिनों से विवाद बढ़ गया है। ट्रांसपोर्टर के द्वारा अपनी ट्रकों को पहले धुलाई में लगाया जा रहा था, जिससे स्थानीय परिवहन संघ के सदस्यों की ट्रक खड़ी हो रही थी। इस बात को लेकर ट्रांसपोर्टर और परिवहन संघ के सदस्यों के बीच पिछले कई दिनों से विवाद चल रहा था। 10 दिन पहले से ट्रांसपोर्टर की ट्रकों को नारायणपुर के प्रवेश द्वार पर ही रोक लिया जा रहा था और फिर नारायणपुर के ट्रकों की धुलाई के बाद ▶▶| शेष पेज 4 पर

### टीम बनाकर घटना की कर रहे जांच: एसपी

घटना के बाद रात में ऑन स्पॉट पहुंचे एसपी प्रभात कुमार ने बताया कि पुलिस सुरक्षा व्यवस्था को लेकर गंभीर है। हत्या में शामिल लोगों की धरपकड़ के लिए विशेष टीम बनाई गई है। नारायणपुर को जोड़ने वाली सभी मुख्य मार्गों में नाकेबंदी की गई है। पुलिस को जो सबूत मिल रहे हैं, उससे जल्द ही सभी आरोपी पकड़े जाएंगे।

## इस साल 180 नक्सली गिरफ्तार

# 30 नक्सलियों का आत्मसमर्पण इनमें 39 लाख के नौ ईनामी



हरिभूमि न्यूज ▶▶| बीजापुर

नक्सल विचारधारा से क्षुब्ध और सरकार की आत्मसमर्पण तथा पुनर्वास नीति से प्रभावित होकर 39 लाख इनाम के 9 नक्सलियों समेत 30 नक्सलियों ने मंगलवार को पुलिस के आला अफसरों के समक्ष आत्मसमर्पण किया है। वर्ष 2024 में अब तक 76 नक्सलियों ने आत्मसमर्पण किया है। वहीं 180 नक्सलियों को पुलिस ने गिरफ्तार किया हैं।

- वर्ष 2024 में अब तक 76 नक्सलियों ने आत्मसमर्पण किया

पुलिस के मुताबिक जिले में चलाए जा रहे नक्सल उन्मूलन अभियान के दौरान डीआरजी, बस्तर फाइटर, एसटीएफ, सीआरपीएफ व कोबरा द्वारा किये जा रहे संयुक्त प्रयासों व छग शासन की पुनर्वास व आत्म समर्पण नीति से प्रभावित होकर मिलिट्री कंपनी नंबर 2 पीपीसीएम 8 लाख की इनामी नक्सली मिटकी ककेम उर्फ सरिता पिता सन्नू (35), प्लाटून नम्बर 32 पीपीसीएम 8 लाख की इनामी नक्सली मुरी मुहंदा उर्फ सुखमति ▶▶| शेष पेज 4 पर

### नक्सलियों द्वारा बंदूक छोड़ना हर्ष का विषय : साय



*रायपुर। प्रदेश की विष्णु सरकार द्वारा लाई गई आत्मसमर्पण नीति से प्रभावित होकर लगातार नक्सली बंदूक छोड़कर समाज की मुख्य धारा में लौट रहे हैं। बीजापुर जिले में 30 नक्सलियों द्वारा आत्मसमर्पण किए जाने पर मुख्यमंत्री विष्णु देव साय ने खुशी जताई है। उन्होंने आत्मसमर्पण करने वाले नक्सलियों के पुनरुत्थान के लिए कार्य करने की बात कही है। अपने सोशल* ▶▶| शेष पेज 4 पर

### 25-25 हजार की प्रोत्साहन राशि प्रदान की

आत्मसमर्पित 9 नक्सली 39 लाख के इनामी है। आत्मसमर्पण करने पर उन्हें उत्साहवर्धन और आत्म समर्पण व पुनर्वास नीति के तहत 25-25 हजार रुपए नगद प्रोत्साहन राशि प्रदान की गई।

*सब्जी उत्पादक किसान ने कीटनाशक का सेवन कर आत्महत्या कर ली*

# असमय बारिश से परेशान, फसल बर्बाद, किसान ने कर ली खुदकुशी

हरिभूमि न्युज ▶▶| धमतरी

असमय बारिश के कारण सब्जी की फसल बर्बाद हो जाने से दुखी एक सब्जी उत्पादक किसान ने कीटनाशक का सेवन कर आत्महत्या कर ली है। मृतक के पुत्र कमलेश पटेल द्वारा अस्पताल चौकी पुलिस को दिए बयान के अनुसार अर्जुनी थाना क्षेत्र के ग्राम झिरिया निवासी ओमप्रकाश पटेल पिता



बिसहतराम (69) खेती बाड़ी का काम करता था। ओमप्रकाश ने इस बार अपनी बाड़ी की 40 डिसमिल जमीन में भिण्डी की फसल लगाई थी। बीते दिनों हुई असमय बारिश से भिण्डी की फसल खराब ▶▶| शेष पेज 4 पर

### कीटनाशक का किया था सेवन

8 मई की शाम 7 बजे कमलेश को अपने पिता के मुंह से कीटनाशक दवाई की दुर्गन्ध आई। पूछने पर ओमप्रकाश ने जहर सेवन कर लेने की बात कही। परिजनों ने वृद्ध को तत्काल उपचार के लिए मसीही अस्पताल में भर्ती ▶▶| शेष पेज 4 पर

*राजस्थान में बड़ा हादसा, 1875 फीट गहराई में फंसे*

# लिफ्ट की चेन टूटी, खदान में फंसे एचसीएल के 14 अफसर

एजेंसी ▶▶| जयपुर

राजस्थान के नीमकाथाना जिले में हिंदुस्तान कॉपर लिमिटेड की खदान में मंगलवार रात को कर्मियों की आवाजाही के लिए इस्तेमाल की जाने वाली लिफ्ट की चेन टूटने से सतर्कता टीम और हिंदुस्तान कॉपर लिमिटेड के करीब 14 अधिकारी खदान में फंस गए। अधिकारियों को सुरक्षित निकालने के लिए




बचाव अभियान शुरू हो गया है और चिकित्सा दलों तथा स्थानीय अस्पताल को सतर्क कर दिया गया है। इस घटना की सूचना मिलने पर स्थानीय खेतड़ी विधायक धर्मपाल गुर्जर मौके पर पहुंचे और अधिकारियों से बात की।

### कैसे हुआ हादसा?

पुलिस के अनुसार यह घटना उस समय हुई जब सतर्कता टीम और हिंदुस्तान कॉपर लिमिटेड के वरिष्ठ अधिकारी कोलिहान खदान से ऊपर आने वाले थे। उसी दौरान कर्मियों को खदान से ऊपर लाने के लिये उपयोग में आने वाली लिफ्ट की चेन टूटने के कारण लगभग 14 लोग 1875 फीट की गहराई में फंस गए।







*शहजादे... शहंशाह... मंगलसूत्र... आरक्षण झूठ की मशीन...। कुछ इस तरह के विशेषणों के इर्द-गिर्द चुनाव सिमटता जा रहा है। पहले चरण में जहां पार्टियों ने अपने घोषणापत्रों के जरिये जनता के मुद्दे उठाए, वहीं चुनावी रथ के चौथे चरण में पहुंचते ही जुबानी जंग शबाब पर पहुंच गई। इन सबके बीच जनता के मुद्दे दरकिनार हो गए हैं।*

## पहले जोर-शोर से उठे कई मुद्दे फिर जुबानी जंग पर बढ़ा जोर

# मुद्दे दरकिनार...शहजादे-शहंशाह और आरक्षण पर रार

हरिभूमि न्यूज ▶▶| नई दिल्ली

सीएम योगी आदित्यनाथ ने सपा-कांग्रेस पर आतंकियों-माफिया का महिमामंडन करने का आरोप लगाया, तो पूर्व सीएम अखिलेश यादव अपनी सभाओं में भाजपा पर आरक्षण में बदलाव करने का आरोप लगा रहे हैं। चुनाव प्रचार के शुरुआती दिनों में जनसुविधाओं, इंफ्रास्ट्रक्चर, बेरोजगारी, कल्याणकारी योजनाओं, महिलाओं, किसानों व युवाओं की तरक्की के सवाल सबने अपने-अपने ढंग से प्रमुखता से उठाए। मुफ्त इलाज से लेकर आटा-डाटा फ्री जैसे वादे भी सामन आए। पर, आहिस्ता-आहिस्ता इन मुद्दों का स्थान जुबानी जंग ने ले लिया।

**विरासत कर का भी रहा शोर**

*ओवरसीज कांग्रेस के अध्यक्ष सैम पित्रोदा ने संसाधनों के समान वितरण के लिए विरासत कर जैसी नीतियों की पैरोकारी की। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने इसे तत्काल मध्य वर्ग का बड़ा मुद्दा बनाते हुए महिलाओं के मंगलसूत्र छिनने और चार कमरे के फ्लैट में से दो कमरे लेकर दूसरे को दिए जाने से जोड़ दिया। दूसरे चरण का मतदान होने तक भाजपा और विपक्षी दलों के नेताओं के बीच इसे लेकर जमकर तकरार हुई। पलटवार करते हुए कांग्रेस महासचिव प्रियंका गांधी ने राजीव गांधी के शहीद होने का हवाला देते हुए यहां तक कहा कि उनकी मां सोनिया गांधी ने देश के लिए अपने मंगलसूत्र का बलिदान कर दिया।*



**जुबानी जंग का आलम**

*जुबानी जंग को आगे बढ़ाते हुए सपा अध्यक्ष अखिलेश यादव ने यहां तक कह दिया कि 'सिंगल' होने की वजह से योगी-मोदी का मंगलसूत्र के क्या लेना-देना। असल मुद्दों के बजाय डीप फेक वीडियो के प्रचार-प्रसार ने भी नेताओं को असहज करना शुरू कर दिया। अमित शाह का फेक वीडियो चलने पर तेलंगाना के सीएम रेवंत रेड्डी समेत कई नेताओं को दिल्ली पुलिस ने तलब किया, तो आरएसएस प्रमुख मोहन भागवत को भी यह सफाई देनी पड़ी कि आरएसएस आरक्षण के विरोध में नहीं है।*

**मुगल भी आए चुनाव में**

*भाजपा ने आंध्रप्रदेश और कर्नाटक में ओबीसी कोटे से मुसलमानों को आरक्षण दिए जाने का हवाला देते हुए कांग्रेस को एससी, एसटी और ओबीसी आरक्षण का विरोधी करार दिया। पीएम मोदी ने राहुल गांधी पर निशाना साधते हुए कहा कि कांग्रेस ने चुनाव जीतने के लिए पीएफआई की मदद की। शहजादे ने राजा- महाराजाओं का अपमान किया। वायनाड जीतने को कांग्रेस ने पीएफआई की मदद ली।*

### आरोप-प्रत्यारोप का दौर

कांग्रेस राजा-महाराजाओं का अपमान करती है। मुगलों को शहजादे गाली नहीं देते। इस पर पीएम मोदी को महलों में रहने वाला शहंशाह बताते हुए प्रियंका गांधी ने उन पर हमला बोला। मोदी को बकवास करने वाला तक करार दे डाला। वहीं मोदी पाकिस्तान को बीच में लाकर यहां तक कह रहे है कि वह राहुल गांधी को भारत का अगला प्रधानमंत्री बनाना चाहता है।

#### मुंह न खुलवाने तक की धमकी

एआईएमआईएम प्रमुख असदुद्दीन ओवैसी भी जुबानी जंग में पीछे नहीं रहे। उन्होंने भी कह दिया कि 'मेरा मुंह न खुलवाएं अगर तुम्हारे मुंह में जुबान है, तो मेरा भी है। पीएम मोदी मुसलमानों को घुसपैठिया कहते हैं। जुबानी जंग में कांग्रेस नेता राहुल गांधी, पीएम नरेंद्र मोदी को झूठ की मशीन तक कह चुके हैं।

## सोशल मीडिया

### राहुल बाबा, डरना है तो आप डरो, हम नहीं डरने वाले



गृहमंत्री अमित शाह ने मणिशंकर अय्यर के बयान पर निशाना साधते हुए कहा, कांग्रेस कहती हैं कि पीओके की बात मत करो, क्योंकि पाकिस्तान के पास एटम बम है। पाकिस्तान को सम्मान दो, पीओके मत मांगो। राहुल बाबा, डरना है तो आप डरो, हम नहीं डरने वाले, क्योंकि हम बीजेपी वाले हैं। नरेंद्र मोदी हमारे नेता हैं, पीओके हमारा है और हमारा ही रहेगा। शाह ने कहा, 'राहुल बाबा, शरद पवार, उद्धव ठाकरे को प्राण प्रतिष्ठा के लिए निमंत्रण मिला, लेकिन वे वहां नहीं गए क्योंकि उन्हें 'भिंडी बाजार' के अपने वोट बैंक का डर है।

### 'अदाणी, अंबानी' को गिरफ्तार करके दिखाएं पीएम मोदी



कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खड़गे ने प्रधानमंत्री मोदी पर निशाना साधा और कहा कि यदि साहस है तो वह 'अदाणी और अंबानी' को गिरफ्तार करके दिखाएं। दरअसल प्रधानमंत्री ने हाल में आरोप लगाया था कि कांग्रेस को उनके नेता राहुल गांधी द्वारा 'अपशब्द' बोलने से रोकने के लिए दोनों उद्योगपतियों से 'टैम्पो भर कर नकदी' हासिल हुई। इसी पर खड़गे ने कहा, 'आपने हेमंत सोरेन को गिरफ्तार किया, आप अडाणी और अंबानी को क्यों गिरफ्तार नहीं कर रहे हैं। असल में चुनावी बॉण्ड के जरिए भाजपा को बहुत चंदा मिला है।

## '380 में 270 सीट लेकर बहुमत प्राप्त कर चुके हैं पीएम मोदी'

**कोलकाता।** केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह ने पश्चिम बंगाल के बनगांव में एक जनसभा के दौरान एक बड़ा दावा किया। उन्होंने कहा कि चार चरण के मतदान पूरे हो गए हैं। 380 सीटों का चुनाव पूरा हो गया है। बंगाल में 18 सीटों का चुनाव पूरा हो गया है। आज मैं बता कर जाता हूं कि 380 में से पीएम मोदी 270 सीट लेकर पूर्ण बहुमत प्राप्त कर चुके हैं। आगे की लड़ाई 400 पार करने की है। उन्होंने कहा कि ममता बनर्जी झूठ बोल रही हैं कि सीएए के तहत नागरिकता के लिए जो भी अर्जी करेगा, उसे तकलीफ आएगी। मतुआ समाज के लोगों को मैं आश्वस्त करने आया हूं कि किसी को कोई तकलीफ नहीं आएगी। नागरिकता भी मिलेगी और देश में सम्मान के साथ जी भी पाओगे। दुनिया की कोई ताकत मेरे शरणार्थी भाइयों को भारत का नागरिक बनने से रोक नहीं सकती, ये श्री नरेन्द्र मोदी जी का वादा है।

■ **चार चरणों के चुनाव पर अमित शाह का दावा**

## 'नहीं कोई लहर, बल्कि भाषा में सिर्फ जहर'



**नई दिल्ली।** कांग्रेस महासचिव जयराम रमेश ने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी पर उनकी भाषा को लेकर हमला बोला है और कहा है कि वह सिर्फ हिन्दू-मुसलमान करते हैं और देश में विभाजनकारी ताकतों को बल देते हैं। रमेश ने कहा कि मौजूदा चुनावों में मोदी नाम की कोई लहर नहीं है बल्कि उनकी भाषा में सिर्फ जहर है। कांग्रेस के वरिष्ठ नेता और पूर्व केंद्रीय मंत्री ने कहा कि मोदी कन्फ्यूज हैं। वह अपने भाषणों में कभी हिन्दू-मुस्लिम, तो कभी मुस्लिम लीग और मंगल सूत्र की बात करते हैं, जबकि कांग्रेस किसानों, युवाओं, मजदूरों, महिलाओं और पिछड़े वर्ग के लोगों के लिए पंच न्याय की बात करती है। रमेश ने कहा कि उनकी पार्टी और उनके गठबंधन के सहयोगी दल मौजूदा चुनाव देश में संविधान को बचाने के लिए लड़ रहे हैं। उन्होंने यह भी कहा कि मौजूदा भाजपा सरकार के खिलाफ किसानों, युवाओं, मजदूरों, महिलाओं और पिछड़े वर्गों में व्यापक असंतोष है।

■ **पीएम मोदी पर भड़के कांग्रेस महासचिव जयराम रमेश**

## भाजपा सांसद जयंत सिन्हा के बेटे आशीर ने थामा 'हाथ'

**हजारीबाग।** हजारीबाग से बीजेपी के सांसद जयंत सिन्हा के बेटे आशीर सिन्हा झारखंड में कांग्रेस में शामिल हो गए। कांग्रेस प्रवक्ता राकेश सिन्हा ने मीडिया से बातचीत में बताया कि जयंत सिन्हा के बेटे आशिर सिन्हा झारखंड कांग्रेस का हिस्सा होंगे और उन्हें कुछ भूमिका दी जाएगी। हालांकि ये अभी तय नहीं हुआ है। उधर बीजेपी प्रवक्ता विनय कुमार ने कहा है कि हजारीबाग से अगर कोई कांग्रेस में शामिल हुआ है तो ये हमारे लिए कोई समस्या की बात नहीं है। बता दें, 2 मार्च को टिकट के ऐलान से ठीक पहले जयंत सिन्हा ने चुनाव नहीं लड़ने का ऐलान कर दिया था। जयंत के पिता व आशीर के दादा यशवंत सिन्हा एनडीए की सरकार में मंत्री रह चुके हैं। उन्होंने पिछली बार राष्ट्रपति का चुनाव भी लड़ा था। उन्होंने 2018 में ही बीजेपी छोड़ दी थी। झारखंड में हजारीबाग लोकसभा सीट पर 20 मई को मतदान होना है। रिपोर्ट के मुताबिक, साल 1998 के बाद ऐसा यह पहली बार है कि पूर्व केंद्रीय मंत्री यशवंत सिन्हा के परिवार का कोई सदस्य हजारीबाग से चुनाव नहीं लड़ रहा है।



**आगामी चरण में कुल 695 उम्मीदवार हैं चुनाव मैदान में**

# पांचवें चरण में 159 दागी, 227 करोड़पति सबसे अमीर उम्मीदवारों में पीयूष गोयल

हरिभूमि न्यूज ▶▶| नई दिल्ली

देश में इस वक्त चुनाव की सरगर्मी है। 19 अप्रैल से लेकर 1 जून तक सात चरणों में लोकसभा के चुनाव हो रहे हैं। चार चरणों के लिए मतदान हो चुका है। पांचवें चरण के नामांकन की प्रक्रिया पूरी कर ली गई है। इस बीच, एसोसिएशन फॉर डेमोक्रेटिक रिफॉर्म्स (एडीआर) ने पांचवें चरण में चुनाव लड़ रहे उम्मीदवारों के हलफनामों का विश्लेषण किया है। इस चरण में कुल 695 उम्मीदवार चुनाव मैदान में हैं जिनके शपथपत्रों का विश्लेषण किया गया है। एडीआर ने सोमवार को जारी किए एक विश्लेषण में बताया है कि पहले चरण में 695 उम्मीदवारों से 159 पर आपराधिक मामले दर्ज हैं। वहीं 227 उम्मीदवार करोड़पति हैं।

### उम्मीदवारों की आपराधिक पृष्ठभूमि

695 में से 159 (23 प्रतिशत) उम्मीदवारों ने अपने ऊपर आपराधिक मामले घोषित किए हैं। 122 (16 प्रतिशत) उम्मीदवारों ने अपने ऊपर गंभीर आपराधिक मामले घोषित किए हैं। तीन उम्मीदवारों ने अपने ऊपर दोषसिद्ध मामले घोषित किए हैं। चार उम्मीदवारों ने अपने ऊपर हत्या (आईपीसी-302) से जबकि 28 उम्मीदवारों ने अपने खिलाफ हत्या के प्रयास (आईपीसी-307) से जुड़े मामले घोषित किए हैं। महिलाओं के ऊपर अत्याचार से जुड़े मामले घोषित करने वाले उम्मीदवार 29 हैं। इन 29 में से एक उम्मीदवार के ऊपर दुष्कर्म (आईपीसी-376) से जुड़ा मामला दर्ज है। इसके अलावा, भड़काऊ भाषण से जुड़े मामले घोषित करने वाले कुल 10 उम्मीदवार हैं।



### सबसे अमीर प्रत्याशी

पांचवें चरण में सबसे ज्यादा संपत्ति घोषित करने वाले उम्मीदवार अनुराग शर्मा हैं। उत्तर प्रदेश के झांसी से भाजपा प्रत्याशी ने कुल 212 करोड़ की संपत्ति घोषित की है। इस मामले में दूसरे स्थान पर निर्दलीय नीलेश भगवान सांभरे हैं। महाराष्ट्र की भिवंडी सीट से चुनाव लड़ रहे सांभरे ने अपने हलफनामे में 116 करोड़ की दौलत बताई है। तीसरे सबसे धनी प्रत्याशी केंद्रीय मंत्री और भाजपा प्रत्याशी पीयूष गोयल हैं। महाराष्ट्र की मुंबई उत्तर सीट से चुनाव लड़ रहे गोयल की संपत्ति 110 करोड़ की है। उधर एक उम्मीदवारों ने अपनी संपत्ति शून्य घोषित की है। वहीं तीन उम्मीदवारों ने अपनी संपत्ति क्रमश 67 रुपये, 700 रुपये और 5427 रुपये बताई है।

#### 42% उम्मीदवारों की पढ़ाई 5वीं और 12वीं के बीच

तमाम उम्मीदवारों की शैक्षिक योग्यता की बात करें तो 293 (42 प्रतिशत) उम्मीदवार 5वीं और 12वीं के बीच पढ़ाई किए हुए हैं। 349 (50 प्रतिशत) उम्मीदवारों ने अपनी शैक्षिक योग्यता स्नातक और इससे ज्यादा बताई है। 26 उम्मीदवार डिप्लोमा धारक हैं। 20 उम्मीदवार साक्षर जबकि पांच उम्मीदवार असाक्षर भी हैं। उम्मीदवारों की आयु के आंकड़े देखें तो 207 (30 प्रतिशत) उम्मीदवार 25 से 40 वर्ष के बीच के हैं। 384 (55 प्रतिशत) प्रत्याशी 41 से 60 वर्ष के बीच हैं। 103 (15 प्रतिशत) उम्मीदवारों की आयु 61 से 80 वर्ष है। एक प्रत्याशी ने अपनी आयु 82 वर्ष बताई है। पांचवें चरण के चुनाव में महिला प्रतिनिधित्व देखें तो इसमें 695 में से 82 यानी महज 12 प्रतिशत महिला उम्मीदवार हैं।

### ये हैं दलवार आंकड़े

पांचवें चरण में सपा के सभी 10 में से पांच उम्मीदवारों के खिलाफ आपराधिक मामले हैं वहीं, शिवसेना के छह में से तीन, एआईएमआईएम के चार में से दो, भाजपा के 40 में से 19, कांग्रेस के 18 में से आठ, टीएमसी के सात में से तीन, शिवसेना (यूबीटी) के आठ में से तीन और राजद के पांच में से एक उम्मीदवार के खिलाफ आपराधिक मामले दर्ज हैं।

| पार्टी | कुल उम्मीदवार | गंभीर आपराधिक मामले वाले उम्मीदवार |
|---|---|---|
| भाजपा | 40 | 12 |
| कांग्रेस | 18 | 7 |
| सपा | 10 | 4 |
| शिवसेना (यूबीटी) | 8 | 1 |
| टीएमसी | 7 | 2 |
| शिवसेना | 6 | 2 |
| एआईएम-आईएम | 4 | 2 |
| राजद | 4 | 1 |

### उम्मीदवारों की संपत्ति का लेखा-जोखा

695 में से 33 प्रतिशत यानी 227 उम्मीदवार करोड़पति हैं। सबसे ज्यादा भाजपा के 36 उम्मीदवार करोड़पति हैं। एआईएमआईएम के चार में से दो उम्मीदवार करोड़पति हैं। चुनावी हलफनामों में इन प्रत्याशियों ने एक करोड़ से ज्यादा की संपत्ति घोषित की है। लोकसभा चुनाव 2024 के पांचवें चरण में हर उम्मीदवार के पास औसतन 3.56 करोड़ की संपत्ति है। दलवार आंकड़ों पर गौर करें तो एनसीपी (शरद गुट) के दो उम्मीदवारों की सबसे ज्यादा औसतन संपत्ति 54.64 करोड़ की संपत्ति है।

| संपत्ति (रुपए में) | उम्मीदवार |
|---|---|
| 5 करोड़ और उससे अधिक | 86 |
| 2 करोड़ से 5 करोड़ | 73 |
| 50 लाख से 2 करोड़ | 162 |
| 10 लाख से 50 लाख | 175 |
| 10 लाख से कम | 199 |

**झांसी की रैली में बोले राहुल गांधी**

# 'संविधान को बचाने के लिए हो रहा है ये चुनाव'

एजेंसी ▶▶| झांसी

इंडिया गठबंधन के प्रत्याशी के समर्थन में राहुल गांधी और अखिलेश यादव झांसी पहुंचे। उन्होंने इंडिया गठबंधन के प्रत्याशी के समर्थन में जनसभा की। अपने संबोधन में कहा कि पहली बार यह इलेक्शन संविधान को बचाने के लिए हो रहा है। इस दौरान मंच पर सपा के अध्यक्ष अखिलेश यादव भी मौजूद थे। राहुल गांधी ने अपने संबोधन में लोगों से आगे कहा कि जो भी लोगों को मिला है, गरीबों को, मजदूरों, किसानों, पिछड़ो, दलितों, आदिवासियों को वो इस संविधान ने आपको दिया है। इस संविधान के बिना हिन्दुस्तान के गरीब लोग कही के नहीं रहेंगे। जिस दिन संविधान चला गया। उस दिन आपका जमींन का हक़ गया। आरक्षण गया, पब्लिक सेक्टर, सारा का सारा चला जाएगा। गांधी ने आगे कहा कि स्मार्ट सिटी के नाम पर झांसी में छाता लटका दिए गए हैं। ऐसे स्मार्ट सिटी बनती है तो इंडिया गठबंधन तो हर सिटी में छाता लटका देगा।



#### अग्निवीर योजना को फाड़कर फेंक देंगे

राहुल ने कहा कि अग्निवीर योजना को हम फाड़कर कचरे में फेंक देंगे, हम शहीदों के साथ भेदभाव नहीं होने देंगे। राहुल गांधी ने कहा कि मुफ्त अनाज योजना कांग्रेस की सरकार लेकर आई थी। हमारी सरकार बनने पर हम इसके तहत और अधिक, अच्छी क्वालिटी का राशन देंगे। राहुल ने लोगो से कहा कि गरीबों, किसानों, कमजोर लोगों की सरकार बननी चाहिए, अंबानी-अदाणी की सरकार हटाई जानी चाहिए।

**गिरिडीह में बोले पीएम मोदी**

# 'मुझे गरीबों का दर्द पता है, वंचितों को वरीयता मोदी का मंत्र है'

एजेंसी ▶▶| गिरिडीह

लोकसभा चुनाव के पांचवें चरण से पहले प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने झारखंड के गिरिडीह के पेशम मैदान में चुनावी सभा को संबोधित करते हुए कहा कि मैं गरीब घर का बेटा हूं, मैं चाय बेचकर यहां तक पहुंचा हूं। मुझे गरीबों का दर्द पता है, मैंने गरीबी देखी है।

मुझे माताओं और बहनों की चिंता है। वंचितों को वरीयता मोदी का मंत्र है। मोदी ने लोगों के घरों एक अंधेरे को दूर किया। गरीबों के इलाके के लिए 5 लाख के मुफ्त इलाज की व्यवस्था की गयी। आपके इलाज में कोई खर्च नहीं होगा। आज देश में 80 करोड़ लोगों को मुफ्त राशन मिला है। तीसरे बार आऊँगा तब भी मुफ्त राशन मिलेगा।



#### नक्सलवाद का खात्मा करना मोदी की गारंटी

मोदी ने आगे कहा, झारखंड में अब नक्सलवाद का दायरा सिकुड़ गया है। बीजेपी ने नक्सली हिंसा पर लगाम लगाया है। नक्सलवाद का खत्मा करना मोदी की गारंटी है। पीएम मोदी ने कहा कि मुझे चुनौतियों को टालना नहीं, बल्कि उनसे टकराना आता है। मोदी के काम की दिशा सही है। कांग्रेस और आरजेडी के लोग मेरे काम से बौखलाए हुए हैं। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने कहा कि दोस्तों कुछ दिन पहले ही यही एक नेता ने मुझे गोली मारने की बात कही थी। कुछ लोग मुझे गोली मारना चाहते हैं। लेकिन, मुझे गोली मारने वालों के सपने पूरे नहीं होंगे। सभा में उमड़ी भीड़ मेरी सुरक्षा कवच है। मोदी की गारंटी है झारखंड खून-खराबा से मुक्त होगा।

## सिरसा सीट से 15 साल में कोई दोबारा नहीं जा पाया संसद

# कुमारी सैलजा और तंवर के बीच है जबरदस्त मुकाबला

एजेंसी ▶▶| नई दिल्ली

हरियाणा में भले ही बीजेपी ने 2019 में सभी 10 लोकसभा सीटें जीती हों, 2014 और 2019 में राज्य में सरकार बनाई हो लेकिन राज्य की एक लोकसभा सीट ऐसी है, जहां पर वह सिर्फ एक बार चुनाव जीत सकी है। यह सीट है सिरसा, जहां बीजेपी को (2019 में) ही जीत मिली थी। यह सीट कांग्रेस का गढ़ रही है और यहां से कांग्रेस नौ बार जीत चुकी है। 1991 से 2014 तक तो कांग्रेस लगातार यहां से चुनाव जीती लेकिन 2014 में इनेलो के उम्मीदवार चरणजीत सिंह रोड़ी जबकि 2019 में बीजेपी की उम्मीदवार सुनीता दुग्गल को सिरसा से जीत मिली थी। सिरसा सीट पर चुनावी मुकाबला इसलिए भी रोचक है क्योंकि यहां कांग्रेस के दो पूर्व प्रदेश अध्यक्ष आमने-सामने हैं। कुमारी सैलजा कांग्रेस के टिकट पर चुनाव लड़ रही हैं तो अशोक तंवर बीजेपी का टिकट लेकर चुनाव मैदान में हैं।

### आजादी के बाद से केवल एक बार जीती है बीजेपी यह सीट



#### कई दलों को छोड़कर बीजेपी में आए तंवर

अशोक तंवर सिरसा से 2009 में कांग्रेस के टिकट पर सांसद चुने गए थे। 2014 और 2019 के लोकसभा चुनाव में तंवर चुनाव हार गए थे। 2019 के हरियाणा विधानसभा चुनाव के बाद उन्होंने कांग्रेस छोड़ दी थी। कुछ वक्त वह तृणमूल कांग्रेस और फिर आम आदमी पार्टी में भी रहे। कुछ महीने पहले ही अशोक तंवर आम आदमी पार्टी छोड़कर बीजेपी में शामिल हो गए थे।

#### 26 साल बाद सिरसा लौटी हैं सैलजा

कुमारी सैलजा खुद 1991 और 1996 में इस सीट से लोकसभा चुनाव जीत चुकी हैं लेकिन 1998 में वह डॉक्टर सुशील इंदौरा से चुनाव हार गई थीं। इसके बाद उन्होंने अंबाला सीट का रुख कर लिया था। अब 26 साल बाद उन्होंने एक बार फिर सिरसा के सियासी रण में ताल ठोकी है।

#### जेजेपी से रमेश खटक मैदान में

इनेलो ने सिरसा सीट से संदीप लोट और जेजेपी ने रमेश खटक को टिकट दिया है। रमेश खटक के पक्ष में यह बात जाती है कि वह तीन बार बरोदा विधानसभा सीट से चुनाव जीत चुके हैं। वह जेजेपी की एससी सेल के प्रदेश अध्यक्ष भी हैं। उनके चुनाव मैदान में उतरने से सिरसा का चुनावी मुकाबला त्रिकोणीय हो गया है।

### कौन-कौन पहुंचा संसद

सिरसा से पिछले 17 लोकसभा चुनावों में दस नेता सांसद बने हैं। इस बार कांग्रेस से लड़ रहीं कुमारी सैलजा दो बार सांसद रह चुकी हैं, जबकि भाजपा उम्मीदवार अशोक तंवर कांग्रेस में रहते हुए एक बार सांसद बने हैं। 2004 से यहां कोई नेता लगातार दूसरी बार संसद नहीं जा पाया है। 2024 में भी ऐसा नहीं होगा, क्योंकि मौजूदा सांसद का टिकट कट गया है।

| साल | कौन बना सांसद | किस दल को मिली जीत |
|---|---|---|
| 1962 | दलजीत सिंह | कांग्रेस |
| 1967 | चौधरी दलबीर सिंह | कांग्रेस |
| 1971 | चौधरी दलबीर सिंह | कांग्रेस |
| 1977 | चौधरी चांद राम | जनता पार्टी |
| 1980 | चौधरी दलबीर सिंह | कांग्रेस (आई) |
| 1984 | चौधरी दलबीर सिंह | कांग्रेस |
| 1988 | हेत राम | लोक दल |
| 1989 | हेत राम | जनता दल |
| 1991 | कुमारी सैलजा | कांग्रेस |
| 1996 | कुमारी सैलजा | कांग्रेस |
| 1998 | सुशील कुमार इंदौरा | इनेलो |
| 1999 | सुशील कुमार इंदौरा | इनेलो |
| 2004 | आत्मा सिंह गिल | कांग्रेस |
| 2009 | अशोक तंवर | कांग्रेस |
| 2014 | चरणजीत सिंह रोड़ी | इनेलो |
| 2019 | सुनीता दुग्गल | बीजेपी |

रायपुर

बुधवार, 15 मई 2024

बैशाख शुक्ल पक्ष अष्टमी

वर्ष : 22, अंक : 297

पृष्ठ : 10+4+4 = 18, मूल्य : 5.00**

मौसम

अधि. 40.4

न्यून. 26.3

# हरिभूमि

छत्तीसगढ़, मध्यप्रदेश, हरियाणा व दिल्ली से एक साथ प्रकाशित

समाचार ही नहीं, विचार भी

haribhoomi.com


अंतरराष्ट्रीय परिवार दिवस आज



# समय से पहले आएगा मानसून, चार दिन बाद अंडमान में होगी एंट्री!

हरिभूमि न्यूज ⏭ नई दिल्ली

खास खबर

देश में इस समय भीषण गर्मी पड़ रही है, लेकिन मॉनसून इस बार खुशखबरी लेकर आ रहा है। मौसम विभाग के मुताबिक मॉनसून इस साल समय से पहले दस्तक देने वाला है। दक्षिण-पश्चिम मॉनसून समय से पहले अंडमान निकोबार में दस्तक देने वाला है। आईएमडी के पूर्वानुमान के मुताबिक, 19 मई को मॉनसून के अंडमान निकोबार में पहुंचने की संभावना है। उसके बाद मॉनसून देश के अन्य हिस्सों की तरफ बढ़ेगा। वैसे तो हर साल अंडमान निकोबार में मॉनसून 22 मई तक आता है, लेकिन इस साल ये 3 दिन पहले ही दस्तक दे सकता है। 5 जून से बस्तर समेत समूचे छत्तीसगढ़ में प्री-मानसून फुहारें और 15 जून के आसपास मानसूनी वर्षा शुरू हो सकती है।

मौसम विभाग की मानें तो देश में अल नीनो प्रणाली कमजोर हो रही है। ला नीना स्थितियां सक्रिय हो रही हैं, जो इस साल अच्छे मॉनसून के लिए अनुकूल है। इसी वजह से भारत में मॉनसून समय से पहले ही दस्तक दे सकता है। वहीं ला नीना के साथ-साथ हिंद महासागर द्विध्रुव (आईओडी) स्थितियां भी इस साल अच्छे मानसून के लिए अनुकूल हो रही हैं, जो मॉनसून के लिए सकारात्मक संकेत हैं।


## 19 मई को भारत की सीमा में करेगा प्रवेश, 5 जून से छत्तीसगढ़ में पड़ेंगी प्री-मानसून फुहारें

### 19 मई अंडमान, 1 जून केरल

दक्षिण-पश्चिम मॉनसून के 19 मई तक अंडमान और निकोबार द्वीप समूह में प्रवेश करने की उम्मीद है। इसके बाद 1 जून के बीच ये केरल पहुंचेगा। मानसून के बंगाल की खाड़ी से मुख्य भूमि भारत की ओर बढ़ने के लिए परिस्थितियां अनुकूल हो गई हैं। अनुमान है कि 19 मई तक मॉनसून भारत की सीमा में प्रवेश कर जाएगा। मॉनसून के पहुंचने की सामान्य तारीख की बात करें तो 10 जून तक ये महाराष्ट्र पहुंच जाता है।

### कब-कहां पहुंचेगा

| | |
|---|---|
| केरल | 1 जून |
| कोलकाता | 10-11 जून |
| चेन्नई | 10 जून |
| दिल्ली | 30 जून |
| मुंबई | 11 जून |



### 15 जून का छत्तीसगढ़ पहुंचने का अनुमान

मानसून 15 जून को गुजरात, मध्य प्रदेश, छत्तीसगढ़, झारखंड और बिहार पर पहुंचता है। 20 जून को ये गुजरात के आंतरिक इलाकों, एमपी के मध्य हिस्सों और उत्तर प्रदेश में दस्तक देता है। हालांकि, अभी मौसम विभाग ने इन राज्यों में मॉनसून के पहुंचने की कोई तारीख नहीं बताई है।


### सामान्य से अधिक बारिश का अनुमान

भारत में इस साल मॉनसून में सामान्य से अधिक बारिश होने की संभावना है। आईएमडी ने इस महीने की शुरुआत में भी मई के महीने में सामान्य से अधिक बारिश की भविष्यवाणी की थी। वहीं अगले दो दिनों तक दक्षिणी राज्यों तमिलनाडु, कर्नाटक और केरल में आंधी और बारिश जारी रहने की संभावना है।


inh
छत्तीसगढ़ एवं मध्यप्रदेश का सर्वाधिक लोकप्रिय चैनल देखें
TATA PLAY चैनल नं. 1155 | airtel चैनल नं. 366



## खबर संक्षेप

### मुंबई में होर्डिंग गिरने से अब तक 14 की मौत



**मुंबई।** मुंबई के घाटकोपर इलाके में 'होर्डिंग' गिरने की घटना में मरने वालों की संख्या बढ़कर 14 हो गई है, जबकि 74 लोग घायल हैं। सोमवार को मुंबई में आई धूल भरी आंधी और बेमौसम बारिश के दौरान घाटकोपर के एक पेट्रोल पंप पर 100 फुट लंबी अवैध होर्डिंग गिर गई थी। मंगलवार को बचाव अभियान जारी रहा।

### ट्रक से टकराई कार छह की मौत




**हापुड़।** हापुड़ जिले के गढ़मुक्तेश्वर थाना क्षेत्र में एक कार के ट्रक से टकरा जाने से हुई दुर्घटना में छह लोगों की मौत हो गई। घटना में एक व्यक्ति गंभीर रूप से घायल हो गया। हादसा सोमवार देर रात ब्रजघाट टोल के पास हुआ, जब कार चालक का उस पर से नियंत्रण खो गया।

### आयकर विभाग की इमारत में आग, अफसर की मौत



**नई दिल्ली।** दिल्ली के आईटीओ क्षेत्र स्थित आयकर विभाग की इमारत में मंगलवार को आग लग गई। इस घटना में एक अधिकारी की मौत हो गई। दो महिलाओं समेत सात लोगों को सुरक्षित बाहर निकाल लिया गया। हादसे में एक व्यक्ति को मामूली चोट आई जिसे पास के अस्पताल में इलाज के लिए भेजा गया है।

### बाघिन के नीचे दबने से उसके चार शावकों की मौत



**रांची।** रांची के भगवान बिरसा जैविक उद्यान में बाघिन के वजन के कारण 'दम घुटने' से उसके चार नवजात शावकों की मौत हो गई। बाघिन गौरी ने 10 मई को चार शावकों को जन्म दिया लेकिन फिर वह नवजात शावकों पर ही गिर गई। मां के नीचे दबकर चारों शावकों की 'दम घुटने' से मौत हो गई।

### सीएम केजरीवाल के पीए पर होगी कड़ी कार्रवाई



**नई दिल्ली।** आम आदमी पार्टी के नेता संजय सिंह ने कहा कि दिल्ली के मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल के निजी सहायक विभव कुमार ने सोमवार को मुख्यमंत्री आवास पर राज्यसभा सदस्य स्वाति मालीवाल के साथ बदसलूकी की। उन्होंने कहा कि आप सुप्रीमो केजरीवाल इस मामले में कड़ी कार्रवाई करेंगे।

आरोपियों के कब्जे से 2100 मिलीग्राम एमडीएमए ड्रग्स एवं 6600 मिलीग्राम कोकीन बरामद

# कोकीन, ड्रग्स की रायपुर सप्लाई, वेब सीरीज के किरदार बनकर धंधा, होटल में पकड़े गए

हरिभूमि न्यूज ⏭ रायपुर

राजधानी पुलिस ने एएमडीएमए ड्रग और कोकीन जैसे प्रतिबंधित नशे का कारोबार करने वाले गिरोह का पर्दाफाश किया है। इस गिरोह में शामिल 4 लोगों को गिरफ्तार किया गया है, जिनके पास से 2100 मिलीग्राम एमडीएमए ड्रग्स एवं 6600 मिलीग्राम कोकीन बरामद किया गया है, जिसकी कीमत लगभग 9 लाख रुपये है। इसके साथ आरोपियों के कब्जे से 8 मोबाइल, नकदी 86 हजार रुपये, 3 सोने की चेन, 1 लैपटॉप, 1 आईपैड, 3 एटीएम कार्ड, 1 सिम कार्ड, इलेक्ट्रानिक तराजू तथा लग्जरी ऑडी कार जब्त की गई है। इस तरह कार व ड्रग्स सहित कुल 50 लाख रुपये का सामान जब्त किया गया है।

पुलिस कंट्रोल रूम में एएसपी संदीप मित्तल ने इस गिरोह का खुलासा करते हुए बताया कि निजात अभियान के तहत की गई कार्रवाई में 13 मई को एंटी क्राइम एंड साइबर यूनिट अंतर्गत गठित नारकोटिक्स सेल टीम को सूचना मिली थी कि खम्हारडीह क्षेत्र के कचना नाला के पास स्थित एक होटल में कुछ व्यक्ति रुके हैं, जो अपने पास मेथिलीन डाइ ऑक्सी मेथामफेटामाइन (एमडीएमए) ड्रग एवं कोकीन रखे हुए हैं और ऑडी कार में घूम रहे हैं। इस सूचना पर टीम ने आरोपियों को पकड़ने की योजना बनाई और एक पुलिस कर्मी को ग्राहक बनाकर पैडलर से संपर्क कर उनके बारे में पूरी जानकारी एकत्रित की। इसके बाद एंटी, साइबर यूनिट एवं खम्हारडीह थाना पुलिस की ⏭ शेष पेज 4 पर

## लग्जरी कार, सोने की चेन, लैपटॉप, आई पैड एटीएम कार्ड, तराजू के साथ 86 हजार जब्त





### महेश लाता था दिल्ली से ड्रग्स-कोकीन

गिरफ्तार आरोपियों में कुसुम अवंति विहार शंकर नगर, चिराग संतोषी मंदिर चौक पुरानी बस्ती तिल्दा नेवरा, आयुष गुलमोहर पार्क कोटा तथा महेश मालवी नगर पंचशील विहार दिल्ली का रहने वाला है। बताया गया कि महेश पहले खम्हारडीह रायपुर में ही रहता था। दिल्ली शिफ्ट होने ⏭ शेष पेज 4 पर

### वेब सीरीज मनी हाईस्ट के किरदारों के नाम पर करते थे कारोबार

गिरोह के सभी आरोपी नेटफ्लिक्स के वेब-सीरीज मनी हाईस्ट से प्रभावित होकर अपनी पहचान छिपाने के लिए एक-दूसरे का नाम भी मनी हाईस्ट के किरदारों के नाम पर रखे हुए थे। इनमें प्रोफेसर, लूसीफर, बर्लिन जैसे नाम रखे थे। गिरोह का मुख्य आरोपी आयुष है, जिसने अपना नाम ⏭ शेष पेज 4 पर

### व्हाट्स एप ग्रुप के माध्यम से ग्राहकों से करते थे संपर्क

गिरोह ने ड्रग्स और कोकीन के कारोबार के लिए व्हाट्स एप ग्रुप बना रखा था। इसके जरिए ही वे ग्राहकों से संपर्क करते थे और फिर ड्रग्स व कोकीन की डिलीवरी कर लेनदेन करते थे।



### नाइजीरियन गिरोह से तार जुड़ने की आशंका

ड्रग्स और कोकीन दिल्ली से लाया जाता है, इसलिए पुलिस को शंका है कि महेश किसी नाजीरियन गिरोह से इसकी खरीदी करता है। फिलहाल पुलिस इस मामले में महेश सहित अन्य आरोपियों से बरामद किए गए मोबाइल, लैपटॉप, आई पैड को खंगाल कर पता लगाने का प्रयास कर रही है कि ड्रग्स व कोकीन के कारोबार में और कौन-कौन लोग जुड़े हुए हैं।

हाईकोर्ट में दी जानकारी

# शराब घोटाले में ईडी आप को भी बनाएगी आरोपी



हरिभूमि न्यूज ⏭ नई दिल्ली

दिल्ली शराब घोटाले में आम आदमी पार्टी को भी आरोपी बनाया जाएगा। प्रवर्तन निदेशालय ने मंगलवार को दिल्ली हाईकोर्ट में यह जानकारी दी। ईडी ने यह दलील मनी लॉन्ड्रिंग मामले में दिल्ली के पूर्व उपमुख्यमंत्री मनीष सिसोदिया की जमानत याचिका का विरोध करते हुए दी।

ईडी के वकील ने जज स्वर्णकांत शर्मा के सामने दलील देते हुए बताया कि इस मामले हम अपनी अगली अभियोजन शिकायत (चार्जशीट) में 'आप' को सह-अभियुक्त बनाने वाले हैं। वकील ने आगे कहा कि आरोपी पक्ष इस मामले में आरोप तय करने की प्रक्रिया में देरी करने के लिए पूरा जोर लगा रहा है। वहीं सिसौदिया की ओर से ही पेश होते हुए वरिष्ठ अधिवक्ता दयान कृष्णन ने ने तर्क रखा कि आप नेता के खिलाफ मुकदमा जल्द शुरू होने की संभावना नहीं है। दोनों मामलों की जांच अभी भी जारी है। इसमें अभी भी गिरफ्तारियां जारी हैं... इस मुकदमे में बिल्कुल भी प्रगति नहीं हुई है।

### ट्रायल कोर्ट के निष्कर्ष पर उठाया सवाल

सुनवाई के दौरान मनीष सिसोदिया की ओर पेश वकील ने ट्रायल में देरी के लिए आरोपियों को जम्मिेदार ठहराने के ट्रायल कोर्ट के निष्कर्ष पर सवाल उठाया। उन्होंने कहा- सिसोदिया की ओर से जो अर्जी दायर की है, उन्हें निरर्थक याचिका नहीं कहा जा सकता है अगर ऐसा था तो कोर्ट को उसे सुनवाई के लिए स्वीकार ही नहीं करना था। ट्रायल में अगर देरी हुई है तो इसके लिए जांच एजेंसियों का रवैया जिम्मेदार है।

### दिल्ली हाईकोर्ट में अहम सुनवाई

दरअसल, पिछले एक साल से ज्यादा समय से जेल में बंद दिल्ली के पूर्व डिप्टी सीएम मनीष सिसोदिया की जमानत याचिका पर दिल्ली हाईकोर्ट में अहम सुनवाई चल रही है। शराब घोटाले से जुड़े मनी लॉन्ड्रिंग केस में सिसोदिया की ओर से दायर याचिका पर हाईकोर्ट दलीलें सुन रहा है।

फोन और ई-मेल से धमकाया

# तिहाड़ को बम से उड़ाने की धमकी से हड़कंप



हरिभूमि न्यूज ⏭ नई दिल्ली

दिल्ली में बम वाली धमकी मिलने का सिलसिला नहीं थम रहा है। अब दिल्ली के तिहाड़ जेल प्रशासन को धमकी दी गई है। इससे पहले दिल्ली के कई अस्पतालों को बम वाली धमकी दी गई थी। अब तिहाड़ जेल प्रशासन को फोन कर बम वाली धमकी दी गई है। यह धमकी मिलते ही तिहाड़ जेल प्रशासन ने दिल्ली पुलिस को इस बारे में जानकारी दी थी।

जेल प्रशासन को ईमेल के जरिए भी धमकी दी गई है। बताया जा रहा है कि सूचना मिलने के बाद जेल में जांच-पड़ताल की गई थी। जेल प्रशासन के बाद जांच-पड़ताल के बाद कुछ भी संदिग्ध नहीं मिला है। इससे पहले दिल्ली के प्रतिष्ठित अस्पताल को धमकी मिली थी।

### स्कूलों को मिली थी धमकी

दिल्ली में विभिन्न जगहों पर बम ब्लास्ट करने की धमकी देने का सिलसिला इस महीने शुरू हुआ था। इस महीने की शुरुआत में दिल्ली के कई स्कूलों को ईमेल भेज कर धमकी दी गई थी। इसके बाद बच्चों को घर भेज दिया गया था। पुलिस ने इस मामले में सभी स्कूलों के अंदर चप्पे-चप्पे की तलाशी ली थी लेकिन कुछ भी संदिग्ध नहीं मिला था।

### अस्पताल और एयरपोर्ट को मिली थी धमकी

बता दें कि रविवार को भी दिल्ली के कई बड़े अस्पतालों और इंदिरा गांधी हवाईअड्डा को भी बम से उड़ाने की धमकी दी गई थी। इस दिन बुराड़ी सरकारी अस्पताल, संजय गांधी अस्पताल, डीडीयू, गुरु तेग बहादुर अस्पताल और दादा देव हॉस्पिटल को ईमेल भेज धमकाया गया था। इसके अलावा बारा हिंदू राव हॉस्पिटल, जनकपुरी सुपर स्पेशियालिटी अस्पताल, अरुणा असफ अली सरकारी अस्ताल को भी ईमेल भेज धमकी दी गई थी। इसके अलावा इस दिन जयपुर एयरपोर्ट को भी बम से उड़ाने की धमकी दी गई थी।



रोजाना लोगों की बढ़ रही थी भीड़

# हरिभूमि की खबर का असर, लोगों के विरोध के बीच नाग जोड़े को पकड़ा

हरिभूमि न्यूज ⏭ बैकुण्ठपुर

वन विभाग की टीम ने लोगों के विरोध के बीच ग्राम चारपारा के निजी तालाब से नाग-नागिन के जोड़े का सुरक्षित रेस्क्यू कर लिया है। इसके पूर्व जोड़े को दूध पिलाने के लिए लोगों की भीड़ उमड़ रही थी। नाग ⏭ शेष पेज 4 पर





### पहुंची प्रशासन की टीम

ग्राम चारपारा के निजी तालाब में एक पखवाड़े से अधिक समय से नाग नागिन के जोड़ों के दिखने के बाद लोग नाग नागिन की पूजा-अर्चना के साथ दूध पिला रहे थे। दिनों-दिन दर्शन करने वाले श्रद्धालुओं की भीड़ ⏭ शेष पेज 4 पर

### श्रद्धालुओं को प्रसाद वितरण

14 मई को चारपारा के तालाब किनारे नाग देवता का दर्शन करने आए लोगों को श्रद्धालुओं को द्वारा प्रसाद वितरण भी किया जा रहा था। गांव के लोगों का कहना था कि हम नाग देवता की रक्षा करेंगे, इसी कारण वन विभाग के रेस्क्यू टीम को पहले रेस्क्यू करने से रोक ⏭ शेष पेज 4 पर

12वीं कामर्स में पूरक

# रिजल्ट निकलने के कुछ ही देर बाद छात्रा ने किया सुसाइड

हरिभूमि न्यूज ⏭ जगदलपुर



सोमवार को 12 कक्षा का रिजल्ट घोषित होने के कुछ ही देर बाद कामर्स की छात्रा ने सुसाइड कर लिया। बताया जा रहा है कि एक सब्जेक्ट में 3 अंक कम होने के चलते पूरक आने के बाद छात्रा डिप्रेशन में थी। कुछ ही देर बाद अपने घर पर चुनरी से फांसी लगा ली। बोधघाट टीआई लीलाधर राठौर ने बताया कि थाना क्षेत्र के हाटकचोरा निवासी हर्षिता सोनी (18) 12वीं कक्षा में अध्ययनरत थी। कामर्स के एक सब्जेक्ट में उसके तीन अंक कम आए थे। पूरक में आने के बाद से ⏭ शेष पेज 4 पर

यात्रियों के कीमती आभूषण चुराने का आरोपी गिरफ्तार

# हवाई चोर ने 110 दिनों में की 200 विमान यात्राएं

हरिभूमि न्यूज ⏭ नई दिल्ली

देश के कई राज्यों में जाने वाली उड़ानों में यात्रियों के हैंडबैग से आभूषण और अन्य कीमती सामान चुराने के आरोप में 40 वर्षीय एक व्यक्ति को गिरफ्तार किया गया है। दिल्ली पुलिस ने सोमवार को बताया कि आरोपी की पहचान राजेश कुमार के रूप में हुई है। उसने वारदात को अंजाम देने के लिए करीब 110 दिनों के भीतर कम से कम 200 विमान यात्राएं की। दिल्ली के इंदिरा गांधी अंतरराष्ट्रीय हवाई अड्डे पर ⏭ शेष पेज 4 पर

### बुजुर्ग महिलाओं को बनाता था निशाना



पुलिस अधिकारी ने बताया कि आरोपी कपूर अपने लिए आसान निशाने खोजता था। वह खासकर अंतरराष्ट्रीय यात्रा करने वाली बुजुर्ग महिलाओं को निशाना बनाता था। आरोपी कपूर जानता था कि अधिकतर यात्री अपने हैंडबेग में कीमती सामान ले जाते थे, इसलिए वह प्रमुख घरेलू उड़ानों, विशेष रूप से एयर इंडिया और विस्तारा की उड़ानों में दिल्ली, चंडीगढ़ और हैदराबाद की यात्रा करता था।


### ऐसे करता था चोरी

अधिकारी ने बताया कि विमान में चढ़ने के दौरान वह चुपके से ओवरहेड केबिनों की ओर जाता था और लक्षित यात्रियों के हैंडबैग से सावधानीपूर्वक कीमती सामान चुरा लेता था। यह वह समय होता था जब यात्री अपनी सीटें खोजते और बैठते थे। कई बार तो वह अपनी सीट भी बदल लेता था, ताकि वह अपने निशाने के करीब बैठ सके। वह अपने काम के लिए ऐसा समय चुनता था जब यात्रियों का ध्यान विमान में चढ़ने या बैठने पर होता और कपूर की चोरी का पता ही नहीं चल पाता था कपूर एयरलाइंस और कानून प्रवर्तन एजेंसियों के पकड़े जाने के डर से अपनी पहचान बदलता था। वह अपने मृत भाई के नाम पर टिकट बुक करता था।

आपरेशन के दौरान बच्चे की हुई थी मौत

# तीन डाक्टरों के खिलाफ दर्ज एफआईआर रद्द

हरिभूमि न्यूज ⏭ बिलासपुर



छत्तीसगढ़ हाईकोर्ट ने डॉक्टरों के खिलाफ चिकित्सा में लापरवाही के आरोप में धारा 304ए/34 के तहत दर्ज एफआईआर को रद्द कर दिया है। मुख्य न्यायाधीश रमेश सिन्हा और न्यायमूर्ति रजनी दुबे की पीठ ने इस याचिका को स्वीकार करते हुए प्रतिवादियों को नोटिस जारी किया है। ⏭ शेष पेज 4 पर

### लापरवाही का कोई प्राथमिक मामला नहीं बनता

दर्ज एफआईआर के खिलाफ तीनों डाक्टरों ने हाईकोर्ट में अपील की। याचिका में कहा गया कि अंतिम रिपोर्ट की बस एक साधारण समीक्षा से पता चलता है इसलिए याचिकाकर्ताओं के खिलाफ चिकित्सा लापरवाही का कोई प्राथमिक मामला नहीं बनता है।

## चिंतन

# चुनाव प्रचार भाषणों में न टूटे भाषा की मर्यादा

चार चरण के चुनाव होने तक चुनाव प्रचार के दौरान नेताओं के संबोधन की भाषा में काफी गिरावट आई है। नेताओं ने विरोधी पर प्रहार के दौरान शब्दों की मार्यादाओं को अनेक बार लांघा है। चुनाव वैचारिक लड़ाई है, सभी दलों की आकांक्षा सरकार में आकर देश सेवा ही है, इसके बावजूद देश के अपने ही विरोधी नेताओं के लिए टपोरी भाषा, अमर्यादित शब्दों का इस्तेमाल आदि चिंता पैदा करती है। आचार संहिता लागू होने के बाद से यह दूसरी बार है कि केंद्रीय निर्वाचन आयोग ने नेताओं से मर्यादित भाषा के प्रयोग की अपील की है। निर्वाचन आयोग ने मंगलवार को कहा है कि लोकसभा चुनाव के प्रचार के दौरान राजनीतिक दलों के शीर्ष नेताओं को ऐसे 'अच्छे उदाहरण' पेश करने चाहिए, जिनकी उनसे उम्मीद की जाती है। आयोग ने कहा है कि देश के सामाजिक ताने-बाने को नुकसान नहीं पहुंचे, इसके लिए चुनाव के शेष चरणों में अपने चुनावी भाषणों को सही करना प्राथमिक रूप से नेताओं की जिम्मेदारी है। 16 मार्च को लोकसभा चुनावों की घोषणा के बाद से देश भर में आदर्श आचार संहिता लागू है। यूं तो आयोग ने दावा किया है कि उसने आचार संहिता उल्लंघन के 90 फीसदी शिकायतों का निपटारा कर दिया है और कांग्रेस एवं भाजपा की कुछ शिकायतों को छोड़कर पार्टियों की ओर से कोई बड़ी शिकायत लंबित नहीं है। चुनाव के दौरान किस तरह की भाषा बोली जाय और किस तरह के शब्दों के प्रयोग नहीं किए जाएं, इसको लेकर निर्वाचन आयोग की सख्त गाइडलाइन है। सुप्रीम कोर्ट ने भी विभाजनकारी, अमर्यादित भाषा इस्तेमाल नहीं करने की सख्त हिदायत पूर्व में दी हुई है। आयोग के मुताबिक, आदर्श आचार संहिता लागू हुए करीब दो महीने पूरे होने के बाद निर्वाचन क्षेत्र स्तर पर विभिन्न राजनीतिक दलों और उम्मीदवारों का प्रचार मुख्यतः हिंसा मुक्त, कम शोरगुल व कम कोलाहल वाला और प्रलोभन से मुक्त रहा है। चुनाव संबोधन के दौरान, विभाजनकारी बातें, प्रलोभन देना, विरोधी के लिए अपशब्दों का इस्तेमाल करना, नेताओं पर व्यक्ति प्रहार करना, सामाजिक तानेबाने के खिलाफ बोलना, जाति, समूह य संप्रदाय के खिलाफ बोलना आदि आदर्श आचार संहिता का उल्लंघन है। आदर्श आचार संहिता की पालना का दायित्व केंद्रीय निर्वाचन आयोग का है, इसलिए उसे नजीर पेश करना चाहिए। सबसे चिंता की बात है कि कि केंद्रीय निर्वाचन आयोग किसी भी दल के बड़े नेता, जो आचार संहिता का उल्लंघन करते हैं, उनके खिलाफ सख्त एक्शन लेकर कोई नया उदाहरण पेश नहीं करता है। केवल हिदायत देने, चेताने और नसीहत देने से बात नहीं बन रही है। आदर्श आचार संहिता का उल्लंघन चुनाव दर चुनाव बढ़ता ही जा रहा है। चुनावी भाषणों के दौरान राजनीतिक दलों के बीच शाब्दिक फिजा इतनी खराब हो जाती है कि वैचारिक मतभेद मनभेद और वैमनष्यता में बदल जाते हैं, यह ठीक नहीं है। सभी दल देश के हैं, नेता देश के हैं, लक्ष्य देश सेवा है, लोकतंत्र में पक्ष व विपक्ष दोनों महत्वपूर्ण अंग हैं, ऐसे में नेताओं को अपने विरोधियों के लिए मर्यादित, संस्कारित भाषा का इस्तेमाल ही करना चाहिए। कांग्रेस को देखना चाहिए कि पूर्व में उसके नेताओं ने पीएम नरेन्द्र मोदी समेत अन्य भाजपा नेताओं के लिए कितनी बार अमर्यादित भाषा का इस्तेमाल किया है? चुनाव आयोग अगर शुरू से सख्त कार्रवाई करती रहती तो, भाषा की मर्यादा इतनी नहीं गिरती। पक्ष व विपक्ष दोनों ओर के नेता अपने संबोधनों में भाषा की मर्यादा व गरिमा बनाए रखें।

## सारा संसार



स्विट्ज़रलैंड पर्यटन में देखने वाली खूबसूरत जगह में शामिल जिनेवा भी है जिसे स्विट्ज़रलैंड का सबसे शांत शहर माना जाता है। स्विट्ज़रलैंड चॉकलेट्स और घड़ियों के लिए बहुत फेमस देश है और जिनेवा इन व्यवसाय का केंद्र है।

## जंगल की आग

रोहित कौशिक



# वन संपदा बचाना प्राथमिकता हो

इस समय उत्तराखंड के अनेक भागों से जंगलों में आग लगने की घटनाएं सामने आ रही हैं। आग के कारण वन सम्पदा को काफी नुकसान हो रहा है। यह दुर्भाग्यपूर्ण ही है कि कभी प्राकृतिक कारणों से जंगलों में आग लगती है तो कभी निहित स्वार्थों के कारण जानबूझकर जंगलों में आग लगा दी जाती है। जब तापमान बढ़ता है तो जंगलों में आग लगने की संभावना भी बढ़ जाती है। कुछ समय पहले काउंसिल ऑन एनर्जी, एनवायरनमेंट एंड वाटर द्वारा जारी रिपोर्ट 'मैनेजिंग फारेस्ट फायर इन चेंजिंग क्लाइमेट' में बताया गया था कि भारत के 30 प्रतिशत से ज्यादा जिलों के जंगलों में भीषण आग लगने का खतरा मौजूद है। इस अध्ययन के अनुसार पिछले दो दशकों के दौरान देश के जंगलों में आग लगने की घटनाएं 10 गुना से ज्यादा बढ़ गई हैं। इस रिपोर्ट में बताया गया है कि तेजी से हो रहे जलवायु परिवर्तन के कारण आंध्र प्रदेश, असम, छत्तीसगढ़, ओडिशा और महाराष्ट्र के जंगलों पर भीषण आग लगने की संभावना के कारण सबसे ज्यादा खतरा है। रिपोर्ट में यह सुझाव दिया गया है कि राज्य सरकारों या राज्य के वन विभागों को सरकारी स्कूलों और सामुदायिक हाल जैसे सार्वजनिक भवनों को ऐसी आपदाओं के लिए तैयार करना चाहिए। इन भवनों में स्वच्छ हवा के लिए एयर फिल्टर जैसे उपायों का इस्तेमाल किया जाना चाहिए ताकि जंगलों में आग लगने के दौरान आग और धुएं से बचा जा सके। इसके साथ ही जंगल में आग रोकने और उससे लड़ने के लिए एक विशेष रूप से प्रशिक्षित कैडर तैयार करना चाहिए। सरकारों को जंगलों में आग लगने की घटनाओं के लिए रीयल-टाइम अलर्ट सिस्टम भी विकसित करना चाहिए। इस अध्ययन में बताया गया है कि पिछले दो दशकों में जंगल में लगने वाली आग के 89 प्रतिशत से ज्यादा मामले उन जिलों में दर्ज किए गए हैं, जो या तो सूखे से प्रभावित हैं या फिर वहां मौसम में परिवर्तन देखा गया है। जंगल में आग लगने की अत्यधिक घटनाओं वाले कुछ ऐसे जिले हैं, जहां पहले बाढ़ का खतरा होता था लेकिन अब वहां सूखे की प्रवृत्ति दिखाई दे रही है। पहाड़ों के जंगलों में आग लगने की घटनाएं कई सवाल खड़े करती हैं। ऐसी घटनाओं के लिए किसी एक कारक को जिम्मेदार नहीं ठहराया जा सकता। दुर्भाग्यपूर्ण यह है कि पहाड़ों में ऐसी घटनाओं के इतिहास को देखते हुए भी कोई ठोस योजना नहीं बनाई जाती है। एक अध्ययन के अनुसार पूर्व एशिया, दक्षिण एशिया, दक्षिण पूर्व एशिया और समुद्र तटीय क्षेत्रों में जंगलों में आग लगने की समस्या बढ़ती जा रही हैं। इस आग से लोगों का स्वास्थ्य, पर्यटन अर्थव्यवस्था और परिवहन उद्योग गम्भीर रूप से प्रभावित हो रहा है। गौरतलब है कि दक्षिण एशिया में आग से नष्ट होने वाले 90 फीसदी जंगल भारत के हैं। पहाड़ों पर चीड़ के वृक्ष आग जल्दी पकड़ते हैं। दरअसल पहाड़ों की भौगोलिक स्थिति के कारण आग या फिर किसी अन्य आपदा से जूझना आसान नहीं है। गौरतलब है कि पिछले दिनों नेशनल ग्रीन ट्रिब्यूनल (एनजीटी) ने जंगलों की आग पर तल्ख टिप्पणी करते हुए कहा था कि पर्यावरण मंत्रालय और अन्य प्राधिकरण वन क्षेत्र में आग लगने की घटना को हल्के में लेते हैं। अब समय आ गया है कि हम जंगलों की आग से निपटने के लिए ठोस योजनाएं बनाएं। आग से निपटने के फौरी उपाय तात्कालिक रूप से प्रभावी हो सकते हैं लेकिन दीर्घकालिक दुष्प्रभावों को कम नहीं कर सकते। बेहतर भविष्य के लिए वन सम्पदा बचाना हमारी प्राथमिकताओं में होना चाहिए। हमें समझना होगा कि जंगलों की आग का खामियाजा हर हाल में हमें ही भुगतना होगा।

(लेखक वरिष्ठ पत्रकार हैं, ये उनके अपने विचार हैं।)

# दो चेहरों वाली अदालत



## करवट

कुमार प्रशांत

मैं परेशान हूं कि देश में एक न्यायपालिका है लेकिन उसके दो चेहरे हैं। किंवदंति है कि रावण के कई सर थे- दशानन; लेकिन यह नहीं कहा जाता है कि वे सारे सर भिन्न-भिन्न बातें बोलते थे। सर भले कई हों, वे सब एक ही तरह से सोचते-करते हों तभी व्यवस्था की गाड़ी चल सकती है। ऐसा न हो तो कोई भी व्यवस्था नहीं चल सकती है - खास कर न्यायपालिका ! यहां दो तरह की मनोभूमिका बेहद चिंताजनक व खतरनाक होती है।

हमारी न्यायपालिका का एक चेहरा सर्वोच्च न्यायालय की उस खंडपीठ का है जिसने कुल जमा 50 से अधिक दिनों तक जेल में रहने के बाद दिल्ली के मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल को जेल से रिहा कर दिया, कुल जमा 22 दिनों के लिए, 2 जून 2024 को उन्हें वापस जेल लौट जाना होगा। सर्वोच्च न्यायालय की संजीव खन्ना-दीपांकर दत्ता खंडपीठ ने जो आदेश दिया है उसके मुताबिक केजरीवाल इस बीच मुख्यमंत्री की हैसियत से कोई भी काम नहीं कर सकेंगे, दफ्तर भी नहीं जा सकेंगे, फाइलें भी नहीं निबटा सकेंगे लेकिन वे अपनी पार्टी व अपने गठबंधन का देशव्यापी चुनाव प्रचार कर सकेंगे। सारे सरकारी प्रशासन ने व अब मोदी-तंत्र बन चुके ईडी, इंकमटैक्स जैसे संस्थानों ने हर तरह का तर्क आजमाया ताकि केजरीवाल को चुनाव खत्म होने तक जमानत न मिल सके लेकिन अदालत ने उनके सारे तर्कों को खारिज करते हुए केजरीवाल को सशर्त जमानत दे दी। कहा : " अरविंद केजरीवाल के बारे में आरोपियों ने यह ठीक ही ध्यान दिलाया है कि अक्टूबर 2023 से गिरफ्तारी तक भेजी ईडी की 9 नोटिसों-समन की उन्होंने उपेक्षा की. उनके मामले में यह प्रतिकूल तथ्य है लेकिन इस मामले में दूसरे भी कई तथ्य ऐसे हैं कि जिन पर ध्यान देना जरूरी है। आरोपी दिल्ली का मुख्यमंत्री है, एक राष्ट्रीय पार्टी का नेता है। इसमें शक नहीं कि उस पर गंभीर आरोप लगाए गए हैं लेकिन अभी तक वे सिद्ध नहीं हुए हैं। उनका पहले का कोई आपराधिक रिकार्ड नहीं है। वे समाज पर किसी तरह का खतरा नहीं हैं यह कहने की जरूरत नहीं है कि लोकसभा का चुनाव लोकतंत्र का सबसे महत्वपूर्ण तत्व है जो अगले पांच साल के लिए देश की सरकार का फैसला करेगा। इसलिए हम आरोपियों के इस तर्क को खारिज करते हैं कि केजरीवाल को अंतरिम जमानत देना सामान्य नागरिकों की तुलना में राजनेताओं का विशेष सुविधाप्राप्त वर्ग बनाना हो जाएगा।' इस तर्क के साथ सर्वोच्च न्यायालय ने सत्तापक्ष की सारी कोशिशों को धता बताते हुए केजरीवाल को अंतरिम जमानत दे दी।

जैसा कि अदालत ने कहा है कि अंतरिम जमानत का मतलब केजरीवाल को अपराधमुक्त घोषित करना नहीं है, ठीक उसी तरह मैं भी यह साफ कर दूं कि मेरे इस लेख का मतलब कोई ऐसा न निकाले कि मैं केजरीवाल की सरकारी व निजी नीतियों का समर्थन कर रहा हूं। मैं कहना यह चाह रहा हूं कि खन्ना-दत्ता पीठ ने जिस तरह इस मामले को सरकारी धौंस व कानून की मृत बारीकियों से बाहर निकल कर समझने व समझाने की कोशिश की, उससे सर्वोच्च न्यायालय का कद बड़ा हुआ है व लोकतंत्र के पांव मजबूत हुए हैं।



लेकिन यही न्यायपालिका जब पुणे में विशेष सुनवाई के लिए बैठती है, तब उसकी चेतना व समझ को लकवा क्यों मार जाता है ? जिस दिन केजरीवाल को अंतरिम जमानत देने का फैसला सामने आया, उसी 10 मई को 11 साल पुराने डॉ. नरेंद्र दाभोलकर हत्याकांड का फैसला भी सामने आया। यहां अदालत मामले की नजाकत को समझने में पूरी तरह विफल रही। समाज में फैली अंधश्रद्धा न्याय की किसी भी अवधारणा को सदियों से विफल करती हुई, अट्टहास करती आ रही है। हमारे सामाजिक जागरण व बौद्धिक सजगता का जैसा क्रूर मजाक अंधविश्वास फैलाने तथा उसकी आड़ में अपना स्वार्थ सिद्ध करने वालों ने किया है, करते आ रहे हैं, उसकी तुलना किसी से नहीं की जा सकती है। यह इंसानी समझ को धता ही नहीं बताती है, बल्कि इंसानी कमजोरियों को निशाने पर ले कर समाज का मनोबल तोड़ देती है।

डॉ. दाभोलकर व उनकी अंधश्रद्धा निर्मूलन समिति ने इसके खिलाफ मोर्चा खोला था। बौद्धिक-सांस्कृतिक-शैक्षणिक से ले कर प्रत्यक्ष प्रतिरोध का हर मंच उन्होंने इस्तेमाल किया। ऐसे एक आदमी की हत्या सनातन संस्था नाम के एक प्रतिगामी गंठजोड़ ने दिन-दहाड़े कर दी, तो यह एक व्यक्ति की ही नहीं, उस सामूहिक प्रयास की हत्या थी जो समाज को अंधविश्वासों के प्रति जाग्रत कर रहा था। 11 साल से पुलिस व अदालत अपराधी को पकड़ने व सामने लाने में लगी थी लेकिन दोनों इस कदर विफल रहते हैं कि विशेष जज पी.पी. जाधव कहते हैं : ' हमारे पास शंका करने के पर्याप्त कारण थे लेकिन पुलिस इनके खिलाफ पर्याप्त सबूत जुटाने में विफल रही।

अब न्यायपालिका को व समाज को सोचना यह चाहिए कि जिस 'व्यक्ति या संस्थान पर शंका करने के पर्याप्त सबूत थे', उसे 11 साल की कोशिश के बाद भी आप अपराधी सिद्ध नहीं कर पाए तो अदालत व पुलिस किस मर्ज की दवा हैं? अदालत व जज साहबान का एक ही, जी हां, एक ही काम है कि वे सच को खोज निकालें तथा अपराधी को बचने नहीं दें। आप देख भी रहे हैं, समझ भी रहे हैं, मान भी रहे हैं कि जो छूट रहे हैं वे हत्या जैसे जघन्य अपराध के अपराधी तो हैं, लेकिन जांच एजेंसियां, पुलिस आदि सही तरीके से जांच नहीं कर रही हैं। तो फिर अदालत क्या करेगी? मैं समझता हूं कि अदालत और जज साहबान की पेशेगत नैतिकता व संवैधानिक दायित्व कहता है कि उन्हें जांच एजेंसियों को कड़ा निर्देश देना चाहिए कि वे जांच में क्या-क्या ऐसा छोड़ रहे हैं जिससे मामला कमजोर पड़ रहा है, और उन्हें किस दिशा में जांच पूरी कर, नए साक्ष्य के साथ तुरंत अदालत के सामने उपस्थित होना चाहिए। जब तक ऐसा नहीं होता है तब तक अदालत न किसी को मुक्त करेगी, न हल्की सजा देगी बल्कि मुकदमा लंबित रहेगा तथा पुलिस व सरकार पर अदालत का दवाब बना रहेगा। पुणे की इस अदालत ने किस आधार पर मुकदमा बंद कर दिया या अपराधियों के लिए ऊपर की अदालत तक जाने का रास्ता बना दिया? ऊपरी अदालतों में तो मामलों की और भी धकमपेल है, तो मामला वहां भेज कर आप अपनी जिम्मेवारियों से कंधा झटकने भर का काम कर रहे हैं जो आपकी अयोग्यता सिद्ध करता है।

न्यायपालिका याद करे, और हमेशा याद रखे कि स्वतंत्रता के बाद दो-दो बार ऐसा हुआ है कि अपनी तटस्थता व साहस खो देने के कारण न्यायपालिका ने सारे राष्ट्र को शर्मिंदा किया है। पहली थी महात्मा गांधी की हत्या। उस मुकदमे ने हमारी न्यायपालिका के चेहरे पर ऐसी कालिख मली है जो कभी छूटेगी नहीं। नाथूराम गोडसे से ले कर सावरकर तक सभी उस हत्या के प्रमाणसहित सीधे गुनहगार थे। पुलिस व जांच एजेंसियां राजनीतिक दवाब व भय से तथा अपनी पक्षधरता से उस तरह जांच नहीं कर रही थीं जिस तरह करने की जरूरत थी. तब जज साहब क्या कर रहे थे? तब सरकार क्या कर रही थी? क्या अदालत सावधान थी कि वह किसी भी स्तर पर अपराधी को बचने का मौका नहीं देगी ? क्या सरकार सावधान व प्रतिबद्ध थी कि वह अपनी मशीनरी को किसी भी स्तर पर कोताही बरतने नहीं देगी? गांधी-हत्या पर लिखी गई प्रायः हर किताब में अदालत के व सरकार के रवैये पर गहरा क्षोभ दर्ज है तो इसी कारण से। गांधी से दाभोलकर तक की हत्या में हत्यारे इतनी लंबी दौड़ लगा चुके हैं लेकिन अदालत आज तक बैठी है कि न्याय के लिए जरूरी प्रमाण उसके पास चलकर आएंगे?

ऐसा ही तब भी हुआ जब लोकतंत्र की समझ व उसके प्रति प्रतिबद्धता की परख करने आपातकाल देश के सामने आया। जयप्रकाश नारायण ने मामला आसान बना दिया था - यह लोक बनाम तंत्र की लड़ाई है। उन्होंने पक्ष-विपक्ष की राजनीति से एकदम अलग, एक नया ही विमर्श देश में खड़ा कर दिया था : लोक की व्यापक असहमति को कुचलने का अधिकार किसी भी तंत्र के पास नहीं हो सकता है। उन्होंने कहा -लोकतंत्र किसी सरकार का मामला नहीं है। लेकिन उस नाजुक कालखंड में हमारी न्यायपालिका निरक्षर भट्टाचार्य साबित हुई. वह तो जिस संविधान की रक्षा की शपथ लेती है, उसकी ही भक्षक बन गई। उसने तो 'कानूनी संप्रभु' को 'संवैधानिक संप्रभु' का आका घोषित कर दिया। उस कलंक को धोने में न्यायपालिका को वैसी हिम्मत व दूरदृष्टि बार-बार दिखानी होगी जैसी केजरीवाल की अंतरिम जमानत के प्रश्न पर खन्ना-दत्ता की खंडपीठ ने दिखाई। न्यायपालिका सतत संविधान की कसौटी पर होती है और लोक हमेशा ही संविधान का संरक्षण चाहता है, यह लोकतांत्रिक दायित्व संविधान ने न्यायपालिका की गांठ में बांध दिया है। यह गांठ कमजोर होगी या भुला दी जाएगी तो न्यायपालिका जितने भी चेहरे लगा ले, वह स्याह ही होता जाएगा।

(लेखक के ये उनके अपने विचार हैं।)

## पूर्ण हृदय से किया गया प्रयास विफल नहीं होता



संकलित

**दर्शन**

ईश्वर का साक्षात्कार करना जितना आसान है, उतना ही यह कठिन भी है। इसके लिए अत्यधिक प्रयास करने के साथ-साथ, ईश्वर की कृपा का होना भी आवश्यक है। सांसारिक अभिलाषाओं से दूर रहते हुए, प्रभु के प्रति विश्वास और दृढ़ निश्चय के साथ पूर्ण हृदय से प्रयास करने वाला भक्त कभी असफल नहीं होता। श्वर साक्षात्कार केवल योगी के अत्यधिक प्रयास और ईश्वर की कृपा से प्राप्त होता है। यद्यपि ईश्वर तक नियम का पालन करने से भी पहुंचा जा सकता है। तथापि, हृदयों का अन्वेषक होने के कारण वे अपनी कृपा प्रदान करने से पहले आश्वस्त हो जाना चाहते हैं कि भक्त वास्तव में उन्हें चाहता है। जो संपूर्ण हृदय से उन्हें नहीं चाहता है। उस भक्त को प्रभु अंतिम प्रबोधन नहीं देते, चाहे वह योग के विज्ञान में कितना भी निपुण हो। ईश्वर को प्रसन्न करना एकदम बहुत आसान एवं बहुत कठिन है। परीक्षणों की घड़ी में भी वे अपने भक्तों के साथ क्रीड़ा कर रहे होते हैं, और वे उनकी हर समय परीक्षा लेते हैं। मूर्खता में पूरे दिन को गंवा देना कितना आसान है, और उपयोगी कार्यों एवं विचारों से दिन को भरना कितना कठिन है! फिर भी ईश्वर की इसमें कोई विशेष रुचि नहीं है कि हम क्या कर रहे हैं, जितनी इसमें है कि हमारा मन कहां है। प्रत्येक व्यक्ति की कठिनाई भिन्न है, परंतु ईश्वर कोई भी बहाना नहीं सुनते। वे चाहते हैं कि भक्त का मन किसी भी प्रकार की कष्टप्रद परिस्थितियों के होते हुए भी, उनमें तल्लीन रहे।

## जो होता है अच्छे के लिए होता है



संकलित

**प्रेरणा**

एक राजा अपने मंत्री के साथ आखेट पर निकले। वन में हिरन को देख राजा ने तीर प्रत्यंचा पर चढ़ाया ही था कि जंगल में से एक सूअर निकला और राजा को धक्का देकर भागा। इस अप्रत्याशित आघात के कारण तीर की नोक से उनकी उंगली कट गई। रक्त बहने लगा और राजा व्याकुल हो उठे। राजा की उंगली से खून बहता देखकर मंत्री बोले- 'राजन्! भगवान जो करता है, अच्छे के लिए करता है।" राजा काफी पीड़ा में थे। मंत्री की बात सुनकर क्रोध से भर उठे। उन्होंने मंत्री को आज्ञा दी कि वो उसी समय उनका साथ छोड़ अन्य राह पकड़ लें। मंत्री ने आदेश को सहर्ष स्वीकार किया और भिन्न दिशा में निकल पड़े। इधर, राजा थोड़ा आगे बढ़े ही थे कि उन्हें जंगल में नरभक्षी कबीले के लोगों ने घेर लिया। वे उन्हें पकड़कर अपने सरदार के पास ले चले। राजा को बलि देने की तैयारी हो ही रही थी कि कबीले के पुजारी ने राजा की कटी उंगली देखकर कहा कि "इसका तो अंग भंग है, इसकी बलि स्वीकार नहीं हो सकती। राजा को जीवनदान मिला तो उन्हें तुरंत मंत्री की याद आई। सोचने लगे कि मंत्री ठीक कहते थे - भगवान जो करता है, अच्छे के लिए ही करता है। मुझे उनका साथ नहीं छोड़ना चाहिए था। ऐसा सोचते वे आगे बढ़ रहे थे कि उन्हें मंत्री नदी किनारे भजन करते दिखाई पड़े। राजा ने प्रेमपूर्वक मंत्री को गले लगाया और उन्हें सारा घटनाक्रम कह सुनाया। इसके बाद राजा ने उनसे प्रश्न किया- मेरी उंगली कटी, इसमें भगवान ने मेरा भला किया, पर तुम्हें मैंने अपमानित करके भगाया, इससे भला तुम्हारा क्या भला हुआ?

## अंतर्मन




## आज की पाती

### रात में सुरक्षा व्यवस्था


राजधानी में रात की सुरक्षा व्यवस्था भगवान भरोसे रहती है। रात 12 बजे के बाद सड़कों पर पुलिस नदारद रहती है। ऐसे में अपराधिक तत्वों के हौसले बुलंद हो जाते हैं। रात में अचानक कोई काम से निकल जाए, जो वह भयभीत रहता है। पहले चौक-चौराहों पर पुलिस नजर आ जाती थी। अब न पुलिस दिखते हैं और न ही पुलिस की गाड़ियां। राजधानी में जितनी तगड़ी सुरक्षा व्यवस्था होनी चाहिए, वह कहीं नजर नहीं आती। सुरक्षा अब वीआईपी तक ही सीमित रह गई है।

- विनय कुमार रायपुर

## करंट अफेयर

# व्हाइट हाउस में गूंजा सारे जहां से अच्छा हिन्दोस्तां हमारा


व्हाइट हाउस के मरीन बैंड ने सोमवार को कई एशियाई अमेरिकियों के समक्ष 'सारे जहां से अच्छा हिन्दोस्तां हमारा' गीत की धुन बजाई। एशियाई अमेरिकी व्हाइट हाउस में 'एशियन अमेरिकन, नेटिव हवाई एंड पेसिफिक आइलेंडर' (एएएनएचपीआई) 'विरासत माह' का जश्न मनाने के लिए एक स्वागत समारोह में राष्ट्रपति जो बाइडन और उपराष्ट्रपति कमला हैरिस के साथ इकट्ठा हुए थे। भारत के स्वतंत्रता संग्राम के दौरान मोहम्मद इकबाल द्वारा लिखे गए देशभक्ति गीत की धुन को भारतीय अमेरिकियों के अनुरोध पर मरीन बैंड ने दो बार बजाया। राष्ट्रपति की ओर से इस वार्षिक कार्यक्रम के लिए भारतीय अमेरिकियों को आमंत्रित किया गया था। भारतीय अमेरिकी समुदाय के नेता अजय जैन भुतोरिया ने समारोह के बाद एक साक्षात्कार में बताया, व्हाइट हाउस के एएएनएचपीआई विरासत माह के उपलक्ष्य में रोज गार्डन में आयोजित किया गया समारोह एकदम अद्भुत था। सबसे अच्छी बात यह रही कि जैसे ही मैं व्हाइट हाउस में गया संगीतकारों ने 'सारे जहां से अच्छा हिन्दोस्तां हमारा' गीत की धुन बजाकर मेरा स्वागत किया। एक साल से भी कम समय में यह दूसरी बार है जब व्हाइट हाउस में भारत का लोकप्रिय देशभक्ति गीत बजाया गया।



## ऑफ बीट

# कृत्रिम बुद्धिमत्ता (एआई) अब गाने बना सकता है

कृत्रिम बुद्धिमत्ता (एआई) पाठ और छवि निर्माण उपकरण कुछ समय से हमारे आसपास मौजूद हैं, लेकिन हाल के सप्ताहों में एआई-जनित संगीत बनाने वाले ऐप भी उपभोक्ताओं तक पहुंच गए हैं। अन्य जेनरेटिव एआई टूल की तरह, दो उत्पाद - सुनो और यूडियो उपयोगकर्ता के संकेत को आउटपुट में बदलकर काम करते हैं। उदाहरण के लिए, 'सुनो' पर मेरे कुत्ते द्वारा मेरा होमवर्क चबा डालने के बारे में एक 'रॉक पंक गीत' के लिए संकेत देने से एक ऑडियो फ़ाइल तैयार होगी जो वाद्ययंत्रों और स्वरों को जोड़ती है। आउटपुट को एमपी3 फ़ाइल के रूप में डाउनलोड किया जा सकता है। अंतर्निहित एआई संगीत उत्पन्न करने के लिए अज्ञात डेटा सेट का उपयोग करता है। उपयोगकर्ताओं के पास गीत के लिए एआई को संकेत देने या अपने स्वयं के गीत लिखने का विकल्प होता है, हालांकि कुछ ऐप सलाह देते हैं कि एआई दोनों उत्पन्न करते समय सबसे अच्छा काम करता है। लेकिन ऐसा गीत संगीत रचने के बाद इन परिणामी ध्वनियों का मालिक कौन है? इन ऐप का उपयोग करने वाले किसी भी व्यक्ति के लिए, यह विचार करने योग्य एक महत्वपूर्ण प्रश्न है। और उत्तर सीधा नहीं है। सुनो का एक नि:शुल्क संस्करण और एक सशुल्क संस्करण है।



## ट्रेंड

### शांति की दिशा में काम करें



हम आज गाजा में मानवतावादी कार्यकर्ता और एक अन्य घायल की मृत्यु के बारे में जानकर बहुत दुखी हैं। इस युद्ध की कीमत बहुत से नागरिकों और मानवीय लोगों की जान को चुकानी पड़ी है। युद्धविराम करें और शांति की दिशा में काम करें।

-डॉ टेड्रोस, डब्ल्यूएचओ महानिदेशक

### वीरों को भुलाया नहीं जाएगा



जून 1944 में नॉर्मंडी के समुद्र तटों पर उतरने वाले सैनिक अंधेरे में डूबे महाद्वीप के लिए आशा की किरण थे। डी डे 80 से पहले स्मरण की मशाल जलाना सौभाग्य की बात थी। इन वीर दिग्गजों की सेवा को भुलाया नहीं जाएगा।

-ऋषि सुनक, ब्रिटिश पीएम

### सांसद को सड़क पर उतारुंगा



जितना आप लोगों ने अपने सांसद को 10 सालों में नहीं देखा उससे कहीं ज्यादा बार 10 दिन में उनके दर्शन करवाऊंगा। आपकी समस्याओं पर आंख मूंदकर आपसे दूर आलीशान बंगले में रहने वाले सांसद को मैं सड़कों पर आपके बीच उतार कर दिखाऊंगा।

-कन्हैया कुमार, कांग्रेस नेता

### भारत में स्टार्टअप की बूम



अमेरिका असाधारण स्टार्टअप बूम के दौर में है। स्टार्ट अप की बूम भारत समेत हर जगह है। ट्रैकर की आवश्यकता आरओआई और सतत विकास को बढ़ाने के लिए है।

-किरण मजूमदार शॉ, उद्योगपति

## अपने विचार

**हरिभूमि कार्यालय**

टिकरापारा, रायपुर में पत्र के माध्यम से या फैक्स : 0771-4242222, 23 पर या सीधे मेल से hbcgpati@gmail.com पर भेज सकते हैं।

# किंग में दिखेगा शाहरुख खान का धाकड़ अवतार



मुंबई। शाहरुख खान अपनी अपकमिंग फिल्म 'किंग' की तैयारी कर रहे हैं। ये फिल्म जल्द ही रिलीज होने वाली है। इससे पहले ही इसकी कथित तस्वीरें सोशल मीडिया पर छाईं हुई हैं। शाहरुख खान इन तस्वीरों में लंबी दाढ़ी के साथ खतरनाक नजर आ रहे हैं। इसके साथ ही बड़े बालों वाले शाहरुख खान ने काला चश्मा पहना हुआ है। इस लुक को देखकर फैन्स भी एक्शन की उम्मीद कर रहे हैं। शाहरुख खान ने इसस पहले पठान और जवान में भी दमदार एक्शन दिखाया था। अब 1 बार फिर से शाहरुख खान पर्दे पर दमदार मार-धाड़ के साथ पेश होने वाले हैं। हालांकि इन तस्वीरों की शाहरुख खान की तरफ से कोई पुष्टि नहीं की गई है।

## तवायफों पर आधारित फिल्में और सीरीज

# इन अभिनेत्रियों ने निभाया था वेश्या का किरदार

*मुंबई। बॉलीवुड में हर तरह की फिल्में बनती आई हैं, जिनमें तवायफों पर आधारित फिल्मों ने एक खास जगह लोगों के दिलों में बना रखी हैं। पाकीजा, उमराव जान, देवदास, गंगूबाई काठियावाड़ी और अब हीरामंडी भी तवायफों पर आधारित है। 1 मई को ओटीटी पर रिलीज हुई वेब सीरीज 'हीरामंडी द डॉयमंड बाजार' में मनीषा कोइराला, अदीति राव हैदरी, ऋचा चड्ढा, संजीदा शेख, शर्मीन सहगल और सोनाक्षी सिन्हा ने अहम भूमिका निभाई है। यह फिल्म पूरी तरह से तफायफों की जिंदगी पर आधारित है। इस फिल्म में मनीषा कोइराला ने मल्लिकाजान का किरदार निभाया है, जो सभी तफायफों की हैड होती हैं। इसके अलावा अदीति राव हैदरी ने मल्लिकाजान की बेटी बिब्बोजान का किरदार निभाया है। संजीदा शेख ने मल्लिकाजान की छोटी बहन फहीदा की भूमिका निभाई है। ऋचा ने लज्जो, शर्मिन सहगल ने आलमजेब का किरदार निभाया है। सोनाक्षी सिन्हा ने इस सीरीज में दो किरदार निभाए हैं। सोनाक्षी ने रेहाना आपा और फरदीन का किरदार निभाया है।*



### गंगूबाई काठियावाड़ी

भंसाली की फिल्म 'गंगूबाई काठियावाड़ी' तवायफों पर आधारित है। इस फिल्म में आलिया ने गंगूबाई का की तवायफ का किरदार निभाया था। आलिया भट्ट अभिनीत 'गंगूबाई काठियावाड़ी' गंगा की सच्ची कहानी पर आधारित है, जो नादानी में एक फिल्म स्टार बनने के लिए घर से भागती है, लेकिन वेश्यावृत्ति में मजबूर हो जाती है। वह वेश्यालयों में श्रम अधिकारों की शुरुआत करती है, और वेश्याओं को सप्ताह में एक बार छुट्टी देने की वकालत करती है। गंगूबाई आगे चलकर उस वेश्यालय की मालकिन और माफिया रानी बन जाती है। यह फिल्म बॉक्स ऑफिस पर ब्लॉक बस्टर साबित हुई थी।



### उमराव जान

1981 में रिलीज हुई फिल्म 'उमराव जान' में रेखा ने एक तवायफ का किरदार निभाया था। इस फिल्म का निर्देशन मुजफ्फर अली ने किया था। इस फिल्म को मिर्जा हादी रुस्वा के लिखे गए उपन्यास उमराव जान अदा पर बनाया गया था। बॉलीवुड की दिग्गज अभिनेत्री रेखा ने इस फिल्म में लखनऊ की एक तवायफ उमराव जान का किरदार निभाया था। जिसका बचपन का नाम आमरीन था लेकिन एक घटना के बाद वह कोठेवाली बनने पर मजबूर हो जाती है।





### पाकीजा

फिल्म 'पाकीजा' में मीना कुमारी ने एक तवायफ की भूमिका निभाई थी। इस फिल्म में मीना कुमारी ने एक वैश्या साहिबजान का किरदार निभाया है।



### देवदास

संजय लीला भंसाली की फिल्म 'देवदास' में माधुरी दीक्षित तवायफ के किरदार में नजर आई थीं। शाहरुख खान और ऐश्वर्या राय और माधुरी दीक्षित की फिल्म देवदास अपनी रिलीज के इतने सालों बाद भी लोगों को पसंद है। देवदास और पारो के बीच की इस प्रेम कहानी में तवायफ चंद्रमुखी का प्यार देखने लायक था। फिल्म में माधुरी दीक्षित ने तवायफ का किरदार निभाया था।

# पहली बारिश एंजॉय करती दिखीं

एजेंसी ▶▶ मुंबई



बिग बॉस 17 फेम मन्नारा चोपड़ा शो के खत्म होने के बाद भी दर्शकों के बीच काफी चर्चा में रहती हैं। अभिनेत्री सोशल मीडिया पर काफी एक्टिव रहती हैं और अपने प्रशंसकों के साथ अपनी रील्स वीडियो भी साझा करती रहती हैं। अब हाल ही में, मन्नारा को आलोचनाओं का सामना करना पड़ा है। दरअसल, मन्नारा ने मुंबई की पहली बारिश का एक वीडियो अपने आधिकारिक इंस्टाग्राम हैंडल पर साझा किया, जिसके बाद लोगों ने उन्हें ट्रोल करना शुरू कर दिया है।

नेटीजंस ने उनके पोस्ट को वाहियात बताया और कहा कि जब वह वीडियो शूट करने में व्यस्त थीं तो तूफान के कारण लोगों की जान चली गई। एक यूजर ने कमेंट कर लिखा, 'जब शहर में लोग मर रहे हों तो नाचने का समय नहीं है,' जबकि दूसरे ने लिखा, 'इनको एहसास ही नहीं वह कितने के घर बिखर गए हैं'। एक और यूजर ने अफसोस जताया, 'लोग घायल हो रहे हैं और समस्याओं का सामना कर रहे हैं और यहां क्या हो रहा है...'।

बता दें कि मुंबई के घाटकोपर उपनगर में एक विशाल होर्डिंग गिरने से 14 लोगों की जान चली गई, जिसमें 80 से अधिक लोग फंस गए और उसके नीचे दसियों कारें और अन्य वाहन नष्ट हो गए। इस भीषण दुर्घटना में 40 से अधिक लोग घायल हो गए हैं।

# अक्षय-आलिया को लेकर बनाएंगे फिल्म

मुंबई। डायरेक्टर प्रियदर्शन क्लासिक कॉमेडी फिल्में बनाने के लिए जाने जाते हैं। उन्होंने दे दना दन, हंगामा, हलचल, गरम मसाला जैसी फिल्मों का डायरेक्शन किया है। अब ताजा खबरों की माने तो डायरेक्टर एक बार फिर अक्षय कुमार को लेकर एक जबरदस्त एंटरटेनर फिल्म बना रहा हैं। खास बात ये है कि इस फिल्म के लिए आलिया भट्ट, कियारा अडवानी और कीर्ति सुरेश जैसी एक्ट्रेसेज के नाम सामने आए हैं। इस फिल्म को लेकर अभी डायरेक्टर इन चारों एक्टर्स के नाम पर चर्चा कर रहे हैं। बातचीत जारी है लेकिन कुछ भी कन्फर्म नहीं। प्रियदर्शन अपनी आने वाली फिल्म के लिए अक्षय कुमार के साथ इंडस्ट्री की बड़ी हीरोइन को एक साथ लाने का सपना देख रहे हैं। इस लिस्ट में आलिया भट्ट, कियारा अडवानी और कीर्ति सुरेश का नाम शामिल हैं। अक्षय और आलिया को साथ देखना बड़ा सरप्राइज होगा। हालांकि, फिल्म को लेकर ज्यादा डेटल सामने नहीं आई है।



**आसमान छूना चाहते हैं 'बालवीर' फेम देव जोशी : नई दिल्ली।** टीवी की दुनिया का जाना पहचान चेहरा हैं देव जोशी। बच्चों के चहेते बालवीर यानी देव जोशी का चांद पर जाने का सपना भी अब जल्द ही पूरा होने जा रहा है। अब देव जोशी फिल्मों में नहीं, बल्कि असल में चांद की सैर करने वाले हैं। इसके लिए वह खास ट्रेनिंग भी लेने वाले हैं। बीते साल खद्दु देव जोशी ने इसकी जानकारी अपने सोशल मीडिया पर दी थी। देव जोशी को जापान के यासुका मीजावा ने डियर मून मिशन के लिए चुना गया है।










E-BOOK* TODAY AT WWW.MARUTISUZUKI.COM OR VISIT YOUR NEAREST MARUTI SUZUKI ARENA DEALERSHIP.

**VISHWABHARTI AUTOMOBILES**
RAIPUR: **MOWA:** 6262620000, 6262620012, 6262620047. **BASNA:** 6262620031. **ARANG:** 6262620007/14.

**HDN MOTORS**
RAIPUR: **TATIBANDH:** CALL: 7909800007, 7909800005. **BAGBAHRA :** 7909800034. **KURUD:** 7909800050. **SIMGA:** 7909800070.

**CHOUHAN AUTOMOBILES**
BHILAI: 7222910011, 22, 33. **KAWARDHA :**7222910044. **BEMETERA:** 7222910025. **BALOD:** 7222910012. **DALLIRAJHARA:** 7222910029

**SKY AUTOMOBILES**
RAIPUR: **MAHOBA BAZAR:** CALL: 9893307422,9584433191. **AVANTI VIHAR:** CALL: 9109900120, 9584433131. **DHAMTARI:** CALL: 9893307417. **BALODA BAZAR:** CALL: 9584433123, 9111107004. **SARAIPALI:** CALL: 9584433874. **KANKER:** 8889998604. **KASDOL:** 9584433135. **SARSIWA:** 9584433874. **TILDA:** 9584465301. **KHARORA:** 9584465301. **ABHANPUR:** 9584466869. JAGDALPUR: 9584433110, 9584465281. **KONDAGAON:** 7909903505.

**SPARSH AUTOMOBILES**
RAIPUR: **PACHPEDI NAKA:** CALL: 9926127774, 8435059922. **MAHASAMUND:** CALL: 8435019922. **RAJIM:** CALL: 9926104449. **BHATAPARA:** CALL: 9285505780. **GARIYABAND:** 9753225616. **PITHORA:** 9926602080. **CHARODA:** CALL: 6262043029. DURG: CALL: 6262043029. **DONGARGARH:** CALL: 9827643832. **RAJNANDGAON:** CALL: 9977039992. BHILAI: CALL: 9826440009, 9689214825. **KHAIRAGARH:** 8839811678.

*Terms and conditions apply. Creative Visualization. Black Glass on the vehicle is due to lighting effect. Features and accessories shown may not be part of standard fitment. Images used are for illustration purposes only. ^Not available in LXI, VXI MT.

## जैकेट के शेष

### ये है मामला.....
विभागों, अध्यक्ष राजस्व मंडल बिलासपुर, सभी संभागीय आयुक्त, सभी विभागाध्यक्ष, सभी जिलाध्यक्ष (कलेक्टर) सभी मुख्यकार्यपालन अधिकारी जिला पंचायत को आदेश जारी किया है। सरकार ने ये भी कहा है कि इस संबंध में छत्तीसगढ़ शासन समाज कल्याण विभाग द्वारा 18 शासकीय सेवकों के मूल विभाग तथा आयुक्त स्वास्थ्य सेवाएं को पत्र भेजा जाए।

### 2019 के बाद नियुक्त ....
दिव्यांग प्रमाणपत्रों की नियमानुसार मेडिकल बोर्डों से पुनः जांच कराई जाए। सभी विभाग, कार्यालयों में काम कर रहे शासकीय सेवक जिनके विरुद्ध गलत, फर्जी दिव्यांगता प्रमाणपत्र के आधार पर शासकीय सेवा प्राप्त किए जाने की शिकायत हुई है, के संबंध में नियमानुसार उनके दिव्यांगता प्रमाणपत्र की जांच व सत्यापन कराया जाए।

### काल भैरव से .....
नामांकन के चार प्रस्तावकों में से दो उपस्थित थे। नामांकन दाखिल करते समय प्रधानमंत्री मोदी के साथ, अयोध्या के राम मंदिर में भगवान राम लला के विग्रह की प्राणप्रतिष्ठा का मुहूर्त निकालने वाले पंडित गणेश्वर शास्त्री और पटेल जनसंघ के समय के पुराने कार्यकर्ता और पिछड़ा वर्ग के नेता बैजनाथ पटेल मौजूद थे। गणेश्वर शास्त्री द्रविड़, बैजनाथ पटेल, लालचंद कुशवाहा व दलित समाज के संजय सोनकर प्रधानमंत्री के नामांकन के चार प्रस्तावक हैं। भाजपा के जिला मीडिया सह प्रभारी अरविंद मिश्रा ने बताया कि प्रधानमंत्री मोदी ने नामांकन पत्र जिलाधिकारी को सौंपने के बाद खड़े होकर शपथ पत्र पढ़ा। मिश्रा के अनुसार, प्रधानमंत्री मर्यादा का पालन करते हुए जिलाधिकारी, जो वाराणसी चुनाव के चुनाव अधिकारी भी हैं, के सामने खड़े हुए और शपथ पत्र पढ़ा। सेंट्रल बार एसोसिएशन के अध्यक्ष मुरलीधर सिंह ने बताया कि प्रधानमंत्री मोदी ने चार सेट में अपना नामांकन पत्र दाखिल किया है।

### चलती बुलेट से .....
जा रही है। घटना के वक्त मौके पर मौजूद चश्मदीद ने बताया कि विक्रम बुलेट वाहन में सवार होकर रात करीब पौने दस बजे अपने घर की ओर जा रहे थे, तभी उनके घर से लगभग तीन सौ मीटर पहले एक मोड़ के पास पहले से घात लगाकर खड़े हमलावरों ने उन्हें चलती बुलेट से खींचकर जमीन में गिरा दिया। इस दौरान विक्रम ने इनका विरोध कर छोड़ने की बात कहीं फिर जब वे जमीन में गिर गए तो कुछ ही दूर पर खड़ा दूसरा हमलावर उनके पास आया और अपने पास रखे घातक हथियार से विक्रम के सिर और सीने पर एक के बाद एक दो फायर कर उनकी हत्या कर दी। इसके बाद दोनों हमलावर बाइक के पास दौड़कर भागे जहां पहले से दो लोग बाइक को स्टार्ट कर खड़े थे, जिसके बाद चारों एक ही बाइक में सवार होकर एडका मार्ग की ओर भाग गए। हत्या की घटना को अंजाम देने के लिए चारों हमलावर नकाब लगाकर आए हुए थे। कद और काठी के हिसाब से सभी 5:30 और पौने छह फीट के बताए जा रहे हैं। जींस और टीशर्ट पहनकर चेहरे को पूरी तरीका से हमलावरों ने ढाप रखा था।

**भाजपा के राज में सुरक्षित नहीं: पूर्व पीसीसी चीफ मोहन मरकाम** : पूर्व पीसीसी चीफ मोहन मरकाम ने भाजपा पर हमला बोलते हुए कहा कि भाजपा के पांच महीने के कार्यकाल में लोग सुरक्षित नहीं है। पूरे प्रदेश में गुंडाराज बढ़ गया है। बीजेपी असामाजिक तत्वों को बढ़ावा दे रही है। उन्होंने कहा कि पुलिस की सक्रियता होती तो इस प्रकार की घटना नहीं होती। इस दौरान पूर्व विधायक चंदन कश्यप ने भी पुलिस की सुरक्षा व्यवस्था पर सवालिया निशान खड़ा किया हैं।

### ट्रांसपोर्टर के ....
ट्रांसपोर्टर के ट्रकों को माल भरने के लिए छोटेडोंगर भेजा जा रहा था। परिवहन संघ के सचिव यानि विक्रम की सक्रियता से स्थानीय ट्रक मालिकों को लाभ हो रहा था और ट्रांसपोर्टर से जुड़े हुए ट्रक मालिकों को नुकसान हो रहा था। घटना के बाद इस बात पर भी चर्चा हो रही है कि कहीं यही विवाद तो मौत का कारण नहीं बना हैं।

### असमय बारिश से ....
हो गई। फसल के खराब होने से किसान ओमप्रकाश दुखी हो गया। वह बीते 15 दिनों से गुमसुम से रहता था।

### 30 नक्सलियों का .....
उर्फ मनकी पिता धोगे (32), प्लाटून नंबर 4 सदस्य 5 लाख की इनामी नक्सली रजिता वेट्टी उर्फ रामे पति मुद्दा (24), प्लाटून नम्बर 32 सदस्य 5 लाख के इनामी नक्सली देवे कोवासी पिता लच्छू (24), बटालियन नंबर 1 सदस्य 5 लाख के इनामी नक्सली सीनू पदम उर्फ चिन्ना पिता आयतू पदम (27), प्लाटून नम्बर 32 सदस्य 5 लाख के इनामी नक्सली आयता सोढ़ी पिता हिड़मा (22), डुमरीपालनार आरपीसी जनताना सरकार अध्यक्ष 1 लाख के इनामी नक्सली आयतु कारम पिता भीमा (50), पालनार आरपीसी जनताना सरकार अध्यक्ष 1 लाख के इनामी मुन्ना हेमला उर्फ चंदू उर्फ चन्दरु पिता सोमलु (35), केशकुतुल आरपीसी जनताना सरकार सदस्य डीएकेएमएस अध्यक्ष 1 लाख के इनामी नक्सली आयतु मिडियम उर्फ वर्गेश उर्फ आम्बा पिता सुक्कू मिडियम (38), डुमरीपालनार आरपीसी मिलिशिया प्लाटून कमांडर सन्नू कारम उर्फ डोरा पिता आयतु कारम (24), डुमरीपालनार आरपीसी मिलिशिया प्लाटून सदस्य बामन कारम पिता बुधराम (22), डुमरी पालनार आरपीसी जनताना सरकार सदस्य सुखराम कारम पिता सुकलु (36), पालनार आरपीसी जनताना सरकार सदस्य मनकू ताती पिता लछु ताती (35), पालनार आरपीसी जनताना सरकार सदस्य मुन्ना पोटाम उर्फ मुकेश पिता सन्नू (40), सावनार आरपीसी मिलिशिया सदस्य सन्तु हेमला पिता सन्नू हेमला (23), सावनार आरपीसी मिलिशिया सदस्य राहुल हेमला उर्फ छोटू पिता लछु (25), डुमरीपालनार आरपीसी मिलिशिया प्लाटून सदस्य सुखराम उर्फ सुरेश कारम पिता सुकलु कारम (30), डुमरी पालनार आरपीसी मिलिशिया प्लाटून सदस्य मोटू हेमला पिता सुक्कू हेमला (27), डुमरी पालनार आरपीसी मिलिशिया प्लाटून सदस्य मोटू कवासी पिता भीमा कोवासी (27), भूमकाल मिलिशिया सदस्य रमेश हेमला पिता दशरू हेमला (22), जीआरडी सदस्य लक्खू कोरसा पिता आयतु कोरसा (25), पीएलजीए सदस्य नंदू कुरसम पिता मंगलू कुरसम (21), पीएलजीए सदस्य सोमलु कडती उर्फ दिवाकर पिता मंगलू कडती (40), पालनार आरपीसी भूमकाल मिलिशिया सदस्य सोमलू ताती पिता लछु ताती (45), पीएलजीए सदस्य संतोष पदम पिता मद्दा पदम (19), गुड्डी हपका पिता पाण्डु हपका (26), मुनगा आरपीसी केएमएमएस सदस्य ज्योति लेकाम पति अर्जुन लेकाम (29), सीएनएम सदस्य सोनू कुड़ियम उर्फ गुट्टा पिता स्व.विज्जा (21), संगम सदस्य राजेश कोरसा उर्फ बामन कोरसा पिता मण्डो (28) व मिलिशिया प्लाटून कमाण्डर लखमू पल्लो उर्फ लखु पिता कईया पल्लो (30) ने बीजापुर पुलिस अधीक्षक व अन्य आला अफसरों के समक्ष आत्म समर्पण कर दिया है।


### नक्सलियों द्वारा बंदूक .....
मीडिया हैंडल एकस पर उन्होंने लिखा है कि - अत्यंत हर्ष का विषय है कि माओवादियों की विचारधारा से क्षुब्ध होकर और छत्तीसगढ़ शासन की आत्मसमर्पण एवं पुनर्वास नीति से प्रभावित होकर 30 माओवादियों ने पुलिस के समक्ष आत्मसमर्पण किया है। इनमें से कई ईनामी माओवादी भी रहे हैं। माओवाद के काले साये से रक्षा के लिए हमारी सरकार हरसंभव और हर स्तर पर लड़ाई लड़ रही है। इस माओवाद के कुचक्र में फंस चुकी बस्तर की आम आदिवासी जनता भी अब पुनः मुख्यधारा में आने का प्रयास कर रही है, जो स्वागतेय है। हमारी सरकार नक्सलवाद का दामन छोड़ मुख्यधारा में आने वाले इन आदिवासियों के पुनरुत्थान के लिए तत्पर है।

## एक्शन में दूरसंचार विभाग, 700 एसएमएस सामग्री टेम्पलेट बंद कर दिए गए

# साइबर फ्रॉड में 52 संस्थाएं ब्लैकलिस्टेड 1.86 लाख मोबाइल किए गए ब्लॉक

**हरिभूमि न्यूज ▶▶ नई दिल्ली**

साइबर क्राइम पर लगाम लगाने के लिए दूरसंचार विभाग ने कई कदम उठाए हैं। लोगों को शिकार बनाने के लिए एसएमएस भेजने में शामिल 52 प्रमुख संस्थाओं को ब्लैकलिस्ट कर दिया गया है। 700 एसएमएस सामग्री टेम्पलेट बंद कर दिए गए हैं। 348 मोबाइल हैंडसेट ब्लैकलिस्ट किए हैं। 10 हजार 834 संदिग्ध मोबाइल नंबरों को वेरिफिकेशन के लिए चिह्नित किया गया, जिसके बाद 8272 कनेक्शन काट दिए गए। साइबर अपराध और ठगी में शामिल होने के मामले में देश में 1.86 लाख मोबाइल हैंडसेट ब्लॉक किए गए हैं। एनसीआरपी (राष्ट्रीय साइबर अपराध रिपोर्टिंग पोर्टल) पर साइबर ठगी की बड़ी संख्या में शिकायतें दर्ज हो रही हैं। अक्सर ऐसे मामले सामने आ रहे हैं, जिसमें ठग खुद को पुलिस अधिकारी, सी बी आ ई, नारकोटिक्स विभाग, रिजर्व बैंक, ईडी और अन्य एजेंसियां से बताकर लोगों को शिकार बना रहे हैं। ये धोखेबाज आमतौर पर किसी पीड़ित को कॉल करते हैं और कहते हैं कि उसने कोई पार्सल भेजा या रिसीव किया है, जिसमें अवैध सामान, ड्रग्स, नकली पासपोर्ट या कोई प्रतिबंधित वस्तु है।



** **हैदराबाद।** विकाराबाद जिले के तंदूर में एक कुत्ते ने पांच महीने के मासूम को नोंच-नोंचकर मार डाला। बच्चे का नाम बाबूसाई बताया जा रहा है। घटना उस वक्त हुई, जब वह अपने घर में ही सो रहा था और उसके माता-पिता किसी काम से बाहर गए हुए थे।


**पूर्व तट रेलवे**

**निविदा आमंत्रण सूचना**

**1) निविदा सं. 30246026, दिनांक : 06.05.2024**

कार्य का नाम : वायरलेस नियंत्रक सुरक्षा गेटवे और वाई-फाई 6 एक्सेस प्वाइंट जो अनुलग्नक के रूप में संलग्न विनिर्देश के अनुसार - A और B और AP (इंस्टालेशन की तिथि से लाइसेंस की वैधता 5 वर्ष) या समान की आपूर्ति, स्थापना, परीक्षण एवं कमीशनिंग।

मात्रा : 01 सेट।

निविदा खुलने की तिथि एवं समय : दिनांक 03.06.2024 को 1500 बजे।

**2) निविदा सं. 30246028, दिनांक : 06.05.2024**

कार्य का नाम : आरडीएसओ विनिर्देश संख्या. RDSO/SPN/TC/107/2018 संस्करण 2.0 के अनुसार ट्रांस रिसीवर वीएचएफ (VHF) डिजिटल रेडियो सेट 25 WATT की आपूर्ति या बाद में सिन्थसाइज कॉन्फिगरेशन बैंड 146-174 MHz, चैनल स्पेसिंग 12.5 KHz एसएमपीएस आधारित बिजली आपूर्ति इकाई के साथ 12 वोल्ट आउटपुट करंट 15 AMPS, चार्जिंग फ्लोट और सहायक उपकरण के साथ बूस्ट और बेस / मोबाइल के लिए ऐड-ऑन (ADD-ON) : (1) 30 मीटर, RG-213 दोनों सिरों वाले कनेक्टर के साथ CO-AXIAL केबल। (2) मण्डल की आवश्यकता के अनुसार 6 DB गेन जीपी एंटीना वीएचएफ (VHF) डायमंड मेक मॉडल CP-22E के समान, प्रोग्राम किए जाने वाले स्कैनिंग फीचर्स। साथ में DTMF MIC, MIC हैंगर, DC केबल, माउंटिंग ब्रैकेट उपयोगकर्ता मैनुअल, बिजली आपूर्ति इकाई (12 वोल्ट / 15 एएमपी) Cum चार्जर (फ्लोट Cum बूस्ट)। मेक / ब्रांड - TALKPRO TM8500 या समान।

मात्रा : 99 संख्यक।

निविदा खुलने की तिथि एवं समय : दिनांक 03.06.2024 को 1500 बजे।

**3) निविदा सं. 30246035, दिनांक : 06.05.2024**

कार्य का नाम : तकनीकी विनिर्देश अनुलग्नक-A के अनुसार अल्ट्रा थर्मिक कटिंग उपकरण (पूर्ण सेट) - मेक/ ब्रांड : ब्रोको इंडएड्स INBR/A5/30X2IRR या समान।

वारंटी अवधी : डिलीवरी की तारीख के 30 महीने बाद।

मात्रा : 02 सेट।

निविदा खुलने की तिथि एवं समय : दिनांक 17.06.2024 को 1500 बजे।

द्रष्टव्य : सामग्री 60 दिन के भीतर आपूर्ति की जानी चाहिए (सभी निविदा हेतु)।

सभी का निरीक्षण TPI एजेंसी द्वारा किया जाता है (थर्ड पार्टी का निरीक्षण)।

संपूर्ण विस्तृत विवरण : www.ireps. gov.in में उपलब्ध होंगे।

वरिष्ठ मण्डल सामग्री प्रबंधक/ वाल्टियर

PR-111/P/24-25



**न्यायालय नायब तहसीलदार धरसींवा**
**मामले की श्रेणी: राजस्व**
संदर्भ:- जिला- रायपुर तहसील - धरसींवा
प.ह.न.- 00013 छपोरा ग्राम के नामांतरण पंजी में पंजीबद्ध प्रकरण क्रमांक-RD202324440718600014

**ईश्तहार**

तहसील धरसींवा के प.ह.न. 00013 के अंतर्गत ग्राम छपोरा के वर्तमान भूमिस्वामी खोरबाहरीन पिता/पति पि. सुखराम पता साटेकारी के द्वारा धारित भूमि खसरा क्रमांक 7(0.4860) में प्रस्तावित भूमिस्वामी/क्रेता रामवतार वर्मा पिता/पति स्व. रामबगस वर्मा पता-सा.देह,नेहरु वर्मा पिता/पति स्व. रामबगस वर्मा पता - सा. देह,रुखमणि वर्मा पिता/पति स्व. रामबगस वर्मा पता सा. देह, परमेश्वरी वर्मा पिता/पति स्व. रामबगस वर्मा पता-सा.देह,गोवर्धन वर्मा पिता/पति स्व. रामबगस वर्मा पता - सा. देह, कमला वर्मा पिता/पति-स्व.रामबगस वर्मा पता-सा. देह के नाम पर पंजीयन/ फ़ौती होने के उपरांत नामांतरण/अभिलेख दुरुस्ती/ खाता विभाजन के लिए प्रकरण अधोहस्ताक्षरकर्ता के न्यायालय में पंजी विचाराधीन है। इस प्रकरण की सुनवाई दिनांक 16/05/2024 को समय सुबह 11 बजे स्थान न्यायालय न्यायालय नायब तहसीलदार धरसींवा पर की जावेगी । उपरोक्त के संबंध में जिस किसी भी व्यक्ति/संस्था को कोई दावा आपत्ति हो तो इश्तहार प्रकाशन उपरांत प्रकरण की आगामी सुनवाई के पूर्व या सुनवाई के समय अपना दावा आपत्ति स्वयं /अधिवक्ता / आममुख्त्यार के माध्यम से पेश कर सकते है। प्रकरण के सुनवाई के लिए निर्धारित तिथि के उपरांत प्राप्त दावा आपत्ति पर कोई विचार नहीं किया जावेगा।

यह ईश्तहार मेरे हस्ताक्षर एवं पदमुद्रा से आज दिनांक 09/05/2024 को जारी किया जाता है।

**नायब तहसीलदार** : Aman Chaturvedi
(मुहर) तहसील - धरसींवा



**कार्यालय राजस्व निरीक्षक मण्डल आमदी, तहसील-धमतरी, जिला-धमतरी**

**सूचना पत्र**

प्रति,
1. मोतीराम साहू पि. सोनसाय नि. परेवाडीह
2. रामनाथ पि. लतखोर नि. परेवाडीह
3. प्रवीण कुमार पि. रामबगस साहू परेवाडीह
4. नीलकुमार पि. मेहत्तर नि. परेवाडीह
5. भूखनलाल पि. रामकिसुन नि. परेवाडीह
6. राजाराम पि. मेहत्तर नि. परेवाडीह
7. विदेशी पि. मेहत्तर नि. परेवाडीह
8. रामबगस पि. लतखोर नि. परेवाडीह
9. एमनकुमार पि. लतखोर नि. परेवाडीह

विषय :- सीमांकन की सूचना बाबत्।

आपको सूचित किया जाता है कि आवेदक मोतीराम साहू पिता सोनसाय ग्राम परेवाडीह द्वारा ग्राम उसलापुर प.ह.नं. 24 तहसील व जिला धमतरी स्थित भूमि ख.नं. 79/4 रकबा 0.32 हे. भूमि का सीमांकन हेतु प्रस्तुत आवेदन पर श्रीमान तहसीलदार धमतरी के ज्ञा.क्र. 112 आदेश दिनांक 09/05/24 के परिपालन में सीमांकन हेतु स्थल निरीक्षण/नाप दिनांक 17/05/24 दिन शुक्रवार को समय 10.00 बजे से मेरे द्वारा किया जाना है।

अतः आप सीमावर्ती भूमिस्वामी होने के कारण स्थल निरीक्षण/नाप के समय स्थल पर मय दस्तावेजों के साथ उपस्थित रहें। समय पश्चात आपत्ति स्वीकार्य नहीं की जावेगी।

जारी दिनांक : 10/05/24

**राजस्व निरीक्षक आमदी**


## पेज एक के शेष

### कोकीन, ड्रग्स की रायपुर...
संयुक्त टीम ने सबसे पहले धोतरे मैरिज गार्डन के एक कमरे में छापा मारा। यहां कमरे से महिला कुसुम हिंदुजा एवं चिराग शर्मा को पकड़ा गया। उनके कब्जे से छोटे जिप पॉलीथिन में कोकीन एवं इलेक्ट्रानिक तराजू बरामद किया। कड़ाई से पूछताछ पर दोनों ने अपने अन्य साथी आयुष अग्रवाल और महेश सिंग खडगा के बारे में जानकारी दी। इसके बाद पुलिस ने आयुष और महेश को सेमरॉक ग्रीन होटल से गिरफ्तार किया। दोनों वहां ठहरे हुए थे। खम्हारडीह पुलिस ने इस मामले में सभी आरोपियों के विरुद्ध धारा 295 भादवि के तहत अपराध पंजीबद्ध किया है।

**धोतरे मैरिज गार्डन और होटल के सीसीटीवी कैमरे खंगाले जा रहे** : गिरोह के पकड़ाए जाने के बाद पुलिस धोतरे मैरिज गार्डन और होटल सैमरॉक ग्रीन में लगे सीसीटीवी कैमरों को भी खंगाल रही है। पुलिस को संदेह है कि गिरोह के सदस्य इन दोनों जगहों पर भी ग्राहकों को ड्रग्स और कोकीन खरीदने के लिए बुलाया करते थे। इसके लिए इन दोनों जगहों पर आरोपियों से मिलने आने वालों की पहचान कर उनसे भी पूछताछ की जाएगी।

### महेश लाता था दिल्ली...
के बाद उसने ड्रग्स और कोकीन का कारोबार शुरू कर दिया। महेश ड्रग्स व कोकीन दिल्ली से लाता और इसे आयुष को देता था। इसके बाद आयुष अपने पैडलर कुसुम एवं चिराग के माध्यम से मांग के आधार पर लोगों को ड्रग्स व कोकीन उपलब्ध कराते थे।

### वेब सीरीज मनी हाईस्ट...
प्रोफेसर रखा था, वहीं कुसुम लुसिफर व चिराग ने बर्लिन नाम रखा था। सभी आरोपी एक-दूसरे को फोन पर इसी नाम से पुकारते थे।

### रिजल्ट निकलने के कुछ...
ही वह डिप्रेशन में थी। संभवतः इसी के चलते उसने रिजल्ट निकलने के कुछ ही देर बाद आत्महत्या कर ली। रिजल्ट का पता लगने के बाद निराशा में उसने चुनरी का फंदा बनाया और घर में पंखा से लटककर अपनी जान दे दी। गौरतलब है कि सोमवार को 12वीं बोर्ड का रिजल्ट घोषित हुआ था।

### हरिभूमि की खबर...
के डंसने से एक आदमी की मौत भी हो चुकी है। नाग-नागिन के जोड़े का सुरक्षित रेस्क्यू कर बंजारीडांड़ चिरमिरी के जंगल में छोड़ा गया है। जानकारी के अनुसार पखवाड़े भर से नाग-नागिन का जोड़ा क्षेत्र ही नहीं बल्कि दूर-दराज के लोगों के लिए आस्था का केन्द्र बना रहा। प्रतिदिन बड़ी संख्या में लोग नाग-नागिन का दर्शन करने, पूजा-अर्चना करने एवं दूध पिलाने के लिए पहुंच रहे थे। हरिभूमि ने 14 मई के अंक में इसकी खबर प्रमुखता से प्रकाशित की थी। इसी दिन वनमंडाधिकारी बैकुंठपुर प्रभाकर खलखो एवं प्रशासन के निर्देश पर वन विभाग की टीम तालाब में रह रहे नाग-नागिन के जोडे का रेस्क्यू करने के लिए पहुंची तो ग्रामीणों के विरोध के कारण रेस्क्यू टीम को बैरंग लौटना पड़ा। हालांकि बाद में तहसीलदार समेत अन्य अधिकारियों की मौजूदगी में नाग का सुरक्षित रेस्क्यू किया गया। रेस्क्यू के दौरान तहसीलदार बैकुंठपुर अमृता सिंह के साथ अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक मोनिका सिंह ठाकुर भी दल-बल के साथ पहुंची और ग्रामीणों के विरोध के बावजूद निगरानी में वन विभाग की रेस्क्यू टीम ने नाग नागिन के जोड़े का रेस्क्यू कर बंजारीडांड़ चिरमिरी के जंगल ले जाकर छोड़ दिए।

### पहुंची प्रशासन की...
बढ़ती जा रही थी, लेकिन 14 मई को वन विभाग की टीम नाग जोड़े की रेस्क्यू करने पहुंचे तो लोगों के विरोध के कारण लौटना पड़ा, लेकिन बाद में पुलिस प्रशासन के अधिकारियों के साथ फिर से रेस्क्यू करने वन विभाग की टीम पहुंची, इस दौरान भी ग्रामीणों के द्वारा रेस्क्यू न करने की बात कही जाती रही ,साथ ही ग्रामीण महिला-पुरूष रेस्क्यू के विरोध में रहे, इसके बावजूद प्रशासन की कड़ाई के सामने लोगों की एक नहीं चली और अंततः प्रशासन पुलिस के बीच वन विभाग की टीम ने नाग जोड़े का रेस्क्यू कर बंजारीडांड चिरमिरी के जंगल में छोड़े जाने की खबर है।

### श्रद्धालुओं को प्रसाद...
दिया गया था। लोगों का कहना था कि नाग देवता को तालाब से बाहर नहीं जाने देंगे, लेकिन प्रशासन की कड़ाई पर ग्रामीण कुछ भी नहीं कर पाए और नाग देवता का रेस्क्यू कर लिया गया।

### हवाई चोर ने...
संवाददाता सम्मेलन में पुलिस उपायुक्त ऊषा रंगनानी ने बताया कि कपूर को पहाड़गंज से गिरफ्तार किया गया। उसने वहां कथित तौर पर चुराए हुए आभूषण रखे थे। उन्होंने बताया कि आरोपी आभूषणों को 46 वर्षीय शरद जैन को बेचना चाहता था।

### तीन डाक्टरों के ....
दरअसल कोरबा जिले में हार्निया के आपरेशन के दौरान पांच साल के बच्चे की मौत हो गई थी। पुलिस ने डॉक्टर प्रभात पाणिग्रही, डॉक्टर ज्योति श्रीवास्तव और डॉक्टर प्रतीक धर शर्मा के खिलाफ मामला दर्ज कर लिया था।

पुलिस के मुताबिक डाक्टर पाणिग्रही ने जिला अस्पताल में ऑपरेशन की सुविधा नहीं होने की बात कहते हुए बालकोनगर के निजी आयुष्मान नर्सिंग होम भेज दिया था। निजी नर्सिंग होम में बच्चे के इलाज के दौरान ऑपरेशन थिएटर में डॉ. पाणिग्रही के साथ आयुष्मान नर्सिंग होम के डॉक्टर श्रीवास्तव और डॉ. शर्मा मौजूद थे। पुलिस के अनुसार बच्चे दिव्यांश को ऑपरेशन के लिए ले जाने के करीब आधे घंटे बाद डॉ. पाणिग्राही ने उन्हें बच्चे की तबीयत बिगड़ने की जानकारी दी।


हरिभूमि HEALTH CARE — छत्तीसगढ़ के मेडिकल विशेषज्ञ

सभी प्रकार के स्किन एवं बाल संबंधी समस्याओं का निदान, मुंहासे, झाई, झुर्रियों का इलाज, अनचाहे बालों हेतु लेजर ट्रीटमेंट — सिंघानिया स्किन केयर — Makeover Skin, Hair & Aesthetic Centre — 36, प्रथम तल, गुरुकुल कॉम्प्लेक्स कालीबाड़ी, रायपुर 0771-4053311 — मो. 94252-14479, 0771-4020411 — www.makeoverraipur.com

सत्यनारायण मेमोरियल हेल्थ केयर — डॉ. संजीव कुमार सिंह, एम.बी.बी.एस., डी.एन.बी. (इंटर्नल मेडीसीन) मो. 9669109366, 7992636477 — सोमवार से शनिवार- समय : शाम 5 बजे से रात 9 बजे तक, रविवार- सुबह 10 बजे से दोपहर 2 बजे तक — ग्राउण्ड फ्लोर ऑर्बिट कॉम्प्लेक्स, सुन्दर नगर, रायपुर - 492001 — मधुमेह ● हृदय से संबंधित रोग ● ब्लड प्रेशर से संबंधित ● थॉयराइड से संबंधित

कान, नाक, गला, एलर्जी एवं वर्टिगो (चक्कर) — डॉ. जाऊलकर ई.एन.टी. हॉस्पिटल (ISO 9001-2000 Certified) — सेन्ट्रल एवेन्यू, चौबे कालोनी, प्रगति कॉलेज, रायपुर (छ.ग.) — फोन: 0771-4044551 — समय: सुबह 9.30 से 4.30 तक

सुविधाएं: पी.एफ.टी., ब्रांकोस्कोपी, स्लीप स्टडी — डॉ. राठौर चेस्ट क्लिनिक — दमा, टी.बी., छाती एवं एलर्जी रोग विशेषज्ञ — गरवा कॉम्प्लेक्स, कचहरी चौक, जेल रोड, रायपुर मो. 7999450384, 7042974029

अग्रवाल हॉस्पिटल (मल्टीस्पेशियलिटी सेन्टर) — लेप्रोस्कोपिक सर्जरी में सभी प्रकार की सर्जरी — OPD समय : शाम 4 से 6 बजे

प्रभा मनोचिकित्सा क्लिनिक — मनोरोग, नशा उन्मूलन एवं यौन रोग विशेषज्ञ — मो. 9977247553 — नया पता : शॉप नं. 119, प्रथम तल, लालगंगा मिडास, फाफाडीह, रायपुर

अष्टविनायक हॉस्पिटल — बच्चों के सभी ऑपरेशन किये जाते हैं। — बच्चों के विशेषज्ञ सर्जन डॉ. रितेश रंजन (MCH, पीडियाट्रिक सर्जन) — आमा सिवनी, विधानसभा रोड, रायपुर (छ.ग.) — 7987225800, 9301744425

डायबिटिक क्लिनिक — Dr. Satyajeet Sahu Advance Dibetes & Thyroid care centre — Diabetic Clinic — 17, गुरुकुल कॉम्प्लेक्स, कालीबाड़ी रायपुर — Appointments No. 7724035770, 9329004557, 9303724304

मोतियाबिंद — आयुष्मान कार्ड सुविधा — SBH साईं बाबा नेत्र हॉस्पिटल — छोटी लाईन ब्रिज के पास, फाफाडीह, रायपुर — 9644099925

वात, स्पाइन एवं पाइल्स केयर — मेडिक्लेम सुविधा उपलब्ध — राज-राजेश्वरी आयुर्वेदिक वेलनेस सेंटर — मो. 9039050422

विज्ञापन हेतु संपर्क करें : 7987119756, 9303508133


## राशिफल

**मेष** — मन में नकारात्मकता के प्रभाव से बचें। नौकरी में अफसरों का सहयोग मिलेगा, परन्तु स्थान परिवर्तन की सम्भावना सम्भावना भी बन रही है।

**वृष** — कारोबार में कठिनाइयों का सामना करना पड़ सकता है। स्वास्थ्य का ध्यान रखें। आत्मविश्वास भरपूर रहेगा। धैर्यशीलता में कमी हो सकती है।

**मिथुन** — मन में शान्ति एवं प्रसन्नता रहेगी। नौकरी में कार्यक्षेत्र में कठिनाइयों का सामना करना पड़ सकता है। परिश्रम की अधिकता रहेगी। सेहत का ध्यान रखें।

**कर्क** — क्रोध एवं आवेश के अतिरेक से बचें। सन्तान की ओर से सुखद समाचार मिल सकते हैं। स्वास्थ्य का ध्यान रखें। भौतिक सुखों के विस्तार पर खर्च बढ़ सकते हैं।

**सिंह** — शासन-सत्ता का सहयोग मिलेगा। आत्मविश्वास में कमी रहेगी। परिवार के साथ किसी धार्मिक स्थान की यात्रा का कार्यक्रम बन सकता है।

**कन्या** — शैक्षिक कार्यों में मन लगेगा। बौद्धिक कार्यों से आय में वृद्धि होगी। परिवार में सुख-शान्ति रहेगी। वस्त्रों के प्रति रुझान बढ़ सकता है।

**तुला** — शैक्षिक कार्यों में कठिनाइयों का सामना करना पड़ सकता है। कारोबार में वृद्धि होगी। परिश्रम अधिक रहेगा। वस्त्रों पर खर्च बढ़ सकते हैं।

**वृश्चिक** — क्रोध के अतिरेक से बचें। मन में नकारात्मक विचारों का प्रभाव बढ़ेगा। नौकरी में कार्यक्षेत्र में परिवर्तन हो सकता है। परिश्रम अधिक रहेगा।

**धनु** — कला या संगीत के प्रति रुझान बढ़ सकता है। परिवार का साथ मिलेगा। स्वास्थ्य का ध्यान रखें। खर्चों की अधिकता रहेगी। कारोबारी यात्रा लाभप्रद रहेगी।

**मकर** — व्यर्थ के क्रोध एवं वाद-विवाद से बचें। जीवनसाथी के स्वास्थ्य का ध्यान रखें। रहन-सहन कष्टमय रहेगा। पारिवारिक जीवन सुखमय रहेगा।

**कुंभ** — नौकरी के लिए साक्षात्कारादि कार्यों में सफलता मिलेगी। शासन-सत्ता का सहयोग मिलेगा। यात्रा खर्च बढ़ सकते हैं। शैक्षिक कार्यों में सफलता मिलेगी।

**मीन** — शैक्षिक कार्यों में सुधार होगा। सम्पत्ति में निवेश कर सकते हैं। किसी मित्र का सहयोग मिल सकता है। किसी रुके हुए धन की प्राप्ति के योग बन रहे हैं।

## शब्द पहेली - 5511

**बाएँ से दाएँ**
1.उपासना करना-6
5.अलमस्त, उत्साही-4
8. हरे रंग का-2
9.चाह,इच्छा-3
10.अधिकार,आरोप-2
11.निर्दय, हिंसक-4
12.आंदोलन-2
14.सज्जन,सभ्य-4
15.स्मृति,अविस्मरण-2
17.रूखा, रसहीन-3
19.गुप्तचर-4
21.संकट मोचक,नाविक-5
24.चुगली करना-5
27.नेता पथ प्रदर्शक-4
29.प्रेम,चाहत-3
31.एक ग्रह-2
32.अनर्गल प्रलाप-4
33.नौकर,सेवक-2
35.उद्विग्न,आतुर-4
36.श्रवणेंद्रिय-2
38.दीपक,दिया-3
39.बोलने के लिये कहना-2
40.एक मुस्लिम महीना-4
41.सहायता करना-3,3

**ऊपर से नीचे**
1.सहिष्णुता,उदारता-6
2.थोड़ा,कम-2
3.कपड़ों के टुकड़े-4
4.असफल-5
5.राजी करना-3
6.वजन,वायदा-2
7.अनाथ,बेवारिस-4
11.वैधव्य-4
13.राजा की पत्नी-2
16.टूटना-4
18.धावक (अंग्रेजी-3)
19.खबरी,खबर देने वाला-4
20.हमारा पड़ोसी देश-2
22.घूमना-3
23.पराजय-2
25.खतरनाक, खौफनाक-4
26.पसंद नहीं होना, अस्वीकृत-4,2
28.अशोक कुमार, मीना कुमारी, प्रदीप कुमार की फिल्म-5
29.हमले का जवाब देना,प्रतिशोध-4
30.कभी-2
32.जब्त,प्राप्त होना-4
34.मास्टर ब्लास्टर-3
37.भीगा हुआ-2
39.टैक्स,हाथ-2

### शब्द पहेली- 5510 का हल

| | | | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| ■ | ब | ल | शा | ली | ■ | रु | ख | सा | र | ■ |
| अ | न | ■ | ली | ■ | प | त | न | ■ | जा | न |
| न | ■ | ज | मा | दा | र | ■ | न | म | ■ | फा |
| म | ग | रु | र | ■ | ■ | आ | ■ | द | र | स |
| ना | ■ | र | ■ | अ | ज | ग | र | ■ | वा | त |
| ■ | मि | त | वा | ■ | ही | ■ | स | प | ना | ■ |
| म | ल | ■ | दा | वा | न | ल | ■ | रा | ■ | फि |
| त | न | य | ■ | ल | ■ | ■ | ह | ज | र | त |
| ल | ■ | म | त | ■ | का | र्या | ल | य | ■ | र |
| बी | ज | ■ | म | का | न | ■ | च | ■ | सा | त |
| ■ | य | ल | गा | र | ■ | ब | ल | शा | ली | ■ |

## सूडोकु नवताल - 5522

★★★ मध्यम

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| | | 5 | | | 8 | | | |
| | 7 | | | 3 | 5 | | | |
| 3 | | | | | | 6 | | |
| | | | | | | | 8 | 5 |
| | 6 | | | | | | 1 | |
| 4 | 2 | | | | | | | |
| | | 1 | | | | | | 8 |
| | | | 7 | 4 | | | 3 | |
| | | | 2 | | | 7 | | |

MANGAL SENACHA, BANGALORE

- प्रत्येक पंक्ति में 1 से 9 तक के अंक भरे जाने आवश्यक हैं.
- प्रत्येक आड़ी और खड़ी पंक्ति में एवं 3×3 के वर्ग में किसी भी अंक की पुनरावृत्ति न हो इसका विशेष ध्यान रखें.
- पहले से मौजूद अंकों को आप हटा नहीं सकते.
- पहेली का केवल एक ही हल है.

### सूडोकु नवताल - 5521 का हल

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 5 | 7 | 4 | 1 | 3 | 9 | 6 | 2 | 8 |
| 2 | 8 | 9 | 6 | 5 | 7 | 1 | 4 | 3 |
| 3 | 6 | 1 | 2 | 8 | 4 | 5 | 7 | 9 |
| 9 | 3 | 7 | 8 | 1 | 6 | 4 | 5 | 2 |
| 6 | 5 | 8 | 4 | 9 | 2 | 3 | 1 | 7 |
| 1 | 4 | 2 | 5 | 7 | 3 | 8 | 9 | 6 |
| 7 | 9 | 6 | 3 | 4 | 1 | 2 | 8 | 5 |
| 4 | 2 | 5 | 9 | 6 | 8 | 7 | 3 | 1 |
| 8 | 1 | 3 | 7 | 2 | 5 | 9 | 6 | 4 |

गांव की कहानी
पुरनसिंह सिदार


# राजाओं की गाथा संजोए पिरदागढ़



राजा मोंगरा साय की सेना जगदलपुर से आकर पिरदा से लगे हुए गोड मररा ग्राम से युद्ध करते थे, किंतु पिरदागढ़ को जीत नहीं पाते थे। कारण यह था कि पिरदा से भंवरपुर गढ़ तक नीचे सुरंग था। पिरदा का राजा प्रायः सुरंग मार्ग से आना जाना करता था। मदन सिंह राजा का भांजा था, जो ग्रामीणों की मदद से राजा का भेद जानकर राजा को मार गिराया। इससे प्रसन्न होकर राजा मोंगरा साय ने अपने भांजा मदन सिंह को बारह गांव दान में दे दिया। इसके बाद राजा मोंगरा साय ने जगदलपुर से आकर तोषगांव को अपनी नई राजधानी बनाया। इस राजा के दो पुत्र हदराज साय और शोभ राज थे। तोषगांव राजधानी में युवराज ठाकुर हदराज साय का उन्होंने राजतिलक किया। पिरदागढ़ भी उस काल में एक प्रमुख गढ़ था।

कला जगत
राम कुमार वर्मा

# प्रतिभाशाली कलाकार में चिंतादास बंजारे



खैरागढ़ अंचल के गांव खुर्सीपार में रहिके चिंतादास बंजारे आंचलिक लोक कला ला बगराए मा अपन जीवन ला समर्पित कर दिन। आप मन लोरिक चंदा, राजा बेल बिक्रमा, राजा जतिया लाल, दसमत ओड़निन के गाथा ला बगराएव। आप सदानंद बांधे जी ला अपन गुरु मानेव। एकर संग आकाशवाणी के माध्यम ले घलव प्रस्तुति दे हाव। छत्तीसगढ़ के अलावा दुसर राज्य में घलव आपके प्रस्तुति होय हे। आप मन ला मिथिलेश साहू, दीपक चंद्राकर, ममता चंद्राकर, मदन निषाद जईसे कलाकार मन के सानिध्य मिलिस। आप मन नवा कलाकार मन ला आगू लाय में कोनो कमी नी करेव। आप ला मंच के माध्यम ले बहुत प्रसिद्धि मिलिस। पांच दशक तक अपन क्षेत्र में सक्रिय रूप ले कला ला बगराए में कोनो कमी नी करेव। पूरा साज तक आपके प्रस्तुति दर्शक मन के बीच में बने जगा बनाइस।



## पुस्तक समीक्षा

# छत्तीसगढ़ का राजनीतिक इतिहास



कृति के नाव
छत्तीसगढ़ का राजनीतिक इतिहास
लेखक
डॉ अरविन्द शर्मा
प्रकाशक
अरपा प्रकाशक , बिलासपुर
पुस्तक समीक्षा
डॉ पुष्पलता मिश्रा
मूल्य
दो सौ रुपए

छत्तीसगढ़ अंचल में राजनीतिक इतिहास का रोचक पहलू रहा है, यह मूर्धन्य लेखकों के प्रकाशित पुस्तकों से हमें पता चलता है। इसी संदर्भ को लेकर छत्तीसगढ़ी का राजनीतिक इतिहास शीर्षक से लेखक ने नौ खंडों में यहां के विषय वस्तु को पुस्तक के रूप में प्रकाशित किया है। सभी खंड अपने आप में पूर्ण विस्तारित है। इतिहास के प्रति रुचि रखने वाले पाठको के लिए यह पठनीय पुस्तक है। इस तरह की जानकारी रखने वाले पाठको के लिए यह पुस्तक महत्वपूर्ण और संग्रहणीय है।



खड़िया जनजाति के लोग छत्तीसगढ़ में रायगढ़, फरसाबहार, जशपुर और महासमुन्द जिले में निवास करते हैं। इस जाति के लोग घने जंगलों एवं नदियों की घाटी के समतल भूभाग में रहना पसंद करते हैं, जीविकोपार्जन के लिए कोदो, खेड़ी, उड़द, मड़िया, व धान की फसल बोते हैं, इसके साथ ही जंगली कन्द-मूल, फल-फूल, लासा संग्रहण करते हैं। यह जनजातियां मिट्टी खोदाई की कला में दक्ष होने के साथ ही, शिकार करने तथा बिल के अंदर रहने वाले प्राणियों का शिकार करने में माहिर होते हैं, इसलिए इन्हें मटकोडवा नाम से भी जाना जाता है।

# प्रकृति से जुड़े कार्यों को महत्व देते हैं खड़िया जाति

छत्तीसगढ़ में जनगणना के अनुसार खड़िया जनजातियों की संख्या लगभग पचास हजार के आसपास है। रायगढ़, फरसाबहार, जशपुर के बाद महासमुन्द जिले में इनकी आबादी अधिक है। बागबाहरा के जंगल क्षेत्र व बसना विकास खण्ड में भी इनकी बसाहट है। खड़िया जाति के लोग घने जंगलों एवं नदियों की घाटी के समतल भूभाग में रहना पसंद करते हैं, जीविकोपार्जन के लिए कोदो, खेड़ी, उड़द, मड़िया, व धान की फसल बोते हैं, इसके साथ ही जंगली कन्द-मूल, फल-फूल, लासा संग्रहण करते हैं। किंतु अब आधुनिकता के चलते इनकी खेती बाड़ी करने के तरीके भी बदल रहे हैं। इनके जीवन में मिट्टी का बड़ा महत्व है। यह जनजातियां मिट्टी खोदाई की कला में दक्ष होने के साथ ही, शिकार करने तथा बिल के अंदर रहने वाले प्राणियों का शिकार करने में माहिर होते हैं, इसलिए इन्हें मटकोडवा नाम से भी जाना जाता है। इनके समुदाय में जल, जंगल और जमीन को देवता माना जाता है, पेड़ पौधे व वन्य प्राणियों की देव रूप में पूजा करते हैं। खड़िया जाति की जीवनशैली अन्य जनजातियों से भिन्न होती हैं। तीन प्रकार के खड़िया जातियों में पहला सबर खड़िया या पहाड़ी खड़िया जाति जंगल झाड़ी में घूमते फिरते अपना जीवन बसर करते हैं। दूसरा डेलकी या ढेलकी खड़िया जाति खेती किसानी कर जीवन निर्वाह करते है। तीसरे समूह को दूध खड़िया नाम से जाना जाता है।



जनजाति :विजय कुमार शर्मा

**धार्मिक मान्यताएं** खड़िया अपनी पहचान गोत्रों जैसे सामाट, साईरन, मुड़ु, हसड़ा, चरहट, बांगे, तोपनों, मोइली, बरलिहा से करते हैं। खड़िया जनजाति का जन जीवन सरल तथा प्रकृति से जुड़े होते हैं। सूर्य और चांद की पूजा करते हैं, सूर्य की शक्ति को पोनो मोसोर कहा जाता है, चांद को सूर्य की पत्नी बेडोडय के रूप में पूजा जाता है। यह जाति कर्म फल पर विश्वास नहीं करते अपितु पुर्नजन्म पर विश्वास करते हैं। मान्यता है कि दूसरे जन्म में भी उसी घर में जन्म लेकर अपने पूर्वजों का कर्ज अदा करेंगे। यह मानते हैं कि मनुष्य के अंदर दो शक्ति प्राण और छाया है। प्राण अर्थात जेल चइन एवं छाया अर्थात मनुष्य का प्राण जब तक शरीर में है तब तक जिंदा है। प्राण के रहते नाड़ी, सांस चलते रहता है प्राण के छूटते सब मिट्टी हो जाता है।

### तीज-त्योहार

खड़िया जनजाति का प्रमुख त्योहार सरहुल जिसे जंकोर भी कहा जाता है, दिमतड़ पूजा या गौशाला कोठा पूजा, बीड़ या धान बनी याने धान बोआई, बंधाई, पूजमन, माघे परब, माघ महीने में मनाया जाने वाला पर्व है, इसे झंडा पूजा भी कहते हैं, इस त्योहार को साल फूल गिरने से पहले मनाया जाता है। त्योहार में कृषि कार्य करने वाले कमिहा की सेवा और आने वाले वर्ष में और काम करने के न्योता के रूप में मनाया जाता है। अनुबंध के पश्चात कामगार के शरीर में तेल लगाकर महुआ रस व विविध भोजन भर पेट खिलाकर किसानी के औजार नागर, रापा, कुदारी, बसूला, बींधना झउहा, भेंट देकर किसानी का सांगा (जिम्मेदारी) दी जाती है। हर वर्ष चैत्र माह की तीज को चांद दर्शन के बाद पूर्णिमा तक अपने सहूलियत के हिसाब से मनाया जाता है। चार दिनों तक चलने वाले इस पर्व में कम से कम पांच साल के पेड़ में धरती माता का स्मरण करते हुए तीन दिन पूजा के पश्चात चौथे दिन सरहुल याने साल के फूल अर्पित कर रबी फसल की उपज से प्राप्त अन्न का प्रसाद चढ़ाया कर सामूहिक भोज करते हैं, जिन्हें नवा पानी या नवाखाई या जेओ डेमा कहा जाता है जो इनका बड़ा त्योहार होता है।



# केशकाल के आकर्षणों में बीस कूडो घुमर

बस्तर अपनी जनजातीय संस्कृति एवं प्राकृतिक सुन्दरता के लिए प्रसिद्ध है । बस्तर का प्रवेश द्वार केसकाल ही बस्तर की जनजातीय कला एवं संस्कृति, धरोहर के रूप में अनेक प्राचीन भग्नावशेष, कल-कल छल-छल करते झरने एवं जलप्रपात बस्तर की प्राकृतिक एवं पुरातात्विक वैभव का आभास करा देता है।



पर्यटनः घनश्याम सिंह नाग

छत्तीसगढ़ के केशकाल क्षेत्र में अनेक झरने व जलप्रपात हैं। यह स्थल दुर्गम पहाड़ी क्षेत्र में होने के कारण आम लोगों का इन स्थलों तक जाना संभव नहीं है। यहां तक पहुंचने के लिए सड़क मार्ग भी नहीं है। उबड़ खाबड़ रास्ते से बीस कुडो घुमर तक पहुंचा जाता है। यही कारण है कि यह झरना या जलप्रपात लोगों के लिए अज्ञात है। बरसात के दिनों में स्थानीय लोगों की भीड़ यहां देखी जाती है। केशकाल से विश्रामपुरी मार्ग पर ग्राम सिदावंड से नेलाझर मार्ग की ओर यह रमणीय स्थल है। यहां कुछ कुछ दूरी पर अनेक जलप्रपात देखे जा सकते हैं।

ऐतिहासिक
डॉ. रमेंद्रनाथ मिश्र

जनवरी 1906 को दुर्ग नया जिला बना। बिलासपुर, रायपुर,दुर्ग, ब्रिटिश खालसा क्षेत्र के अतिरिक्त यहां पर मध्य प्रांत एवं बरार की 15 में से 14 रियासतें तथा अनेक जमींदारियां छत्तीसगढ़ में सम्मिलित रहीं।

# प्राचीन नक्शों में छत्तीसगढ़

भारत के हृदय में स्थित मध्य प्रदेश का दक्षिण भू भाग ' छत्तीसगढ़ ' एतिहासिक एवं सांस्कृतिक दृष्टि से विश्व में विषम विदों के मध्य अपनी एक अलग पहचान रखता है। उत्तर दक्षिण एवं पूर्व पक्षिम के मध्य एक महत्वपूर्ण कड़ी के रूप में विद्यमान है। महानदी, इंद्रावती,शिवनाथ नदी, रेणुका नदी और हसदो घाटी में सदैव सर्वधर्म संभाव एवं मानवतावाद की भावना विद्यमान रही है। वर्तमान में जो छत्तीसगढ़ की परिसीमा रही है इसका निर्माण प्रायः 1 जनवरी 1906 के पूर्व काल में हो गया था। 1905 में संबलपुर को ओडिशा में मिला दिया गया और सरगुजा समूह की रियासतें बंगाल बिहार से छत्तीसगढ़ में शामिल की गई। जनवरी 1906 को दुर्ग नया जिला बना। बिलासपुर, रायपुर,दुर्ग, ब्रिटिश खालसा क्षेत्र के अतिरिक्त यहां पर मध्य प्रांत एवं बरार की 15 में से 14 रियासतें तथा अनेक जमींदारियां छत्तीसगढ़ में सम्मिलित रहीं। अंबिकापुर से जगदलपुर एवं रायगढ़ से डोंगरगढ़, भानुप्रतापपुर से जशपुर और भोरमदेव शिल्पी से देवभोग तक का क्षेत्र यहां की गरिमा में वृद्धि करता रहा। प्राचीन काल का दक्षिण कोसल, महाकोसल, महाकांतार, दंडकारण्य, पश्चिमी उत्कल, झारखंड, गोंडवाना, नागपुर राज्य का पूर्वी क्षेत्र, आंध्र का उत्तरी छोर आंशिक या पूर्णरूपेण इस अंचल के मानचित्र को स्पर्श करते हुए समाहित रहा।



# अंचल में मृत्तिका कला की बढ़ रही है मांग

कलाकृति
अर्चना पाठक



छत्तीसगढ़ अंचल में मृत्तिका कला की मांग लगातार बढ़ रही है। यह कला प्राचीन काल से चली आ रही है तथा इस शिल्प की मांग बनी रहती है। पोला में बैलों की सुन्दर जोड़ी और भांति भांति के कलात्मक बर्तनों के साथ साथ देव पूजा के लिए गौरा, गणेश, हलछठ में व्याघ्र, छोटे बछड़े की मूर्ति, लक्ष्मी पूजन में ग्वालिन, हाथियों और जन्माष्टमी में कृष्ण बलदेव की मूर्तियों का भी समाज में प्राचीन काल से महत्वपूर्ण स्थान रहा है। मृत्तिका मूर्तिकला के अतिरिक्त वाद्य यंत्रों का भी महत्वपूर्ण योगदान रहा है। प्राचीन काल में युद्ध के समय जनजातियों में संदेश भेजने के लिए नगाड़े या निसान का उपयोग किया जाता था। वर्तमान समय में नगाड़े, टिमकी और इस प्रकार के कई अवनय वाद्य यंत्रों के निर्माण में तथा इसके अतिरिक्त अन्य दैनिक उपयोग की वस्तुओं को भी मृत्तिका शिल्प से निर्मित किए जाते हैं। इस समय इस शिल्प को आधुनिक रूप में टेराकोटा के नाम से प्रचलन में लाया जा रहा है। इस शिल्प पर अब विभिन्न प्रकार के लेप और पॉलिश का उपयोग कर आकर्षक बनाया जा रहा है।



## खबर संक्षेप



### मैक्रोटेक डेवलपर्स भूखंड हासिल करने करेगी निवेश

**मुंबई।** रियल्टी कंपनी मैक्रोटेक डेवलपर्स लिमिटेड चालू वित्त वर्ष में जमीन के टुकड़ों के अधिग्रहण के लिए 3,500-4,000 करोड़ रुपये का निवेश करेगी। यह निवेश नए भूखंडों का अधिग्रहण करने और भूस्वामियों के साथ संयुक्त विकास समझौतों के जरिये किया जाएगा। मैक्रोटेक डेवलपर्स लोढ़ा ब्रांड के तहत अपनी संपत्तियों का विपणन करती है। मैक्रोटेक डेवलपर्स के सीईओ अभिषेक लोढ़ा ने विश्लेषकों के साथ वार्ता में कहा कि कंपनी नए कारोबार के विकास पर 3,500-4,000 करोड़ रुपये का निवेश करेगी।

### टीवीएस श्रीचक्र ने पहला 'यूरोग्रिप टायर्स' खुदरा स्टोर खोला

**चेन्नई।** टीवीएस यूरोग्रिप, यूरोग्रिप और टीवीएस टायर्स ब्रांड के तहत दोपहिया तथा तिपहिया टायर बनाने वाली कंपनी टीवीएस श्रीचक्र लिमिटेड ने शहर में अपना पहला 'यूरोग्रिप टायर्स' खुदरा स्टोर खोला है। कंपनी का मकसद अपनी उपस्थिति को मजबूत करना है। बयान के अनुसार, वेलाचेरी स्थित स्टोर 'यूरोग्रिप टायर्स' से कंपनी के टायर और ट्यूब की पूरी श्रृंखला की खुदरा बिक्री की जाएगी।

## लोकसभा चुनाव 2024 के नतीजों के बाद बाजार में तेजी आएगी

# गृह मंत्री शाह की भविष्यवाणी से दूसरे दिन भी झूमा शेयर बाजार, निफ्टी-सेंसेक्स बने रॉकेट

एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली

भारतीय शेयर बाजार में देश के चुनावी माहौल के बीच एक इस हफ्ते तेजी वापस लौटी है। आज यानी मंगलवार 14 मई को भी लगातार दूसरे दिन शेयर बाजार ने बढ़त के साथ कारोबार किया। इससे पहले सोमवार को शुरुआती कारोबार में बड़ी गिरावट के साथ खुला था, लेकिन करीब 11 बजे इसने रिकवरी शुरू कर दी थी।

इसी बीच, केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह का भारतीय शेयर बाजार को लेकर बड़ा बयान सामने आया। एक इंटरव्यू में उन्होंने कहा था कि 4 जून को लोकसभा चुनाव 2024 के नतीजों के बाद बाजार में तेजी आएगी। इसलिए 4 जून से पहले शेयर खरीद लें। शाह ने कहा कि बाजार की चाल को सीधे चुनाव से जोड़ना बुद्धिमानी नहीं है। शायद ये गिरावट कुछ अफवाहों की वजह से हुई। पहले भी बाज़ार में अधिक गिरावट आई है।

### शेयर बाजार पर अमित शाह की टिप्पणी

बता दें कि लोकसभा चुनाव नतीजों के बाद अमित शाह भारतीय शेयर बाजार के लिए को लेकर आशावादी हैं और गिरावट को लेकर ज्यादा चिंतित नहीं हैं। पिछले हफ्ते बाजार में गिरावट के बावजूद गृह मंत्री शाह ने कहा है कि शेयर बाजार में तेजी जारी रह सकती है, इसलिए जिन्हें शेयर खरीदना है, वे 4 जून से पहले शेयर खरीद लें। केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह ने एक साक्षात्कार में कहा- चुनाव परिणाम के बाद भारतीय शेयर बाजार में तेजी आएगी।



### मंगलवार को कैसी है बाजार की चाल

*मंगलवार को स्टॉक एक्सचेंज के प्रमुख बेंचमार्क इंडेक्स निफ्टी ने 50 करीब 125 अंकों के उछाल के साथ 22200 से ऊपर कारोबार किया। वहीं बीएसई सेंसेक्स 375 प्वाइंट की बढ़त के साथ 73150 के आसपास है। सोमवार को मार्केट के शुरुआती सेशन में निफ्टी 21821 तक टूट गया था, लेकिन बाद में इसमें करीब 300 अंकों की जबरदस्त रिकवरी देखने को मिली।*

### पिछले सप्ताह रही अस्थिरता की स्थिति

गौरतलब है कि पिछले हफ्ते अस्थिरता में बढ़ोतरी, सपाट क्यू4 रिजल्ट, लोकसभा चुनाव अनुमान और फाइल्स की ओर से लगातार सेलिंग समेत कई वजहों के चलते शेयर बाजार गिरावट पर चल रहा था। 13 मई को इंडिया वीआईएक्स भी बड़े उछाल के साथ अपने 52 हफ्ते के हाई 21.14 के स्तर पर पहुंच गया।

### स्थिर सरकार में बाजार का प्रदर्शन बेहतर

*अमित शाह ने कहा कि जब देश में स्थिर सरकार होती है तो बाजार शानदार प्रदर्शन करता है। मोदीजी तीसरी बार प्रधानमंत्री के रूप में वापस लौट रहे हैं। इसके अलावा उन्होंने भारतीय जनता पार्टी को लोकसभा चुनावों के तीन चरणों में 283 सीटों पर हुए मतदान में से 190 पर जीत दर्ज करने का अनुमान लगाया है।*

### 3 मई को ऑलटाइम हाई पर पहुंचा था निफ्टी

*बता दें कि फ्रंटलाइन इंडेक्स निफ्टी इसी महीने 3 मई अपने ऑलटाइम हाई लेवल 22794 पर पहुंचा था और तब से करीब 4% से अधिक नीचे आया। हालांकि, इंडेक्स अभी भी पिछले 6 महीने में 12% से अधिक और सालभर में लगभग 20% ऊपर है।*

### अदाणी की टोटल गैस और पावर कंपनियों के शेयर चढ़े

अदाणी समूह की कंपनियों के शेयर सुर्खियों में रहे और अदाणी एंटरप्राइजेज, अडाणी टोटल गैस और अदाणी पावर में पांच प्रतिशत से अधिक की बढ़ोतरी हुई। अरबपति कारोबारी गौतम अदाणी के नेतृत्व वाले समूह की प्रमुख कंपनी अडानी एंटरप्राइजेज का शेयर बीएसई पर 5.43 प्रतिशत की तेजी के साथ बंद हुआ। अदाणी टोटल गैस में 5.50 प्रतिशत, अदाणी पावर में 5.49 प्रतिशत, अदाणी ग्रीन एनर्जी में 4.34 प्रतिशत और एसीसी में 4.17 प्रतिशत की तेजी हुई।

## जल्द हटाया जा सकता है चावल के एक्सपोर्ट पर लगा बैन, सरकार कर रही तैयारी

एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली

केंद्र सरकार जल्द ही चावल के एक्सपोर्ट पर लगा बैन हटा सकती है। सरकार के पास पर्याप्त मात्रा में चावल का स्टॉक है और अच्छे मानसून की उम्मीद के बीच बुवाई के भी बढ़ने की पूरी संभावना है। इसके चलते अगले महीने तक सरकार चावल निर्यात पर से बैन हटाने की तैयारी कर रही है। सरकार ने चावल की कीमतें बढ़ने की आशंका के चलते पिछले साल एक्सपोर्ट पर बैन लगा दिया था।



### एफसीआई के भंडार से हो रही भारत राइस की बिक्री

फूड कॉर्पोरेशन ऑफ इंडिया के पास चावल का पर्याप्त भंडार है। नाफेड, एनसीसीएफ और केंद्रीय भंडार भी भारत राइस बेचने के लिए एफसीआई से खरीद कर रहे हैं। भारत राइस को 29 रुपये प्रति किलो के हिसाब से बेचा जा रहा है।

### मौसम विभाग ने अच्छी बारिश की उम्मीद जताई

*मौसम विभाग को 90 फीसदी उम्मीद है कि भारत में इस साल नॉर्मल से अधिक की रेंज में बारिश होगी। पिछले साल कम बारिश के चलते चावल की बुवाई प्रभावित हुई थी। इस साल मार्च में चावल की कीमतों में 12 फीसदी से ज्यादा का उछाल आया था। हालांकि, अगले कुछ महीनों में कीमतें घटने लगेंगी।*

## अप्रैल में कम रही ईवी दोपहिया की बिक्री, मार्च के मुकाबले आधे भी नहीं बिके

**नई दिल्ली।** अप्रैल के महीने में दोपहिया इलेक्ट्रिक वाहनों की बिक्री में करीब 50 प्रतिशत की गिरावट देखने को मिली है। दोपहिया इलेक्ट्रिक वाहनों की बिक्री में गिरावट की वजह सब्सिडी को लेकर एक अप्रैल से लागू हुए बदलाव को माना जा रहा है। बता दें कि 31 मार्च को फेम-II सब्सिडी सरकार की ओर से समाप्त कर दी गई थी। इसके तहत सरकार हर दोपहिया वाहन पर 10,000 रुपये प्रति यूनिट की सब्सिडी दे रही थी, लेकिन एक अप्रैल से सब्सिडी न मिलने के कारण बिक्री में गिरावट देखी गई है। पिछले महीने इलेक्ट्रिक दोपहिया स्कूटर्स की बिक्री केवल 64,000 यूनिट्स की ही हुई है। मार्केट लीडर ओला की ओर से केवल 33,000 से कुछ ज्यादा यूनिट्स बेचे गए हैं।


epaper : www.haribhoomi.com

# हरिभूमि CLASSIFIED

Email : response.haribhoomi@gmail.com

आवश्यकता आपकी सुविधा हमारी

Contact for advertisment booking :
Raipur- 79871-19756
6263818152

## Appointment आवश्यकता

### डाटा ऑपरेटर

**आवश्यकता है-** रोजगार समाचार हिंदी ऐप में फ्रेशर डाटा एंट्री ऑपरेटर की आवश्यकता है जिसे हिंदी एवं अंग्रेजी टाइपिंग का ज्ञान हो वेतन 7 से 10000 संपर्क 9907072232 आदर्श नगर कविता मेडिकल के बगल में दुर्ग (RO-978)

**आवश्यकता है-** सी एंड एफ में काम करने लिए कंप्यूटर ऑपरेटर (Male) की जिसे SAP Working & MS Office MS Excel में काम करने का अनुभव हो Working 10 AM to 8 PM Address: गोंदवारा (भनपुरी) रायपुर grpl@rediff.com (RO-982)

**Requirement-** 3 post- Computer Operator, Having thorough Knowledge with 10-15 year Experience of SAP Operation, 4 Post- Godown Incharge 8 year Experience & 5 Post- Driver for TATA-s and DI ( local & out side transport). Interested Candidate May Contact with Resume. Only Experience Candidates are Contact Mob.- 8700749996. (RO-440)

### अकाउंटेन्ट

**आवश्यकता है-** एक असिस्टेंट अकाउंटेंट की जो की Tally ERP एवं MS Office की जानकारी रखता हो। संपर्क करें जैन ट्रेडर्स आकृति विहार अमलीडीह रायपुर फोन नंबर 07714075490 मोबाइल 7469980000. (RO-977)

**आवश्यकता है-** ऑफिस में कार्य हेतु अकाउंटेंट की आवश्कता है अनुभवी को प्राथमिकता वेतन योग्यतानुसार संपर्क करे सी पी फैशन पंडरी रायपुर 9993079599. (RO-74)

छोटा विज्ञापन बड़ा लाभ

### मैकेनिक/सुपरवाइजर

**आवश्यकता है-** LPG गैस में ऑफिस फील्ड कार्य हेतु लड़के/ लड़कियों के लिए नॉन मेट्रिक/ ग्रेजुएशन पद सर्वेयर, मैकेनिक, सुपरवाइजर, फील्ड ऑफिसर, रिसेप्शनिस्ट आय 15000/- से 31000/- मिले वालेन्टीयर लाइन फाफाडीह रायपुर मोबाइल 8292102370, 7488902370.(RO-986)

### सेल्सगर्ल/सेल्समैन

**आवश्यकता है-** रायपुर में एसी साड़ी शोरूम के लिए सेल्समेन,सेल्सगर्ल, कम्प्यूटर ऑपरेटर की आवश्यकता है, वेतन योग्यतानुसार अनुभवी को प्राथमिकता, ड्यूटी टाइम 10:30 - 9:30 शीघ्र सम्पर्क करें बिरदीचंद मानकलाल जैन कंकालीपारा 9340477419, 9425216364 (RO-2740)

### आवश्यकता

**आवश्यकता है-** हेल्थ सेक्टर में करियर बनाएं , 8/10/12 वीं फेल लड़के / लड़कियां ना हो निराश मेडिहब्स होम हेल्थ केयर से जुड़ कर कमाएं 8000 से 25000 प्रतिमाह + रहना फ्री रजिस्ट्रेशन हेतु संपर्क करें ऑफिस रायपुर : 7772011223. (RO-3919)

### टेलर/सेल्समैन

**आवश्यकता है-** महालक्ष्मी क्लॉथ मार्केट, पंडरी स्थित मेंसवियर शो-रूम में काम करने हेतु 1- टेलर मास्टर ट्रायल कराने हेतु, 3 सेल्समैन एवं 4 हेल्पर की आवश्यकता है संपर्क:- 9039709007.(RO-7354)

### सुरक्षाकर्मी

**आवश्यकता है-** निःशुल्क भर्ती रसिलतरा रायपुर हेतु सुरक्षा कर्मी से डायरेक्टर तक। संपर्क करें:- ALERT SGS PRIVATE LIMITED 434 चतुर्थतल प्रोग्रेसिव पॉइंट लालपुर रायपुर मोबाइल नंबर:- 7746000016, 7747000016, 7747000019.(RO-2732)

विज्ञापन बुकिंग टाइम
सुबह 10:30 बजे से दोपहर 3:00 बजे तक

**आवश्यकता है-** औद्योगिक क्षेत्र, भिलाई, हथखोज में 15 सुरक्षा गार्ड अनुभवी हट्टे-कट्टे तुरंत चाहिए वेतन-12000/-भिलाई संपर्क करें:-93292-80863, 78980-03111, 0788-3556724.(Ro-469)

### सुपरवाइजर

**आवश्यकता है-** मेटल पार्क उरला में कार्य करने हेतु 22 से 30 वर्षीय स्मार्ट लोडिंग सुपरवाईजर की आवश्यकता है। वेतन 18 से 20 हजार, पूर्ण बायोडाटा सहित संपर्क करें: क्लासिक स्पार्कलर्स, जय गोपाल सोसायटी, बीएसएनएल आफिस, फाफाडीह चौक, रायपुर। (RO-441)

### ड्रायवर

**आवश्यकता है-** गार्ड+ ई-रिक्शा ड्राइवर चाहिए। 24 घंटे, रहने खाने की सुविधा। संपर्क करें- 9425206595. (RO-7352)

### दुकान कार्य

**आवश्यकता है-**रेडीमेड गारमेंट्स शॉप (पंडरी, RAIPUR) में बंडल खोलने/ पैक करने के लिए स्टाफ लड़का/ लड़की की आवश्यकता एवं सेल्समैन की आवश्यकता है. मोबाइल 7067048454.(RO-479)

**आवश्यकता है-** फटाका दुकान में काम करने हेतु 12वी पास लड़का एवं ड्राईवर की आवश्यकता है। सम्पर्क- तापड़िया फटाका, नेमी चंद गली, तेलघानी नाका चौक, रायपुर (RO-427)

### पैकिंग/लेबर कार्य

**आवश्यकता है-** चुस्की चाय में पैकिंग कार्य हेतु लेडिस/ लड़कियों की और लेबर कार्य हेतु पुरुष की जरूरत है। संपर्क करें एसबीआई एटीएम के सामने आकृति विहार अम्लीडीह रायपुर। मो. 7469980000, 07714075490. (RO-A)

### टेलीकॉलर

**आवश्यकता है-** टेलीकॉलिंग कार्य करने हेतु युवतियों एवं महिलाओं की आवश्यकता है। योग्यता 5वीं से स्नातक। संपर्क:- मो.- 9131259311, 9685734144. (Ro-471)

### सफाई कर्मी

**आवश्यकता है-** एक्वेरियम शॉप में साफ सफाई का काम करने के लिए लड़की या महिला की आवश्यकता है आकर्षक वेतन। संपर्क:- यूनिक एक्वेरियम शॉप न. B/32 सुपेला रेल्वे फाटक के पास दक्षिण गंगोत्री सुपेला भिलाई मो.- 90988-81595, 89828-69131.(Ro-473)

### ऑफिस कार्य

**आवश्यकता है-** आफिस कार्य दुर्ग स्थित अधिवक्ता कार्यालय में कार्य करने हेतु लड़की की आवश्यकता है। वेतन योग्यतानुसार कॉल/ मैसेज:- 7999847673 समय 11 से 5 तक। (Ro-472)

### अकाउंटेन्ट/मार्केटिंग

**आवश्यकता है-** ऑफिस अकाउंटेंट व सीमेंट मार्केटिंग हेतु अनुभवी स्टाफ की आवश्यकता है(दुर्ग,बालोद) सैलरी अनुभव व योग्यतानुसार सपंर्क करें। B.205 महालक्ष्मी मार्केट पुलगांव चौक दुर्ग मो.70006-29121, 91796-54789.(Ro-470)

### हेल्पर

**आवश्यकता है-** ढाबा में काम करने हेतु सप्लायर, हेल्पर, तन्दुर मास्टर, बर्तन धोने वाले की आवश्यकता है सम्पर्क करें- हाईकोर्ट के आगे रायपुर रोड, बिलासपुर 7000942962, 9098976666 (RO-34083)

### अन्य

**आवश्यकता है-** एयरपोर्ट (HEAD OFFICE) हेतु तुरंत आवश्यकता कम्पनी द्वारा (सीधी भर्ती) पक्की परमानेंट नौकरी (लड़के- लड़कियां) अनपढ़, 8वीं, 10वीं, 12वीं, ग्रेजुएट (वेतन 32500-81300/-) ग्राउंड स्टाफ, सुपरवाइजर, चेकर, हेल्पर, गार्ड, ड्राइवर (फ्री रहना + खाना + मेडिकल) रायपुर संपर्क:- 09205883119. (Ro-3723)

नोट - विज्ञापन प्रकाशन के पहले दिन ही करेक्शन मान्य होगा।

**आवश्यकता है-** एयरपोर्ट (HEAD OFFICE) हेतु सीधी भर्ती (पक्की परमानेंट नौकरी) अनपढ़ से ग्रेजुएट लड़के-लड़कियां तुरंत आवश्यकता (वेतन 28500 से 72900/-) सुपरवाइजर, ग्राउंड स्टाफ, ड्राइवर, चेकर, हेल्पर, गार्ड (रहना +खाना +मेडिकल फ्री) रायपुर संपर्क:- 07827124935. (RO-2705)

## Education शिक्षण

**प्रवेश प्रारंभ -** *फेल विद्यार्थी समय बचाए* :- पत्राचार, ओपन, प्राईवेट, द्वारा 10वी, 12वी निश्चित सफलता के साथ पास करें:- B.ED, B.A, B.COM, B.Sc, BCA, MCA, BBA, M.A, M.COM, M.SC, MBA, MSW, B.LIB, M.LIB, DCA, PGDCA, POLY-TECHNIC, B.Tech, (*अपनी अधूरी पढ़ाई एक साल में पूरी करें*) सभी कोर्सेस मान्यता प्राप्त युनिवर्सिटी द्वारा संपर्क:- *Bharti Education Academy* Sector-6 Bhilai Mo.- 9826196515, 9826896515 (RO-6334)

## Business व्यापार

**व्यापार-** अब शुरू करे स्वयं का बिजनेस बिना किसी रिस्क, कम पूंजी लगाकर घर बैठे स्वयं का उद्योग लगाएं, 30,000-50,000 प्रतिमाह कमाएं, आटोमेटिक मशीन द्वारा दोनापत्तल, डिस्पोजल बनायें, कच्चा माल देने तैयार माल लेने का एग्रीमेंट संपर्क:-APS इंटरप्राईजेस, रायपुर- 7477221345, 9977676447, बिलासपुर - 8359913999, 9589288936, रायगढ़- 7869755871.(Ro-2741)


## Property प्रापर्टी

### मकान

**मकान बेचना है-** महासमुंद में डबल स्टोरी मकान 2000 फीट एकता चौक के पास दुकान सहित 95 लाख में, एवं 2000 फीट कलेक्टरेट रोड के पास 85 लाख में बेचना है । 9907826124, 7974486019.(RO-07)

## Finance फायनेंस

**फाइनेंस-** मुद्रा योजना के अंतर्गत आधारकार्ड से मुद्रालोन, समस्त लोन, आसान किस्तों पर पाएं, 50,000 से 5 लाख तक, 2% ब्याज, 50% छूट, संपर्क करे:- 09599838780.(RO-2736)





### आवश्यक सूचना

पाठकों से अनुरोध है कि वे समाचार पत्र में प्रकाशित किसी भी विज्ञापन के संबंध में किसी भी प्रकार का कदम उठाने (पैसे भेजने, कोई भी खर्च उठाने, चिकित्सकीय सलाह, विवाह संबंधित) या किसी भी वादे-दावे पर अमल करने से पहले अच्छी तरह से जांच पड़ताल कर लें। पाठक पुर्ण जानकारी लेंवे व स्वविवेक से निर्णय लेकर ही लेन देन करें। किसी भी उत्पाद या सेवाओं के संबंध में किए किसी भी विज्ञापनदाता के किसी प्रकार के दावों की हरिभूमि (प्रेस प्रबंधक व कर्मचारी) की कोई जिम्मेदारी नहीं होगी। प्रकाशक, संपादक कर्मचारी और हरिभूमि के स्वामी किसी विज्ञापन के संबंध में उठाए किसी कदम के नतीजे और विज्ञापन दाताओं के अपने वायदों पर खरा न उतरने के लिए जिम्मेदार नहीं होंगे।


विज्ञापन प्रकाशन हेतु संपर्क करें
62638-18152

Healthcare

ईलाज की गारंटी पैसा ठीक होने के बाद



- गुप्त रोग नामर्दी, लिंग में छोटापन ।
- शीघ्र पतन पेशाब से धातु जाना ।
- लिंग में ढीलापन, शुक्राणु की कमी ।
- शुगर से आयी हुई सेक्स में कमी ।
- आयुर्वेदिक द्वारा खोई हुई शक्ति पुनः प्राप्त करें ।
- चर्मरोग व वात रोग का ईलाज किया जाता है।
- निःसंतान दम्पति आज ही मिले ।

आज ही संपर्क करें
श्रीकांत आयुर्वेदिक जड़ीबुटी भण्डार
दुर्ग में शॉप नं. 16, पारख कॉम्पलेक्स, पेट्रोल पम्प के सामने, ग्रीन चौक
रायपुर में स्टेशन रोड, सीमान होटल के सामने
9174440077
9009330088

गुप्त रोगी स्वयं मिले



शादी से घबराहट गुप्त रोग
- शीघ्र पतन से शारीरिक कमजोरी
- शारीरिक एवं मानसिक नपुंसकता
- लिंग में ढीलापन, छोटापन, पतलापन
- लिंग में टेढ़ापन
- वीर्य में शुक्राणु की कमी
- बढ़ती उम्र में सेक्स की कमी
- पेशाब में धातु जाना
- शुगर से सेक्स में आई हुई कमजोरी

मशीनों द्वारा जांच
अचूक दवाओं का सम्पूर्ण मिश्रण आपकी परेशानी का मात्र 1 दिन में सम्पूर्ण ईलाज
संपर्क डॉ. अहमद
जे.जे. हॉस्पिटल
सरकारी आई.टी.आई. पॉवर हाउस अंबेडकर चौक, टी मार्ट के सामने, बस स्टैण्ड, भिलाई
प्रतिदिन: सुबह 9 से शाम 7 बजे
रविवार 9 से 4 बजे तक
9098889899

छोटा लिंग निराश क्यों?
जोश जगा दे धूम मचा दे।



18 से 80 वर्ष तक लाभदायक
लिंग को 8-9 ईन्च लम्बा मोटा, कठोर बनाये। सैक्स टाइम 30 से 45 मिनट बढ़ाएं।
नसों की कमजोरी नामर्दी, धातु का पतलापन, शुगर, बी.पी. में भी जबरदस्त लाभदायक।
घर बैठे मंगवाये।
लाभ नही तो पैसे वापिस।
08116592844

# टी-20 विश्व कप में श्रीलंका ने बनाया है सर्वोच्च टीम स्कोर, तीसरे नंबर पर भारत

एजेंसी ▶▶| नई दिल्ली

टी-20 विश्व कप 2024 अमेरिका और वेस्टइंडीज में संयुक्त रूप से खेला जाना है। इस बार 20 टीमों के बीच ये प्रतियोगिता खेली जानी है। भारतीय क्रिकेट टीम ने 2007 में अपना इकलौता खिताब जीता था। इस बार रोहित शर्मा की कप्तानी में टीम अपनी चुनौती पेश करेगी। पिछले कुछ सालों में कई टीमों ने एक से बढ़कर एक स्कोर खड़े किए हैं। इस बीच टी-20 विश्व कप के सबसे बड़े टीम स्कोर पर एक नजर डालते हैं।

### श्रीलंका (260/6 बनाम केन्या, 2007)

टी-20 विश्व कप में सर्वोच्च टीम स्कोर बनाने का रिकॉर्ड श्रीलंका के नाम पर है। श्रीलंकाई टीम ने 2007 में उद्घाटन संस्करण में केन्या के खिलाफ 260/6 रन बनाए थे। उस मैच में सनथ जयसूर्या ने आतिशी अर्धशतक लगाया था और जेहान मुबारक ने सिर्फ 13 गेंदों में नाबाद 46* रन बनाए थे। मुकाबले में केन्या की टीम सिर्फ 88 रन पर सिमट गई थी। टूर्नामेंट के इतिहास में कोई अन्य टीम 250+ का स्कोर दर्ज नहीं कर पाई है।



### इंग्लैंड (230/8 बनाम दक्षिण अफ्रीका, 2016)

टी-20 विश्व कप मैच में 230 या उससे अधिक का स्कोर बनाने वाली इंग्लैंड एकमात्र अन्य टीम है। इंग्लैंड ने 2016 में वानखेड़े स्टेडियम में दक्षिण अफ्रीका के खिलाफ 230 रनों का पीछा किया था। यह टूर्नामेंट में हासिल किया गया सबसे सफल लक्ष्य है। उस मुकाबले में जो रूट ने 83 रनों की पारी खेली थी। बता दें कि प्रोटियाज टीम ने पहले बल्लेबाजी करते हुए 229/4 का स्कोर बनाया था। ये विश्व कप का तीसरा सर्वोच्च स्कोर है।



### भारत (218/4 बनाम इंग्लैंड, 2007)

भारत और इंग्लैंड के बीच 2007 के टी-20 विश्व कप मुकाबले में युवराज सिंह ने एक ओवर में 6 छक्के लगाए थे। युवराज ने इंग्लैंड के तेज गेंदबाज स्टुअर्ट ब्रॉड के ओवर में ये कारनामा कर दिखाया था। उस मुकाबले में युवराज ने सिर्फ 16 गेंदों पर 58 रन बनाए थे और भारत ने 20 ओवर में 218 रन बनाए थे। इंग्लैंड ने भी अच्छा प्रदर्शन किया लेकिन टीम 200/6 का स्कोर ही बना सकी थी।

## टी-20 विश्व कप में इन टीमों ने बनाए हैं सबसे कम स्कोर

टी-20 विश्व कप 2024 की शुरुआत 1 जून से अमेरिका और वेस्टइंडीज में संयुक्त रूप से होना है। आगामी संस्करण इसलिए भी दिलचस्प होने वाला है क्योंकि इसमें 20 टीमें हिस्सा लेंगी। इन सभी टीमों को कुल 4 ग्रुप्स में बांटा गया है। ऐसे में कुछ नई टीमों के पास विश्व क्रिकेट में अपनी छाप छोड़ने का मौका होगा। इस बीच टी-20 विश्व कप में सबसे कम टीम स्कोर के बारे में जानते हैं।

### नीदरलैंड (39 बनाम श्रीलंका, 2014)

नीदरलैंड क्रिकेट टीम के नाम पर टी-20 विश्व कप इतिहास में सबसे कम स्कोर बनाने का अनचाहा रिकॉर्ड दर्ज है। ये इकलौती ऐसी टीम है, जो 40 रन से कम पर सिमट गई है। 2014 के टी-20 विश्व कप में श्रीलंका के खिलाफ डच टीम महज 39 रन पर ढेर हो गई थी। चटगांव में खेले गए मैच में एंजेलो मैथ्यूज और अजंता मेंडिस ने 3-3 विकेट लिए थे। श्रीलंकाई टीम ने केवल 5 ओवर में लक्ष्य हासिल किया था।

### आईपीएल पाइंट टेबल

| टीम | मैच | जीते | हारे | अंक |
|---|---|---|---|---|
| कोलकाता | 13 | 9 | 3 | 19 |
| राजस्थान | 12 | 8 | 4 | 16 |
| चेन्नई | 13 | 7 | 6 | 14 |
| हैदराबाद | 12 | 7 | 5 | 14 |
| दिल्ली | 14 | 7 | 7 | 14 |
| बेंगलोर | 13 | 6 | 7 | 12 |
| लखनऊ | 13 | 6 | 7 | 12 |
| गुजरात | 13 | 5 | 7 | 11 |
| मुंबई | 13 | 4 | 9 | 8 |
| पंजाब | 12 | 4 | 8 | 8 |

ऑरेंज कैप



विराट कोहली
661 रन
बेंगलोर

पर्पल कैप



जसप्रीत बुमराह
20 विकेट
मुंबई

### बाउंड्री मीटर

1947 चौके

1125 छक्के

### खबर संक्षेप

#### मेइराबा थाईलैंड ओपन के मुख्य ड्रॉ में

**बैंकॉक।** भारत के मेइराबा मेसनाम ने मंगलवार को यहां थाईलैंड ओपन सुपर 500 बैडमिंटन टूर्नामेंट के पुरुष एकल के मुख्य ड्रॉ में जगह बनाई। प्रकाश पादुकोण बैडमिंटन अकादमी में ट्रेनिंग करने वाले मणिपुर के 21 साल के मेइराबा ने हमवतन शाश्वत दलाल को 15-21 21-14 21-16 से हराने के बाद मलेशिया के कोक जिंग होंग को 21-19 21-9 से हराकर मुख्य ड्रॉ में जगह बनाई। बुधवार को मुख्य ड्रॉ में उनकी भिड़ंत हमवतन भारतीय और पांचवें वरीय एचएस प्रणय से होगी।

## आईपीएल : इशांत ने झकझोरा एलएसजी के शीर्षक्रम को

# दिल्ली कैपिटल्स ने लखनऊ जायंट्स को 19 रन से हराते हुए दर्ज की अपनी 7वीं जीत

एजेंसी ▶▶| मुंबई

इंडियन प्रीमियर लीग 2024 के 64वें मैच में दिल्ली कैपिटल्स ने लखनऊ सुपर जायंट्स को 19 रन से हराते हुए अपनी 7वीं जीत दर्ज की है। अरुण जेटली स्टेडियम में हुए मैच में दिल्ली कैपिटल्स ने पहले बल्लेबाजी करते हुए 208/4 का स्कोर बनाया। जवाब में लखनऊ सुपर जायंट्स की टीम 189/9 का स्कोर ही बना सकी। इसके साथ ही एलएसजी की प्लेऑफ की उम्मीदों को भी झटका लगा है।

### ऐसा रहा रोचक मुकाबला

दिल्ली कैपिटल्स से अभिषेक पोरेल (58) और शाई होप (38) ने शीर्षक्रम में उपयोगी योगदान दिया। मध्यक्रम में ऋषभ पंत (33) ने पारी को मजबूती दी और अंत में ट्रिस्टन स्टब्स (57*) ने टीम को बड़े स्कोर तक पहुंचाया। जवाब में एलएसजी ने 44 के स्कोर तक 4 विकेट खो दिए। इस बीच राहुल, हूडा और स्टोइनिस दहाई का आंकड़ा भी नहीं छू सके। ऐसे में निकोलस पूरन (61) और अरशद खान (58*) ने संघर्ष किया, लेकिन जीत नहीं दिला सके।



### अरशद ने लगाया 25 गेंद में अपना पहला अर्धशतक

इसी प्रकार जब जायंट्स ने 101 के स्कोर पर अपना छठा विकेट खोया तब अरशद क्रीज पर आए। उन्होंने दबाव की घड़ी में अविश्वसनीय बल्लेबाजी करते हुए तेजी से रन बटोरे। बाएं हाथ के इस युवा ऑलराउंडर अरशद ने अपने आईपीएल करियर का पहला अर्धशतक 25 गेंदों पर पूरा किया। वह 33 गेंदों पर 58 रन बनाकर नाबाद रहे। उन्होंने आखिरी तक टीम का संघर्ष जारी रखा। इससे पहले गेंदबाजी में उन्होंने 1 विकेट लिया था।

**निकोलस पूरन ने संभाली एलएसजी की पारी :** लखनऊ सुपर जायंट्स ने जब 24 रन के स्कोर पर अपना तीसरा विकेट खोया था, तब पूरन क्रीज पर आए थे। एक छोर से एलएसजी के विकेटों के गिरने का क्रम जारी रहा तो दूसरे छोर से पूरन ने आक्रामक अंदाज में बल्लेबाजी की। इस कैरेबियाई बल्लेबाज ने सिर्फ 20 गेंदों में ही अपना अर्धशतक पूरा कर दिया।

### इशांत ने चटकाए 3 विकेट

इशांत शर्मा ने अपने पहले ही ओवर में विपक्षी कप्तान राहुल (5) का विकेट ले लिया। इसके बाद उन्होंने क्विंटन डिकॉक (12) और दीपक हूडा (0) के विकेट लेकर एलएसजी के शीर्षक्रम को झकझोर दिया। इशांत ने अपने शुरुआती 3 ओवर पॉवरप्ले के ही दौरान किए। उन्होंने अपने 4 ओवर में 8.50 की इकॉनमी रेट से 34 रन देते हुए ये विकेट लिए। वह अपनी टीम से सबसे सफल गेंदबाज रहे।

### अभिषेक ने लगाया अपना दूसरा अर्धशतक

पोरेल ने मैच में 33 गेंद का सामना करते हुए 58 रन बनाए। उनके बल्ले से 5 चौके और 4 छक्के निकले। उनकी स्ट्राइक रेट 175.76 की रही। उन्होंने दूसरे विकेट के लिए होप (38) के साथ सिर्फ 51 गेंद में 92 रन की साझेदारी निभाई। यह मौजूदा संस्करण में उनके बल्ले से निकलने वाली

### स्कोर बोर्ड

| दिल्ली कैपिटल्स. | रन | गेंद | 4 | 6 |
|---|---|---|---|---|
| जेक फ्रेजर का नवीन बो अरशद | 00 | 02 | 0 | 0 |
| अभिषेक पोरेल का पूरन बो नवीन | 58 | 33 | 5 | 4 |
| शाई होप का राहुल बो बिश्नोई | 38 | 27 | 3 | 2 |
| ऋषभ पंत का हुड्डा बो नवीन | 33 | 23 | 5 | 0 |
| ट्रिस्टन स्टब्स नाबाद | 57 | 25 | 3 | 4 |
| अक्षर पटेल नाबाद | 14 | 10 | 2 | 0 |

अतिरिक्त:08, कुल योग: 20 ओवर में 208/4 रन
गेंदबाजी: अरशद 3-0-45-1, मोहसिन4-0-29-0, युद्धवीर सिंह 2-0-28-0, नवीन उल हक 4-0-51-2, बिश्नोई 4-0-26-1, कृणाल 2-0-20-0, हुड्डा 1-0-9-0

| लखनऊ सुपरजायंट्स | रन | गेंद | 4 | 6 |
|---|---|---|---|---|
| क्विंटन डिकॉक का मुकेश बो इशांत | 12 | 08 | 2 | 0 |
| लोकेश राहुल का मुकेश बो इशांत | 05 | 03 | 1 | 0 |
| मार्कस स्टोइनिस स्टं. पंत बो अक्षर | 05 | 07 | 1 | 0 |
| दीपक हुड्डा पगबाधा इशांत | 00 | 02 | 0 | 0 |
| निकोल्स पूरन का अक्षर बो मुकेश | 61 | 27 | 6 | 4 |
| आयुष बडोनी का गुलबदीन बो स्ट्ब्स | 06 | 09 | 0 | 0 |
| कृणाल पंड्या स्टं. पंत बो कुलदीप | 18 | 18 | 2 | 0 |
| अरशद खान नाबाद | 58 | 33 | 3 | 5 |
| युद्धवीर सिंह का होप बो खलील | 14 | 07 | 1 | 1 |
| रवि बिश्नोई रन आउट | 02 | 02 | 0 | 0 |
| नवीन उल हक नाबाद | 02 | 04 | 0 | 0 |

अतिरिक्त: 06, कुल योग: 20 ओवर में 189/9 रन
गेंदबाजी: इशांत 4-0-34-3, खलील 2-0-22-1, अक्षर 1-0-20-1, मुकेश 4-0-33-1, कुलदीप 4-0-33-1, स्टब्स 1-0-4-1, नायब1-0-12-0, रासिख 3-0-30-0

### खास खबर

## टी-20 विश्व कप में सबसे ज्यादा रन बनाने वाले कप्तानों में धोनी टॉप पर



एजेंसी ▶▶| नई दिल्ली

टी-20 विश्व कप 2024 का आगाज 1 जून को होगा। टूर्नामेंट अमेरिका और वेस्टइंडीज की संयुक्त मेजबानी में खेला जाएगा। इस बार टी-20 विश्व कप में 20 टीमें हिस्सा ले रही हैं। जोस बटलर की कप्तानी में इंग्लैंड क्रिकेट टीम ने साल 2022 का टी-20 विश्व कप जीता था। वह एक बार फिर इंग्लैंड क्रिकेट टीम की कप्तानी करते हुए नजर आएंगे। आपको बता दें कि टी-20 विश्व कप में सबसे ज्यादा रन बनाने वाले कप्तानों में भारतीय टीम के कप्तान महेंद्र सिंह धोनी पहले नंबर पर हैं।

### एमएस धोनी 529 रन

भारतीय क्रिकेट टीम के पूर्व कप्तान महेंद्र सिंह धोनी ने कप्तान के तौर पर टी-20 विश्व कप में सबसे ज्यादा रन बनाए हैं। उन्होंने अपनी कप्तानी में भारतीय टीम को साल 2007 का विश्व कप भी दिलाया था। यह टी-20 विश्व कप का पहला संस्करण था। उसके बाद भारतीय टीम एक भी टी-20 विश्व कप नहीं जीत पाई है। कप्तान के तौर पर उनके बल्ले से 33 मैच में 529 रन निकले हैं। उनका सर्वश्रेष्ठ स्कोर 45 रन रहा है।

### केन विलियमसन : 517 रन

न्यूजीलैंड क्रिकेट टीम के कप्तान केन विलियमसन इस मामले में दूसरे स्थान पर हैं। विलियमसन ने टी-20 विश्व कप में कप्तान के तौर पर 500 से ज्यादा रन बनाए हैं। उनके बल्ले से कप्तान के तौर पर 17 टी-20 मुकाबलों में 34.46 की औसत से 517 रन निकले हैं। उन्होंने 2 अर्धशतक भी लगाए हैं। विलियमसन साल 2024 में भी न्यूजीलैंड की कप्तानी करते हुए नजर आएंगे।

### बाबर आजम : 427 रन

पाकिस्तान क्रिकेट टीम के कप्तान बाबर आजम ने टी-20 विश्व कप में 35.58 की औसत से 13 मुकाबलों में 427 रन बनाए हैं। वह साल 2021 और 2022 के टी-20 विश्व कप में पाकिस्तान टीम की कप्तानी कर चुके हैं। एक बार फिर वह साल 2024 के विश्व कप में पाकिस्तान के कप्तान बनाए गए हैं।

## बीसीसीआई का बड़ा फैसला अब दो फेज में खेला जाएगा रणजी ट्रॉफी का सीजन

एजेंसी ▶▶| नई दिल्ली

भारतीय क्रिकेट कंट्रोल बोर्ड ने घरेलू क्रिकेट में महत्वपूर्ण बदलाव किया हैं। दरअसल आने वाले रणजी ट्रॉफी सीजन को दो अलग-अलग फेजों में खेला जाएगा।

जानकारी के मुताबिक बीसीसीआई ने यह निर्णय खिलाड़ियों के वर्कलोड को कम करने के लिए लिया है। बीसीसीआई के सचिव जय शाह ने बताया कि "मैचों के बीच गैप को बढ़ाकर, खिलाड़ियों को पूरे सीजन में खेलने के लिए पर्याप्त समय मिलेगा और वे अपनी स्थिति को सुधार सकेंगे।

### इस तरह होंगे दो फेज में रणजी के मैच

नए नियम के अनुसार अब आने वाले रणजी ट्रॉफी के सीजन से हर टीम को अपने पहले पांच-पांच लीग मैच खेलने होंगे। पांच लीग मैच हो जाने के बाद, टीम को सैयद मुश्ताक अली ट्रॉफी और विजय हजारे ट्रॉफी खेलना होगी। इन दोनों ट्रॉफी के बाद टीम फिर से, रणजी ट्रॉफी में शेष लीग मैच और नॉकआउट मुकाबले खेलेगी।



### एक और बड़ा बदलाव किया गया

*दरअसल सीके नायडू (अंडर-23) ट्रॉफी में टॉस की प्रक्रिया अब समाप्त हो गई है। जानकारी के अनुसार अब मैच की शुरुआत से पहले ही, मेहमान टीम को चुनाव के लिए अधिकार दिया जाएगा कि वे पहले बैटिंग करना चाहेंगे या फिर फील्डिंग। इसके साथ ही, सीके नायडू ट्रॉफी में एक और महत्वपूर्ण बदलाव किया गया है, जिसमें नया प्वाइंट सिस्टम शामिल होगा। इसके अनुसार, जब पहली पारी खेली जाएगी, तो बल्लेबाजी और गेंदबाजी के अनुसार अंक प्रदान किए जाएंगे। साथ ही, पहली पारी में बढ़त या जीत हासिल करने पर भी अतिरिक्त अंक प्रदान किए जाएंगे ताकि बल्लेबाजी और गेंदबाजी के प्रदर्शन को प्रोत्साहित किया जा सके।*

### नए नियम को लेकर बोले जय शाह

दरअसल इस विषय पर बीसीसीआई के सचिव जय शाह ने एक बयान दिया है। जय शाह ने बताया कि "घरेलू क्रिकेट का सीजन दलीप ट्रॉफी टूर्नामेंट के साथ आरंभ होगा, जिसमें चार टीमें शामिल होंगी जिन्हें नेशनल सेलेक्टर्स द्वारा चुना जाएगा। इसके बाद, ईरानी कप टूर्नामेंट आयोजित किया जाएगा। दलीप ट्रॉफी और ईरानी कप के पश्चात, रणजी ट्रॉफी के पहले पांच लीग मैच खेले जाएंगे। सैयद मुश्ताक अली टी20 टूर्नामेंट और विजय हजारे ट्रॉफी के बाद, रणजी ट्रॉफी के शेष दो लीग मैच और नॉकआउट मुकाबले होंगे।"

### राजस्थान और पंजाब में आज दूसरी भिड़ंत




**मुंबई।** इंडियन प्रीमियर लीग 2024 के 65वें मैच में राजस्थान रॉयल्स का सामना पंजाब किंग्स से आज 15 मई को होगा। आरआर ने अपने 12 में से 8 मैच जीते हैं और 4 में हार झेली है। वहीं पंजाब किंग्स अब तक 12 मैच खेले हैं, जिसमें से सिर्फ 4 में जीत दर्ज की है और 8 में शिकस्त झेली है। इन दोनों टीमों का एक-दूसरे के खिलाफ प्रदर्शन बड़े ही रोमांचक रहे हैं। पंजाब किंग्स और राजस्थान रायल्स के बीच आईपीएल के इतिहास में अब तक 27 मुकाबले खेले गए हैं। इस दौरान पीबीकेएस को 11 मैच में जीत मिली है, जबकि आरआर ने 16 मुकाबले जीते हैं।

## आईपीएल के इतिहास में भुवनेश्वर-प्रवीण सबसे अधिक मेडन ओवर फेंकने वाले गेंदबाज

एजेंसी ▶▶| नई दिल्ली

मुंबई। इंडियन प्रीमियर लीग 2024 संस्करण अब अपने अंतिम पड़ाव की ओर बढ़ चुका है। अब सभी टीमों की नजर प्लेऑफ पर टिक गई है। संस्करण के शुरुआती चरण में जहां बल्लेबाजों का दबदबा रहा, वहीं दूसरे चरण में गेंदबाजों के प्रभाव से स्कोरिंग दर कम रही। टी-20 क्रिकेट में डॉट गेंद निकालना अपने आप में बड़ी बात समझी जाती है। वैसे तो आईपीएल के इतिहास में कई गेंदबाज ऐसे हैं जिन्होंने 10 या उससे अधिक मेडन ओवर फेंके हैं लेकिन इन सबमें सबसे टॉप पर भुवनेश्वर कुमार हैं।





### भुवनेश्वर कुमार (14 मेडन)

सनराइजर्स हैदराबाद के स्टार खिलाड़ी भुवनेश्वर कुमार ने आईपीएल में 14 मेडन ओवर फेंके हैं। उन्होंने 173 मैच खेलकर 7.51 की इकोनॉमी से 181 विकेट भी चटकाए हैं। तेज गेंदबाज दो बार पर्पल कैप पर भी कब्जा जमा चुके हैं। शुरुआती ओवर में उनके 27 आईपीएल विकेटों की संख्या किसी भी गेंदबाज के लिए संयुक्त रूप से सबसे अधिक है। वह इस मामले में बोल्ट के साथ शीर्ष स्थान पर बने हुए हैं।

### प्रवीण कुमार (14 मेडन)

गेंद को दोनों तरफ घुमाने वाले पूर्व भारतीय गेंदबाज प्रवीण कुमार भी इस सूची में शीर्ष पर हैं। प्रवीण ने अपने 119 मैचों के आईपीएल करियर में कुल 14 ओवर मेडन फेंके हैं। उन्होंने 7.72 की इकॉनमी से 90 विकेट भी चटकाए हैं। मध्यम गति के गेंदबाज ने हर तरह की पिच पर गेंदों को लहराकर कई दिग्गज बल्लेबाजों को परेशान कर रखा था। उन्होंने अपना आखिरी आईपीएल मुकाबला साल 2017 में खेला था।

## नजमुल हुसैन करेंगे बांग्लादेश की कप्तानी

एजेंसी ▶▶| ढाका

आगामी 1 जून से शुरू होने वाले टी-20 विश्व कप 2024 के लिए बांग्लादेश क्रिकेट टीम घोषित की गई है। नजमुल हुसैन शांतो को टीम का कप्तान बनाया गया है। शांतो के नेतृत्व वाली 15 सदस्यीय टीम में अनुभवी ऑलराउंडर महमूदुल्लाह को भी जगह मिली है उन्हें विश्व कप के पिछले संस्करण में नहीं चुना गया था। तेज गेंदबाज तस्कीन अहमद को टीम का उपकप्तान नियुक्त किया है। टी-20 विश्व कप 2024 के लिए बांग्लादेश की टीम को ग्रुप-डी में रखा गया है। बांग्लादेश अपने अभियान की शुरुआत 7 जून को श्रीलंका क्रिकेट टीम के खिलाफ मुकाबले से करेगी।



### ऐसी है बांग्लादेश की टीम

नजमुल हुसैन शांतो (कप्तान), तंजीम हसन तमीम, लिटन दास, शाकिब अल हसन, तौहीद हृदोय, महमुदुल्लाह, सौम्य सरकार, जाकिर अली, मेहदी हसन, तस्कीन अहमद, तनवीर इस्लाम, रिशाद हुसैन, मुस्तफिजुर रहमान, शोरफुल इस्लाम और तंजीद हसन साकिब।

### बांग्लादेश ने टीम में चुने हैं अनुभवी खिलाड़ी

बांग्लादेश की टीम में महमूदुल्लाह के अलावा शाकिब अल हसन, सौम्य सरकार, मुस्तफिजुर रहमान और लिटन दास जैसे अनुभवी खिलाड़ियों को चुना गया है। मुस्तफिजुर बांग्लादेश की तेज गेंदबाजी आक्रमण की अगुआई करेंगे। अनुभवी शाकिब के अलावा मेहदी हसन, तनवीर इस्लाम और रिशाद हुसैन के रूप में 3 विशेषज्ञ स्पिन गेंदबाजी विकल्पों पर भरोसा जताया है।

## द.अफ्रीका महिला क्रिकेट टीम 16 जून से भारत दौरे पर

*नई दिल्ली। दक्षिण अफ्रीका महिला क्रिकेट टीम 16 जून से नौ जुलाई तक भारत दौरा करके एक टेस्ट, तीन वनडे और तीन टी20 मैच खेलेगी। भारतीय क्रिकेट बोर्ड ने मंगलवार को कार्यक्रम की घोषणा की। वनडे मैच बेंगलुरू में और टेस्ट तथा टी20 मैच चेन्नई में खेले जायेंगे। श्रृंखला की शुरूआत एम चिन्नास्वामी स्टेडियम पर 13 जून को अभ्यास मैच के साथ होगा जिसमें दक्षिण अफ्रीका का सामना बोर्ड अध्यक्ष एकादश से होगा। वनडे मैच आईसीसी महिला चैम्पियनशिप 2022 . 2025 का हिस्सा हैं।*

SHRI RAWATPURA SARKAR UNIVERSITY
Established under CGPURC (Establishment and Operation) Act, 2005 (13 of 2005)
Address: NH-30, Near Shadani Darbar, New Dhamtari Road, Raipur (C.G.) 492016
Call : 8305945949, 9179888724
RECRUITMENT
Suitable Candidates may send their resume on hr@sruraipur.ac. in within 10 days from the date of this advertisement.

| S.No | Department / Subjects | Professor | Associate Professor | Assistant Professor |
|---|---|---|---|---|
| 1 | Commerce | 02 | 02 | 01 |
| 2 | Management | 01 | 03 | 02 |
| 3 | Hotel Management | 01 | 02 | 02 |
| 4 | B.Sc and M.Sc (Physics, Chemistry, Zoology, Botany, Bio-Tech, Microbiology, Nutrition, Bio-Chemistry) | 07 | 07 | 00 |
| 5 | Optometry | 02 | 03 | 03 |
| 6 | Medical Lab Technology | 02 | 03 | 03 |
| 7 | Pharmacy | 02 | 04 | 16 |
| 8 | Metallurgy | 01 | 01 | 02 |
| 9 | Urban and Town Planning | 00 | 01 | 03 |
| 10 | CivilEngg | 02 | 04 | 10 |
| 11 | Computer Science & Engg | 04 | 04 | 10 |
| 12 | EEE, ECE, ETC | 02 | 04 | 10 |
| 13 | Mining Engg. | 02 | 04 | 10 |
| 14 | Mechanical Engg. | 03 | 03 | 12 |
| 15 | B.Sc, BCA, MCA and M.Sc (CS) | 02 | 04 | 03 |
| 16 | LAW | 02 | 08 | 15 |
| 17 | English | 00 | 01 | 01 |
| 18 | Sociology | 01 | 01 | 00 |
| 19 | Political Science | 01 | 00 | 01 |
| 20 | Geography | 01 | 01 | 00 |
| 21 | Psychology | 01 | 01 | 01 |
| 22 | History | 01 | 01 | 00 |
| 23 | Economics | 01 | 01 | 00 |
| 24 | Fashion Design | 01 | 01 | 00 |
| 25 | Interior Design | 01 | 01 | 00 |
| 26 | Journalism and Mass Communication | 02 | 01 | 00 |
| 27 | Physical Education | 02 | 03 | 03 |
| 28 | Library Science | 02 | 03 | 03 |
| 29 | Social Work | 01 | 01 | 00 |
| 30 | Special Education (MR/ID) | 00 | 01 | 02 |
| 31 | Nursing (Specialization in Psychiatric and Gynecology, Medical Surgical, Pediatrics and Community Health Nursing as per INC norms-For SRI) | 01 | 02 | 06 |

- Candidates having Ph.D Degree or NET/SLET/SET shall be considered.
- While applying be confirmed about essential qualifications as per details from UGC, RCI, AICTE, BCI & PCI etc.
- Candidate(s) must mention their qualification with percentages and experiences very clearly, current and expected salary in resume with joining time.

Registrar

HMS साईटिका तेल
शिव सायटिका
सिरप, कैप्सूल व ऑयल उपलब्ध है
संचार बढ़ा कर अस्थियों को क्रियाशील बनाता है
सीला मलहम
अंदर की खुजली व बदबू के लिये, चिंगार पानी, शिला, छिली सफेद दाग, पुरानी खुजली एवं शरीर में जलन तथा मिटी खुजली में केवल तीन दिनों में असर देखें ....
HMS देखकर खरीदें
94060-21769




# टूनियन गांव में शवों का अंतिम संस्कार नहीं करते लोग!

**लंदन।** दुनिया में शवों के अंतिम संस्कार की कई प्रथाएं ऐसी हैं, जो बेहद अजीबोगरीब हैं। चौंकाती हैं और कई बार तो भयावह भी लगती हैं। लेकिन हर प्रथा या रिवाज के पीछे एक रहस्य छुपा होता है। एक वजह होती है। आज इंडोनेशिया की एक ऐसे ही प्रथा के बारे में बता रहे हैं। जहां लोग अपने प्रियजनों के शव को दफनाते नहीं हैं, और न ही अंतिम संस्कार करते हैं। इसके बजाय, शवों को सड़ने के लिए जंगल में छोड़ देते हैं। लेकिन इसके बाद जो करते हैं, वह बेहद अजीबोगरीब है।

इंडोनेशिया के बाली द्वीप पर टुनियन नाम का गांव है। यहां रहने वाले लोगों को बाली आगा, बलियागा या बाली मुला बाली के नाम से जाने जाते हैं। पहाड़ों के बीच एकांत में रहने वाले ये लोग ऑस्ट्रोनेशियन हैं और अपने कल्चर से कोई समझौता नहीं करते।



## खोपड़ी और अन्य हड्डियों को निकालकर ले आते हैं

रिपोर्ट के मुताबिक, एक बार जब शवों से मांस निकल जाता है, तो ये लोग खोपड़ी और अन्य हड्डियों को निकालकर ले आते हैं और मंच पर सजाकर रखते हैं। आप सोच रहे होंगे कि इन शवों से तो काफी बदबू आती होगी, लेकिन ऐसा बिल्कुल भी नहीं है। दरअसल, यहां एक पुराना बरगद का पेड़ है, जो अपनी मीठी सुगंध से शवों की दुर्गंध को छिपा लेता है। ट्रुनियन कब्रिस्तान में आने वाले बहुत सारे लोग इसके बारे में जानकर चकित रह जाते हैं।


## ताकि देवता नाराज न हो जाए

स्थानीय किंवदंती के अनुसार, बाली आगा लोग ज्वालामुखी को भड़काने से बचने के लिए अपने मृतकों के शवों के साथ ऐसा व्यवहार करते हैं। ज्वालामुखी को हिन्दू देवता ब्रम्हा माना जाता है। इन्हें प्रसन्न करने के लिए कब्रिस्तान में ग्यारह ताड़ और बांस के पिंजरों के अनुरूप ग्यारह पगोडा बनाया गया है। गांव में एक मंदिर भी है। जब शवों से कब्रिस्तान भर जाता है तो सबसे पुराने शवों को हटा दिया जाता है। और उसके अवशेषों को जमीन पर फैला दिया जाता है। यहां शवों को रखना केवल शुभ दिनों पर होता है। परिवार को अंतिम संस्कार के लिए पैसे जुटाने पड़ते हैं। इतना ही नहीं, कुछ लाशें कई दिनों या हफ्तों तक घर पर ही रखी रहती हैं, क्योंकि जगह नहीं होती। शवों को खराब होने से बचाने के लिए उन पर फॉर्मेल्डिहाइड लपेटा जाता है।

## लॉटरी में जीते 5 करोड़, पर नहीं हुआ यकीन, सपना समझकर सो गया

**लंदन।** लॉटरी जीतकर बहुत सारे लोग अमीर बनने का सपना देखते हैं, लेकिन ज्यादातर लोगों के लिए यह सिर्फ सपना ही रह जाता है। मगर 63 साल के रेमंड यंग की तो किस्मत ही बदल गई। उनका सपना सच हो गया। मगर वे अभी भी यकीन नहीं कर पा रहे हैं। रिटायरमेंट के बाद की जिंदगी जी रहे रेमंड यंग ने लॉटरी में 5 करोड़ जीते। उन्हें लगा कि शायद सपना देख रहे हैं। इसलिए सोने चले गए। जब आंख खुशी तो भी यकीन नहीं हुआ। मगर घंटों बाद जब भरोसा हो गया, तो खुशियों का ठिकाना नहीं रहा। एक रिपोर्ट के मुताबिक, ब्रिटेन के रहने वाले रेमंड यंग पहले एक पेट्रोल पंप पर काम करते थे। रिटायरमेंट के बाद वे लॉटरी में किस्मत आजमाया करते थे। रेमंड ने कहा, मैं कई वर्षों से ये खेल खेल रहा हूं, लेकिन कभी यकीन नहीं रहा कि इतना कुछ मिल जाएगा।

# इस शख्स ने आइंस्टीन का दिमाग किया था चोरी



**लंदन।** मानव विकास के इतिहास में सापेक्षतावाद का सिद्धांत एक बहुत बड़ी खोज थी। साल 1905 में अल्बर्ट आइंस्टीन द्वारा दिए गए सापेक्षतावाद के सिद्धांत ने वैज्ञानिकों की दुनिया में हलचल मचा दी थी। इस सिद्धांत ने हमें बताया कि समय और स्पेस दोनों परस्पर एक- दूसरे के साथ जुड़े हुए हैं और गुरुत्वाकर्षण के प्रभाव से समय और स्पेस का जो फैब्रिक है वह बेंड हो जाता है। इसकी वजह से समय धीमा हो जाता है। इस खोज से यह बात साबित हुई कि समय हर जगह एक समान नहीं है। इस एक खोज ने उस समय ब्रह्मांड को लेकर जो न्यूटोनियन समझ वैज्ञानिकों के बीच थी उस पर कई प्रश्नचिन्ह लगा दिए। आज के समय दुनिया के कई बड़ी वैज्ञानिक खोजें जैसे कि जीपीएस, न्यूक्लियर एनर्जी, ग्रैविटेशनल वेव एस्ट्रोनॉमी आदि सापेक्षतावाद के सिद्धांत पर ही आधारित हैं।

सोचिए जरा इस विशाल ब्रह्मांड में जहां हमारी पृथ्वी का अस्तित्व न के बराबर है। वहां पर एक शख्स द्वारा इस तरह की असाधारण खोज करना बहुत बड़ी बात थी। इन्हीं सब खोजों की वजह से आइंस्टीन प्रतिभा के पर्याय बन चुके थे। उनकी प्रतिभा और बुद्धि की चर्चा हर जगह हो रही थी। 18 अप्रैल, 1955 को प्रिंसटन, न्यू जर्सी में अल्बर्ट आइंस्टीन का निधन हुआ।

## इंटेलिजेंस से काफी प्रभावित था

आइंस्टीन की मृत्यु के बाद एक अचंभित करने वाली घटना होती है। थॉमस हार्वे नाम का एक पैथोलॉजिस्ट उनके मस्तिष्क को चुरा लेता है। थॉमस हार्वे आइंस्टीन के इंटेलिजेंस से काफी प्रभावित था। उनका मानना था कि आइंस्टीन की बुद्धि का अध्ययन करके उनकी इंटेलिजेंस के रहस्य को सुलझाया जा सकता है।



















# गलती से भी न डायल करें ये मोबाइल नंबर

**लंदन।** एक वक्त था जब लोग अपने मोबाइल नंबरों को काफी चुनकर सेलेक्ट करते थे। वो ऐसे नंबर चुनते थे, जिसमें उनकी मान्यताओं की छाप दिखे। कंपनियां अपने कर्मचारियों के लिए ऐसा नंबर चुना करती थीं, जो एक क्रम में हों। फोन नंबर तो सिर्फ अंक होते हैं, पर आपको जानकर हैरानी होगी कि इतिहास में कुछ ऐसे भी फोन नंबर हुए हैं, जो भूतिया या फिर श्रापित माने जाते हैं।



■ घंटी बजते ही लग जाएगा 'श्राप'! एक ने ली थी 3 लोगों की जान

**20202020 :** विकी हाऊ वेबसाइट के अनुसार 1970 के दशक में ब्रिटेन में एक फोन नंबर प्रचलित था। उस दौरान लोग फोन बूथ पर जाकर कॉल करते थे। कॉलिंग के लिए पैसे लगते थे पर ये नंबर मुफ्त में मिल जाता था। फोन एक महिला को लगता था, जो बोलती थी कि सूज़ी नाम की एक लड़की खतरे में है।

**10000000 :** 10 मिलयन वाले इस नंबर को लेकर काफी अफवाहें फैलती हैं। कहा जाता था कि इस नंबर पर कॉल करने पर आपको कहा जाता है कि 15 लोगों को खोजो जो इस नंबर पर कॉल करें, नहीं तो पहले वाले व्यक्ति के साथ बुरा होगा।

**9999999 :** कई रिपोर्ट्स में दावा किया जाता है कि ये नंबर थाइलैंड में श्रापित नंबर माना जाता है। 2002 में थाइलैंड की एक हॉरर मूवी में इस नंबर को डरावना नंबर माना जाता है।

रेड नंबर्स- साल 2004 में नाइजीरिया में ये अफवाह फैली कि कुछ नंबर फोन पर लाल रंग से नजर आएंगे। अफवाह फैली कि इस नंबर से सुनने की शक्ति खत्म हो जाती थी और व्यक्ति घायल हो जाता था।




हरिभूमि कम्यूनिकेशन्स प्राइवेट लिमिटेड के लिए मुद्रक एवं प्रकाशक अनिल कुमार द्वारा हरिभूमि पब्लिकेशन्स, टिकरापारा, धमतरी रोड, रायपुर (छत्तीसगढ़)-492001 से मुद्रित एवं हरिभूमि काम्पलेक्स, टिकरापारा, धमतरी रोड, रायपुर (छत्तीसगढ़)-492001 से प्रकाशित। प्रधान संपादक : डॉ. हिमांशु द्विवेदी, स्थानीय संपादक धनंजय वर्मा, संपादक (समन्वय) ब्रह्मवीर सिंह। RNI No. CHHHIN/2002/07457, फोन : 0771-4242222, e-mail:raipur@haribhoomi.com